* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

02 मार्च, 2023
फाल्गुन, शुक्ल पक्ष, दशमी
संवत 2079
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
गुरुवार, वर्ष 08, अंक 133

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही


ब्रिटिश विदेश मंत्री ने बीबीसी टैक्स का मुद्दा उठाया: जयशंकर बोले- भारत में काम करने वाली संस्था को कानून का पालन करना होगा





आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel

सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 53,500 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 69,000 रु./प्रति किलो |

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 02 मार्च, 2023
www.azadsipahi.in


## रामचरित मानस पर विवादित बोल के पीछे है गंदी सियासत

# बिहार के शिक्षा मंत्री के कंधे पर रख बंदूक चला रहा है महागठबंधन

**सूचना प्रौद्योगिकी क्रांति के इस युग में लोग कुछ ज्यादा ही संवेदनशील हो गये हैं। कोई नयी किताब आती है, तो उस पर बवाल, नयी फिल्म आती है तो उस पर बवाल हो जाता है। अगर बवाल करने को नया मुद्दा नहीं मिलता, तो पुराने मुर्दे उखाड़े जाने लगते हैं। इन दिनों देश में अंधविश्वास को सनातन धर्म से जोड़ कर क्रांति का बिगुल बजाया जा रहा है। अंधविश्वास को सनातन धर्म की आत्मा बतानेवाले बाबा अपने महाअभियान में निकले ही थे कि राजनीति के मैदान के धुरंधर खिलाड़ी और बिहार के शिक्षा मंत्री चंद्रशेखर ने तुलसीदास कृत महाकाव्य 'रामचरित मानस' पर ही हल्ला बोल दिया है। उन्होंने दुनिया के श्रेष्ठतम ग्रंथों की सूची में शुमार इस महाकाव्य को 'कचरे का ढेर' बता दिया है। इससे पहले भी वह और राजनीति के कई घाटों का पानी पी चुके यूपी के सपा नेता स्वामी प्रसाद मौर्य ने भी इस ग्रंथ के खिलाफ अमर्यादित टिप्पणी की थी। रामचरित मानस दुनिया का एकमात्र ऐसा ग्रंथ है, जिसका अनुवाद दुनिया की लगभग सभी प्रमुख भाषाओं में हो चुका है और इसमें कही गयी बातों को पूरी दुनिया मान्यता देती है। दुनिया का कोई दूसरा धर्मग्रंथ इतनी प्रतिष्ठा नहीं हासिल कर पाया है, इसलिए इसके बारे में कोई विवादित टिप्पणी भारत में ही नहीं, दुनिया भर में अच्छी निगाहों से नहीं देखी जाती है। दरअसल रामचरित मानस पर बिहार के राजद नेता की ताजा टिप्पणी वास्तव में उस गंदी सियासत का एक अध्याय है, जिसकी मंजिल कुर्सी है। इस टिप्पणी ने सियासी माहौल को 'मंडल बनाम कमंडल' के उस दौर में वापस लाने की कोशिश की है, जिससे राजद जैसे क्षेत्रीय दलों को उभार मिला था और भाजपा को उन्हें साधने में खासी मुश्किल हुई थी। रामचरित मानस पर पैदा हुए इस विवाद के सियासी पहलुओं का विश्लेषण कर रहे हैं *आजाद सिपाही* के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

आजाद सिपाही विशेष


राकेश सिंह

दुनिया के श्रेष्ठतम ग्रंथों की सूची में सर्वोपरि और करोड़ों लोगों की आस्था के प्रतीक रामचरित मानस के खिलाफ एक बार फिर टिप्पणी की गयी है। 1631 में गोस्वामी तुलसीदास रचित इस महाकाव्य को सात कांडों में विभाजित किया गया है। इनमें बाल कांड, अयोध्या कांड, अरण्य कांड, किष्किंधा कांड, सुंदर कांड, लंका कांड (युद्ध कांड) और उत्तर कांड शामिल हैं। छंदों की संख्या के अनुसार बाल कांड और किष्किंधा कांड क्रमशः सबसे बड़े और छोटे कांड हैं। इस महाकाव्य में 27 श्लोक, 4608 चौपाई, 1074 दोहे, 207 सोरठा और 86 छंद हैं। इस महाकाव्य की विशिष्टता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि दुनिया की सभी प्रमुख भाषाओं में इसका अनुवाद किया जा चुका है और लगभग सभी समाज में इसमें कही गयी बातों को मान्यता दी गयी है।

इतने विशिष्ट महाकाव्य, जिससे करोड़ों लोगों की आस्था जुड़ी हुई है, के बारे में हाल के दिनों में खूब विवाद पैदा किया गया है। पिछले महीने बिहार के शिक्षा मंत्री चंद्रशेखर और यूपी के विधान पार्षद स्वामी प्रसाद मौर्य ने इस महाकाव्य पर प्रतिबंध लगाने की मांग की थी। अब बिहार के इस राजद नेता ने इस ग्रंथ को कचरे का ढेर बताते हुए इसकी सफाई करने की जरूरत बतायी है। शिक्षा मंत्री के रूप में चंद्रशेखर के इस बयान पर सियासत भी गरम हो गयी है।

**लेकिन इस ग्रंथ के बारे में की जा रही टिप्पणी का हो सकता है विपरीत प्रभाव**

यह सभी जानते हैं कि रामचरित मानस विवाद पर शुरू हुई राजनीति अभी तो नहीं थमनेवाली है। यह विवाद यूपी-बिहार की जातीय राजनीति को भरपूर ईंधन मुहैया करा रहा है। इससे महागठबंधन को फायदा हो रहा है।



रामचरित मानस विवाद की शुरुआत तो बिहार से हुई, लेकिन यह मुद्दा उत्तरप्रदेश में कुछ ज्यादा ही बवाल करा रहा है। बिहार के शिक्षा मंत्री चंद्रशेखर के बयान को यूपी में समाजवादी पार्टी के नेता स्वामी प्रसाद मौर्य ने हवा दी और अखिलेश यादव को खुश कर समाजवादी पार्टी में हैसियत भी बढ़ा ली। चंद्रशेखर ने एक बार फिर इस विवाद को जिंदा कर बिहार की सियासत को 'मंडल बनाम कमंडल' के दौर में वापस लाने की कोशिश की है। चंद्रशेखर ने कहा है कि उन्होंने जो कह दिया, उस पर किसी के मुंह में जुबान नहीं थी। चंद्रशेखर का कहना है कि कोई इस मुद्दे को विधानसभा में उठाये, तो वह जवाब देने को तैयार हैं। इससे स्पष्ट है कि राजद अपने इस नेता के सहारे इस विवाद को केंद्र में लाने की कोशिश कर रहा है। चंद्रशेखर का कहना है कि अभी उन्होंने रामचरित मानस के कुछ ही दोहों पर सवाल उठाये हैं। उन्होंने कहा कि वह यह मानते हैं, जैसा डॉक्टर लोहिया ने कहा है कि कुछ कचरे हैं रामचरित मानस में, मगर कचरा हटाने में मोती मत फेंकना। चंद्रशेखर के ताजा बयान के बाद बिहार में महागठबंधन के अंदर ही बयानबाजी शुरू हो गयी है। जदयू ने टिप्पणी का विरोध किया है, तो राजद नेतृत्व की ओर से अब तक इस पर कोई प्रतिक्रिया व्यक्त नहीं की गयी है। लेकिन बिहार की राजनीति पर नजर रखनेवालों का कहना है कि यह सब दिखाने के लिए है। दरअसल, नीतीश कुमार भी चाहते हैं कि बिहार में मंडल को कमंडल से बाहर निकाला जाये। बिहार में आगे की राजनीति 'मंडल' और 'कमंडल' पर ही होगी। दरअसल, बिहार की राजनीति में जातीय समीकरण एक अहम मुद्दा माना जाता है। यहां मंडल आयोग की सिफारिशों के समर्थन और विरोध की राजनीति का पुराना इतिहास रहा है। बिहार में राजद के पास मुस्लिम-यादव का एक बड़ा वोट बैंक माना जाता है। राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव शुरू से ही मंडल और आरक्षण के समर्थन की राजनीति करते रहे हैं। दूसरी तरफ नीतीश कुमार की पार्टी जदयू भी 'लव-कुश' समीकरण को साधने की कोशिश में रहती है। नीतीश कुमार कुर्मी, कुशवाहा और अन्य पिछड़ी जातियों के वोटरों को खासा महत्व देते रहे हैं। वहीं भाजपा पर आमतौर पर सवर्ण जातियों की पार्टी होने का आरोप लगाया जाता है, जबकि बिहार में करीब 80 फीसदी वोटर सवर्ण नहीं हैं। ऐसे में मंडल को लेकर किसी भी ध्रुवीकरण का फायदा राजद जैसी पार्टी को हो सकता है। अब ऐसा लगने लगा है कि बिहार में भविष्य में राजद और भाजपा, दो ही पार्टियों के बीच राजनीति होगी और शायद 2025 तक यहां जदयू भी खत्म हो जाये। इसलिए शिक्षा मंत्री के ऐसे बयानों को अंदर से राजद के बड़े नेताओं का समर्थन हो सकता है।

बिहार के सत्ताधारी महागठबंधन का सबसे बड़ा घटक राजद है, इसलिए उसका स्टैंड ही अहम माना जाता है। ऐसे में उसके नेता और शिक्षा मंत्री यदि बार-बार रामचरित मानस के खिलाफ टिप्पणी करते हैं और पार्टी नेतृत्व इस पर चुप रहता है, तो उसे तो पार्टी का ही स्टैंड माना जायेगा। यह अनायास नहीं, बल्कि सायास हो रहा है, क्योंकि बिहार में भाजपा ने जिस तेजी से अपनी पैठ बनायी है, उससे राजद जैसी पार्टियों को चिंता होने लगी है। इसलिए उनकी रणनीति है कि ऐसे मुद्दे को हवा दी जाये, जिसका परिणाम ध्रुवीकरण के रूप में सामने आये और इसके लिए रामचरित मानस से अधिक मुफीद कौन सा मुद्दा हो सकता है।

## आठ हजार रुपये की नौकरी के लिए 35 हजार रुपये घूस: प्रदीप यादव

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के तीसरे दिन बुधवार को आउटसोर्सिंग कंपनियों की मनमानी का मुद्दा गूंजा। विधायक प्रदीप यादव ने ध्यानाकर्षण प्रस्ताव में समान काम के लिए समान वेतन का मामला उठाया। उन्होंने कहा कि राज्य में एक ही काम के लिए तीन तरह का वेतन दिया जा रहा है। स्थायी कर्मी को लाखों वेतन मिल रहा है, जबकि अस्थायी कर्मी को बहुत कम वेतन दिया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि आलम यह है कि आठ हजार की नौकरी के लिए 35 हजार की घूस ली जा रही है, वह भी ऑनलाइन, यह दुर्भाग्यपूर्ण है। आउटसोर्सिंग दोहन का जरिया है। अस्थायी नियुक्ति को सरकार अवैध मानती है, तो इस काम पर लगे लोगों पर सरकार रोक क्यों नहीं लगाती। उन्होंने कहा कि हरित फाउंडेशन ने घूस लेकर अस्थायी नियुक्ति करायी और



मानदेय भी नहीं दे रहा है। उन्होंने कहा कि यह सर्वोच्च न्यायालय के समान काम के बदले समान वेतन के निर्णय का उल्लंघन है। सरकार इस पर अविलंब रोक लगाये।

जवाब में वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव ने कहा कि नियुक्ति को लेकर सरकार का अपना नियम है। हमें संविधान के अनुरूप काम करना पड़ता है। संविधान से बाहर जाकर कोई निर्णय नहीं ले सकते। उन्होंने कहा कि नियमित कर्मचारी ओपन बाजार से लिए जाते हैं। परीक्षा ली जाती है। उन्हें कई प्रोसेस से गुजरना पड़ता है। हजारों लोग परीक्षा में बैठते हैं। कुछ सेलेक्ट होते हैं। अधिकांश रिजेक्ट होते हैं। जहां तक संविदा या अस्थायी कर्मी की बात है, इसकी नियुक्ति राज्य या क्षेत्रीय कमिटी करती है।

उन्होंने कहा कि कॉन्ट्रैक्ट पर काम कर रहे कर्मियों को नियमित करने ले लिए विकास आयुक्त की अध्यक्षता में कमिटी अध्ययन कर रही है। 10 वर्षों से कॉन्ट्रैक्ट पर काम कर रहे कर्मियों को नियमित करने का निर्णय 2015 में हुआ था। इसके बाद 2019 में भी यह निर्णय हुआ है। इसमें कुछ आपत्ति थी, जिस पर विकास आयुक्त की अध्यक्षता वाली कमिटी अध्ययन कर रही है। बहुत जल्द इसकी रिपोर्ट आनेवाली है। सरकार रिपोर्ट के आधार पर काम करेगी।

### राज्य के सभी तालाब अतिक्रमण मुक्त होंगे

## सरकार एक सर्वे भी करायेगी: मंत्री

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के तीसरे दिन बुधवार को मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने कहा कि राज्य के सभी तालाब अतिक्रमण मुक्त होंगे। इसे लेकर सरकार एक सर्वे भी करायेगी। जल संचयन के लिए यह बेहद ही जरूरी है। उन्होंने कहा कि रांची के तकरीबन 62 तालाबों को चिह्नित किया गया है।

प्रदीप यादव ने पूछा था कि क्या सरकार टास्क फोर्स का गठन कर तालाबों को अतिक्रमण से मुक्त कराना चाहती है। उन्होंने कहा कि अतिक्रमण से वर्षा जल का संचयन नहीं हो पा रहा है, जिसके कारण जलस्तर काफी नीचे भाग रहा है। स्पीकर रवींद्र नाथ महतो ने इस मामले में हस्तक्षेप करते हुए मंत्री से सर्वे करा कर पूरे राज्य के तालाबों को अतिक्रमण मुक्त करने को कहा, जिस पर



मंत्री ने सहमति दी।

### शिक्षकों की बहाली करे सरकार : विनोद सिंह

माले विधायक विनोद कुमार सिंह ने शिक्षकों की बहाली को लेकर सदन में मुद्दा रखा। उन्होंने कहा कि जल्द से जल्द प्राथमिक स्कूलों में शिक्षकों को बहाल किया जाये।

## सदन में आलमगीर आलम ने कहा, जल्द पूरे होंगे लंबित आवास निर्माण कार्य



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के तीसरे दिन बुधवार को ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम ने विधायक अंबा प्रसाद के पूछे गये प्रशन पर कहा कि प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत बेघर लोगों को घर देने का काम हो रहा है। एक लाख 68 हजार 914 मामले लंबित हैं, जिन्हें जल्द पूरा किया जायेगा। साथ ही कहा कि कई जगह आवास इसलिए भी लंबित हैं, क्योंकि, लाभुकों के द्वारा राशि निकाल कर भी काम पूरा नहीं कराया गया है। सबकी मॉनिटरिंग हो रही है। अंबा प्रसाद ने पूछा था कि क्या राज्य सरकार के पास लंबित आवासों को पूरा कराने के लिए और नये आवास बनाने को लेकर कोई योजना है। क्योंकि, एक लाख 50 हजार से ज्यादा आवास निर्माण का कार्य लंबित हैं।

### कभी इंडिया से बाहर गये नहीं, जायेंगे तो देखेंगे साइकिल शेयरिंग सिस्टम

भाजपा विधायक नवीन जायसवाल के एक सवाल के जवाब में मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने कहा कि वह इंडिया के बाहर गये ही नहीं हैं। जब जायेंगे तो देखेंगे। इसके बाद सदन के अंदर ठहाका गूंज गया। नवीन जायसवाल ने पूछा था कि रांची शहर की आबादी एवं शहरवासियों की सेहत को देखते हुए सरकार साइकिलों की संख्या एवं स्टैंड बढ़ाने का विचार रखती है। इसके जवाब में मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने कहा कि पहले से पब्लिक साइकिल शेयरिंग सिस्टम के तहत 60 स्टैंड और 600 साइकिल है। इसे बढ़ा कर दुगुना कर दिया जायेगा, जिसके बाद 120 स्टैंड और 1200 साइकिल की व्यवस्था हो जायेगी।

मंत्री के जवाब के बाद नवीन जायसवाल ने कहा कि यह ठीक बात है कि संख्या बढ़ाने पर सरकार काम कर रही है, लेकिन यह साइकिल चलेगी कहां। उन्होंने सलाह दी कि विदेशों में अलग से साइकिल ट्रैक रहता है, जिससे साइकिल चलाने वालों को दिक्कत नहीं होती है। मंत्री ने कहा कि हम विदेश गये ही नहीं हैं, जब जायेंगे तो वहां का सिस्टम देखेंगे।

## राजेश मल्होत्रा ने पत्र सूचना कार्यालय के नये प्रधान महानिदेशक का कार्यभार संभाला

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली/ रांची।** भारतीय सूचना सेवा (आइआइएस) के वरिष्ठ अधिकारी राजेश मल्होत्रा ने बुधवार को पत्र सूचना कार्यालय (पीआइबी) के प्रधान महानिदेशक (डीजी) का पदभार ग्रहण कर लिया। इसके साथ ही वह भारत सरकार के मुख्य प्रवक्ता भी बन गये हैं। श्री मल्होत्रा 1989 बैच के अधिकारी हैं, जिन्होंने सत्येंद्र प्रकाश की जगह ली है। सत्येंद्र प्रकाश मंगलवार को सेवानिवृत्त हो गये। श्री मल्होत्रा के पास वित्त, कॉरपोरेट कार्य, कृषि, ऊर्जा, कोयला, खनन सहित केंद्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों और विभागों के लिए मीडिया और



संचार व्यवस्था की योजना और कार्यान्वयन में 32 वर्षों से अधिक का अनुभव है। श्री मल्होत्रा को पिछले साल जून में आइआइएस के उच्च ग्रेड में पदोन्नत किया गया था और केंद्रीय संचार ब्यूरो का प्रधान महानिदेशक नियुक्त किया गया। वह पत्र सूचना कार्यालय में वित्त मंत्रालय के प्रचार का काम देखते रहे। आइआइएस सेवा के इस वरिष्ठ अधिकारी के पास निर्वाचन आयोग में काम करने का भी लंबा अनुभव है।

उन्होंने छह आम चुनावों और राष्ट्रपति व उपराष्ट्रपति के चुनावों में भी मीडिया और संचार व्यवस्था को संभालने का काम किया है। निर्वाचन आयोग से 21 वर्षों तक मीडिया और संचार के प्रभारी के रूप में जुड़े रहे श्री मल्होत्रा ने 12 मुख्य चुनाव आयुक्तों के साथ निकटता से काम किया है। श्री मल्होत्रा ने आइएमटी, गाजियाबाद से बिजनेस मैनेजमेंट में पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा और नालसार, हैदराबाद से मीडिया कानून में स्नातकोत्तर डिप्लोमा किया है। वह इंस्टीट्यूट ऑफ कंपनी सेक्रेटरीज ऑफ इंडिया के फेलो भी हैं और कानून में डिग्री रखते हैं। एक प्रवक्ता के रूप में, श्री मल्होत्रा के पास सरकार और मीडिया के बीच सफलतापूर्वक दो-तरफा संवाद स्थापित करने का अनुभव भी है। वहीं सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने प्रिया कुमार को दूरदर्शन समाचार (डीडी न्यूज) की महानिदेशक नियुक्त किया। वह मयंक अग्रवाल का स्थान लेंगी।

## राज्य में डॉक्टरों पर हमले हो रहे और सरकार चुप क्यों : भानू प्रताप शाही

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के तीसरे दिन बुधवार को प्रश्नकाल शुरू होते ही भाजपा विधायक भानू प्रताप शाही सहित अन्य भाजपा के विधायक शोर मचाने लगे। उनका कहना था कि राज्य की स्वास्थ्य व्यवस्था खराब हो चुकी है। बुधवार को डॉक्टर काम नहीं कर रहे हैं। उन पर हमले हो रहे हैं। ऐसे में सरकार को गंभीर होना चाहिए। भानु प्रताप शाही ने कहा कि सरकार को तत्काल बैठक कर, उस समस्या का समाधान निकालना चाहिए।

उल्लेखनीय है कि राज्य में लगातार हो रहे चिकित्सकों पर हमले को लेकर इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आइएमए) और



झारखंड स्वास्थ्य सेवा संघ (झासा) के संयुक्त आह्वान पर राज्यभर के चिकित्सकों ने बुधवार को स्वास्थ्य सेवाओं को ठप कर दिया।

## झारखंड विधानसभा में आवारा कुत्तों का मामला गूंजा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के तीसरे दिन बुधवार को सदन में आवारा कुत्तों का मामला गूंजा। भाजपा विधायक बिरंची नारायण ने कहा कि रांची और बोकारो में आवारा कुत्तों का आतंक काफी बढ़ गया है। रांची में हर दिन 300 मरीज डॉग बाइट सेंटर पहुंच रहे हैं।

इससे संबंधित सवाल उन्होंने अल्पसूचित प्रश्न के माध्यम से किया। उन्होंने कहा कि देश में हर वर्ष 20 हजार से ज्यादा मौतें आवारा कुत्तों के काटने से होती हैं। झारखंड में भी औसतन 50 लोगों की मौत हो रही है, लेकिन रांची को छोड़ कर किसी भी जिले में डॉग स्क्वायड का गठन नहीं हुआ है। उन्होंने सरकार से राज्य के सभी जिलों में डॉग स्क्वायड के गठन की मांग की। विधायक बिनोद सिंह ने कहा कि झारखंड में आवारा कुत्ते के काटने से हुई मौत पर कोई मुआवजा पालिसी नहीं है, जबकि अन्य राज्यों में मुआवजा पॉलिसी है। विधायक नीरा यादव ने कहा कि विधानसभा परिसर में भी चार-पांच आवारा कुत्ते घूमते रहते हैं। विधायक मथुरा महतो ने कहा कि यह भी व्यवस्था हो कि कुत्तों को पकड़ कर दूसरे जिलों में ना छोड़ा जाये। कुत्ते बोकारो से पकड़े जाते हैं और धनबाद में छोड़े जाते हैं। हम लोग पहले हाथी से परेशान थे और अब कुत्तों से। विधायक अपर्णा सेन गुप्ता ने कहा कि विधानसभा में भी आवारा कुत्ते हैं। जब वह सुबह विधानसभा आती हैं तो डर लगता है।

ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

02 मार्च, 2023
फाल्गुन, शुक्ल पक्ष, दशमी
संवत 2079
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
गुरुवार, वर्ष 08, अंक 133

तिरुपति मंदिर में भीड़ कंट्रोल करने की कोशिश: कंप्यूटर पहचानेगा चेहरा, एक व्यक्ति को महीने में एक बार ही दर्शन की इजाजत









# जी-20 बैठक: विज्ञान-प्रौद्योगिकी और विकास पर रांची में मंथन करेगी दुनिया

- विदेशी अतिथियों का आगमन हुआ शुरू
- 2 और 3 मार्च को चार सत्र में होगी बैठक
- 20 देशों के 65 से अधिक प्रतिनिधि हो रहे शामिल



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** जी-20 शिखर सम्मेलन में शामिल होने के लिए विदेशी मेहमानों के रांची पहुंचने का सिलसिला भी शुरू हो गया है। सम्मेलन में देश-दुनिया के प्रतिनिधि विभिन्न क्षेत्रों पर अपनी राय रखेंगे। समिट को लेकर एनएसजी की टीम भी रांची आ गयी है। बैठक दो दिन 2 और 3 मार्च को चार सत्रों में होगी। रांची को हर तरह से इसके लिए तैयार किया गया है।

**एयरपोर्ट पर जोरदार स्वागत :** आइइएसए के प्रेसिडेंट और एमडी राहुल वालावाकर के साथ उनकी पत्नी नेत्रा वालावाकर और महेश गोदी बुधवार को रांची पहुंचे। इनके अलावा सीएसआइआर के पांच प्रतिनिधि भरत भूषण, गिरीश चंद जोशी, शिवम कुशवाहा, विनोद कुमार और शैलेश शाह भी रांची पहुंचे हैं। एयरपोर्ट पर मौजूद टीम ने सीएसआइआर के सभी प्रतिनिधियों का पारंपरिक अंदाज में जोरदार स्वागत किया। इसके पहले मंगलवार रात ब्राजील के डॉक्टर फेलिप सिल्वा बेल्लूसी के रांची पहुंचने पर उनका स्वागत किया गया।

**20 देशों के 65 प्रतिनिधि समिट में लेंगे हिस्सा :** जी-20 की बैठक में शामिल होने के लिए यूनाइटेड किंगडम, यूएइ, और साउथ अफ्रीका से दो-दो प्रतिनिधि आयेंगे, जबकि स्पेन, फ्रांस, इंडोनेशिया, तुर्कीये, सिंगापुर और नीदरलैंड से एक-एक प्रतिनिधि आयेंगे। इसके अलावा सउदी अरब से भी दो प्रतिनिधि हिस्सा लेंगे। भारत, इटली, सिंगापुर, ब्राजील, जर्मनी, रिपब्लिक ऑफ कोरिया और आइएसए के भी एक-एक प्रतिनिधि शामिल होंगे।

**चार सत्रों में होगी चर्चा :** दो दिनों तक चलने वाले समिट में विज्ञान, प्रौद्योगिकी और विकास पर मंथन होगा। पहले सत्र को इंडियन एनर्जी स्टोरेज एलायंस के एमडी डॉ. राहुल वालावलकर संबोधित करेंगे। दूसरे सत्र में सोलर एनर्जी यूटिलाइजेशन एंड फोटोवोल्टाइक्स टेक्नोलॉजी पर चर्चा होगी। तीसरे सत्र में मेटेरियल्स एंड प्रोसेसेज फॉन ग्रीन एनर्जी पर वक्ता अपने विचार रखेंगे। चौथे सत्र में पैनल डिस्कशन और अंत में वैलिडेटरी सत्र का आयोजन किया जायेगा।

**3 मार्च को पतरातू लेक रिजॉर्ट पहुंचेंगे विदेशी मेहमान:** जी 20 शिखर सम्मेलन में शामिल होने वाले डेलिगेट्स 3 मार्च को पतरातू लेक रिजॉर्ट पहुंचेंगे। लेक रिसोर्ट को सोहराई कला और झारखंड की संस्कृति के अनुरूप शिल्पग्राम से सजाया गया है। विदेशी मेहमान के स्वागत के लिए 3 मार्च को लेक रिजॉर्ट जानेवाली सड़कों पर ट्रैफिक बंद करने का निर्देश जारी हुआ है।

**होटल के 500 मीटर क्षेत्र रेड जोन :** रांची के होटल रेडिशन ब्लू और बीएनआर चाणक्या में अतिथियों को ठहराया जायेगा। दोनों होटल के 500 मीटर क्षेत्र रेड जोन घोषित हैं। होटल के आसपास ड्रोन, पैराग्लाइडिंग और हॉट एयर बैलून उड़ाने पर रोक लगा दी गयी है। मेहमानों को झारखंडी पकवान, धुसका और छिलका-पीठा परोसे जायेंगे।

## भारत में विदेश मंत्रियों की सबसे बड़ी बैठक

नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)। भारत के नेतृत्व में होने वाले जी20 सम्मेलन में विदेश मंत्रियों की बैठक होगी। यह विदेश मंत्रियों की मौजूदगी के हिसाब से अब तक की सबसे बड़ी बैठक होगी। इसमें जी20 देशों के अलावा दुनियाभर के 40 डेलीगेट्स भाग लेंगे। राष्ट्रपति भवन के सांस्कृतिक केंद्र में होने वाली इस बैठक में जी20 मेंबर अर्जेंटीना, ऑस्ट्रेलिया, ब्राजील, कनाडा, चीन, यूरोपीय संघ, फ्रांस, जर्मनी, इटली, जापान, मैक्सिको, दक्षिण कोरिया, रूस, सऊदी अरब, दक्षिण अफ्रीका, तुर्की, यूएस के विदेश मंत्रियों के अलावा इंडोनेशिया के राष्ट्रपति बैठक में भाग लेंगे। इस बैठक में जी 20 सदस्यों के अलावा बांग्लादेश, मिस्त्र, मॉरीशस, नीदरलैंड, नाइजीरिया, ओमान, सिंगापुर, स्पेन और यूएइ के विदेश मंत्रियों को भी बुलाया गया है। दुनियाभर के 40 से ज्यादा डेलीगेट्स और 13 अंतरराष्ट्रीय संगठन बैठक में शामिल होंगे। इसकी अध्यक्षता भारतीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर करेंगे। बैठक 2 मार्च गुरुवार को होगी।

## ब्रिटिश मंत्री ने उठाया बीबीसी का मुद्दा

नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)। जी 20 देशों के विदेश मंत्रियों की दिल्ली में दो दिन अहम मीटिंग होने जा रही है। इस मीटिंग से पहले बुधवार को ब्रिटेन के फॉरेन सेक्रेटरी जेम्स क्लेवरली ने भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर से मुलाकात की। क्लेवरली ने इस दौरान 14 फरवरी को बीबीसी के दिल्ली और मुंबई स्थित दफ्तरों पर आयकर विभाग के सर्वे का मुद्दा उठाया। क्लेवरली ने साथ ही कहा कि बीबीसी एक स्वतंत्र संगठन है। सरकार भी अलग है। उन्होंने डॉक्यूमेंट्री नहीं देखी है, लेकिन यूके और भारत की प्रतिक्रियाएं देखी हैं। न्यूज एजेंसी ने सूत्रों के हवाले से बताया कि जयशंकर ने ब्रिटेन के विदेश मंत्री से कहा है कि जो भी कंपनियां भारत में काम कर रही हैं, उन्हें देश के कायदे-कानून का पालन करना होगा।

### सीएम ने सदन में राज्यपाल के अभिभाषण पर रखा पक्ष

# राज्य को योजनाबद्ध तरीके से चारागाह और लूटखंड बनाये रखा : हेमंत सोरेन

- विपक्ष पर साधा निशाना, तो अपनी सरकार के कामकाज को भी बताया



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि राज्य की पहचान और वजूद की जिम्मेदारी सिर्फ सांसद और विधायकों की ही नहीं आम आदमी तक की होती है। यह जिम्मेवारी सभी लोगों की है। हमने जोहार शब्द का प्रयोग करना शुरू किया। पहले विपक्ष इस शब्द का इस्तेमाल नहीं करता था, पर आप देखेंगे कि विपक्ष के अपने पार्टी कार्यालय में परमानेंट जोहार का बोर्ड लगा रखा है। राज्यपाल ने भी अपने शपथ ग्रहण में शुरुआत जोहार शब्द के साथ की। मुख्यमंत्री बुधवार को विधानसभा सदन में राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा पर बोल रहे थे।

**विपक्ष की बातों का दिया जवाब:** गौरतलब है कि राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने बजट सत्र के पहले दिन सोमवार को सदन को संबोधित किया था। उनके अभिभाषण पर मंगलवार और बुधवार को धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा हुई। सत्ता पक्ष और विपक्ष के सदस्यों ने इस पर अपना पक्ष रखा। अंत में सरकार की ओर से अभिभाषण पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपनी बात रखी। हेमंत ने कहा कि अभिभाषण पर विपक्ष के लोगों ने कहा कि इसमें सरकार ने केवल अपनी बात कही, पर फैक्ट कुछ और है। विपक्ष बताये कि हमने स्कॉलरशिप की राशि बढ़ायी या नहीं? 20 लाख राशन कार्ड बनाये या नहीं? यहां के बच्चे विदेशों में पढ़ाई कर रहे हैं या नहीं?

**विपक्ष नहीं चाहता कि आदिवासी विकास करे:** मुख्यमंत्री ने कहा कि दरअसल विपक्ष चाहता ही नहीं की आदिवासी विकास करे। आदिवासी बड़े-बड़े पदों पर पहुंचे। विपक्ष में बैठे लोग गुजरात में शासन करते हैं। महाराष्ट्र में शासन करते हैं। वहां विकास कर दिया, लेकिन झारखंड पीछे रह गया। ऐसा क्यों हुआ? भाजपा योजनाबद्ध तरीके से इस राज्य को चारागाह और लूटखंड बनाये रखना चाहती है। आज ये भ्रष्टाचार की बात करते हैं। जो अधिकारी जांच एजेंसियों के दायरे में हैं, ये भ्रष्टाचार के वो पेड़ हैं जिन्हें इन लोगों ने ही जमीन दी। पानी दिया। उसे सींचा। अब जब वे पकड़े जा रहे हैं तो उसका ठिकरा हमारी सरकार पर फोड़ने की कोशिश कर रहे हैं।

**पॉजिटिव सोच के साथ सरकार चलाने के प्रयास:** हेमंत सोरेन ने कहा कि हमारी सरकार इसी सोच के साथ काम कर रही है कि गरीब आदिवासी, दलित मूलवासी को सम्मान मिले। हम सबको साथ लेकर चलने में विश्वास करते हैं।

**केंद्र की नीतियां ऐसी कि हर राज्य परेशान:** मुख्यमंत्री ने कहा कि विपक्ष में बैठे वो लोग हैं जिन्होंने 1985 का कट ऑफ डेट बना कर मिठाइयां बांटी। हाथी उड़ा कर जमीन को लूटा। स्कूलों को बंद कराया। डिजिटाइजेशन के नाम पर प्रधानमंत्री से भी झूठ बोलवाया। ये वही लोग हैं जिन्होंने कहा कि राज्य के युवा किसी काम के नहीं। विपक्ष को लपेटते हुए कहा कि वे जिस खनन की बात कर रहे हैं उसकी जांच के लिए हमने एसआइटी गठित कर दी है।

## भारत विश्व का सबसे गरीब देश बन जायेगा

मुख्यमंत्री ने कहा कि विपक्ष की नीतियों की वजह से वो दिन दूर नहीं, जब भारत विश्व का सबसे गरीब देश बन जायेगा। एलआइसी बम जो फटा है, उससे सभी हलकान हैं। बैंक की भी दशा यही है। मौजूदा बैंक सुरक्षित नहीं हैं। हम तो कहते हैं कि पैसे बैंक में नहीं रखो, पॉलीथिन में रख कर मिट्टी में गाड़ दो। यहीं सुरक्षित रहेगा। हेमंत सोरेन ने कहा कि विपक्ष येन केन प्रकारेण सरकार को परेशान करना चाहता है। उस दिन से ही सरकार गिराने की साजिश रची जा रही है, जिस दिन से सरकार बनी है।

# खनिजों के अवैध परिवहन में रेलवे अधिकारियों की भूमिका की जांच एवं रोकथाम पर सुझाव देने के लिए एसआइटी गठित

- सेवानिवृत्त मुख्य न्यायाधीश विनोद कुमार गुप्ता होंगे अध्यक्ष
- मुख्यमंत्री ने एसआइटी गठन की दी मंजूरी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राज्य अंतर्गत खनिजों के अवैध परिवहन में रेलवे की भूमिका की जांच और रोकथाम पर सुझाव देने के लिए झारखंड हाइकोर्ट के सेवानिवृत्त मुख्य न्यायाधीश विनोद कुमार गुप्ता की एक सदस्यीय गठित विशेष जांच दल (एसआइटी) का गठन किया है। इसका कार्यकाल छह माह निर्धारित करने, आयोग के अध्यक्ष को प्रतिमाह मानदेय, अध्यक्ष को हाइकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश के समतुल्य यात्रा भत्ता एवं अन्य सुविधाएं एवं आयोग के कार्यालय के लिए एक सहायक, एक आदेशपाल, एक कंप्यूटर ऑपरेटर एवं वाहन की सुविधा उपलब्ध कराने के प्रस्ताव पर स्वीकृति दे दी गयी है।

**मुख्यमंत्री ने रेल मंत्री को लिखा था पत्र:** मुख्यमंत्री ने 14 दिसंबर, 2022 को रेल मंत्री को पत्र लिख कर अवगत कराया गया था कि राज्य सरकार द्वारा अवैध खनन एवं इसके परिवहन में रेलवे पदाधिकारियों की संलिप्तता एवं अन्य सभी संबंधित बिंदुओं की जांच के लिए एक उच्च स्तरीय जांच समिति के गठन का निर्णय लिया गया है। मुख्यमंत्री ने पत्र के माध्यम से रेल मंत्री से आग्रह किया था कि आपके द्वारा रेलवे के पदाधिकारियों को इस उच्च स्तरीय जांच समिति को पूरा सहयोग करने के लिए निर्देशित किया जायेगा।


खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम की धारा-23 (सी) के अंतर्गत राज्य में खनिजों के अवैध परिवहन की रोकथाम के लिए झारखंड खनिज (अवैध खनन, परिवहन और भंडारण की रोकथाम) नियम-2017 अधिसूचित किया गया है। अधिसूचित नियमावली के नियम-9 (1) के अनुसार उत्खनित खनिजों का रेल मार्ग से परिवहन भी जेआइएमएमएस पोर्टल से प्राप्त परिवहन चालान के माध्यम से ही किया जाना है। इस संदर्भ में खान एवं भूतत्व विभाग एवं विभिन्न उपायुक्त/जिला स्तरीय पदाधिकारियों के माध्यम से भी वैध इ-चालान के साथ खनिजों के परिवहन के लिए कई निर्देश निर्गत किये गये हैं।

### खुल रही कलई : चीफ इंजीनियर के कॉल रिकॉर्ड से हो रहा खुलासा

# वीरेंद्र राम के संपर्क में थे एक दर्जन से अधिक विधायक और नेता

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड के एक दर्जन से अधिक विधायक और राजनेता भ्रष्टाचार के केस में फंसे ग्रामीण विकास विभाग के मुख्य अभियंता वीरेंद्र राम के संपर्क में थे। ये सभी अपनी पसंद के ठेकेदारों को ग्रामीण विकास विभाग का टेंडर दिलाना चाहते थे। सूत्रों के मुताबिक लगभग 17 ऐसे विधायक और राजनेताओं ने वीरेंद्र राम के साथ लगातार और लंबी बातचीत की थी। इनमें दो महिला विधायक भी शामिल हैं।




**पांच प्रतिशत कमीशन नहीं देगा, उसे काम नहीं मिलेगा:** इसके साथ ही झारखंड के कई वरिष्ठ नौकरशाह भी नियमित रूप से टेंडरों के प्रबंधन के लिए वीरेंद्र राम से बात किया करते थे। एक नौकरशाह को वीरेंद्र राम द्वारा ग्रामीण विकास विभाग के एक टेंडर के बारे में निर्देश देते हुए सुना गया कि जो पांच प्रतिशत कमीशन नहीं देगा, उसे काम नहीं मिलेगा। ये सारी जानकारी कई लोगों के साथ आरोपी इंजीनियर की टेलीफोन पर हुई बातचीत की छानबीन से सामने आयी है।

**अपनी पसंद के ठेकेदारों का पक्ष लेने को कहते थे नेता :** वीरेंद्र राम को प्रवर्तन निदेशालय (इडी) ने पिछले हफ्ते 2019 के भ्रष्टाचार मामले में गिरफ्तार किया था। इससे पहले झारखंड भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो द्वारा एक जूनियर इंजीनियर सुरेश प्रसाद वर्मा के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। जांच के दौरान इडी ने वीरेंद्र राम और कई अन्य लोगों को निगरानी में रखा था। विधायक और राजनेता नियमित रूप से वीरेंद्र राम से फोन पर बात करते थे। ये नेता अपनी पसंद के ठेकेदारों का पक्ष लेने, अन्य प्रतिभागियों को निविदा प्रक्रिया से बाहर करने और अयोग्य घोषित करने के लिए उनसे लंबी बातचीत करते थे।

## सीएम के सुरक्षा प्रभारी को फिर समन

- इडी ने पूर्व डीएसपी यज्ञनारायण तिवारी को 13 और भारतवार्ता के संपादक को 14 मार्च को बुलाया

रांची। सीएम के सुरक्षा प्रभारी डीएसपी को इडी ने एक बार फिर समन भेजा है। उन्हें पूछताछ के लिए 3 मार्च को बुलाया गया है। इसके अलावा रिम्स में पंकज मिश्रा से मिलने वाले पूर्व डीएसपी और भारतवार्ता के संपादक को पूछताछ के लिए बुलाया गया है। इडी ने पूर्व डीएसपी यज्ञनारायण तिवारी को आगामी 13 मार्च को पूछताछ के लिए बुलाया है, तो वहीं भारतवार्ता के संपादक रवींद्र नाथ तिवारी को 14 मार्च को बुलाया है।दोनों से इडी की रांची एयरपोर्ट रोड स्थित क्षेत्रीय कार्यालय में पूछताछ होगी। इडी यह जानने की कोशिश करेगी कि जेल मैनुअल का उल्लंघन कर दोनों ने किस उद्देश्य से पंकज मिश्रा से मुलाकात की। इनसे बातचीत में जो भी तथ्य सामने आयेंगे, उसके बाद इडी आगे की कार्रवाई करेगी। गौरतलब है कि गत वर्ष 19 जुलाई 2022 को इडी ने पंकज मिश्रा को गिरफ्तार किया था। इसके बाद इडी ने पंकज मिश्रा को रिमांड पर लेकर जैसे ही पूछताछ शुरू की थी, उसकी तबीयत खराब हो गयी थी। उसके बाद ही पंकज मिश्रा को रिम्स में भर्ती कराया गया था, जहां वह लंबे समय तक रिम्स के पेइंग वार्ड में इलाजरत रहा। इस दौरान पंकज मिश्रा को पूरी छूट मिली हुई थी।



आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
1 No. Channel

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 02 मार्च, 2023
www.azadsipahi.in



## बजट सत्र : झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के तीसरे दिन भी हंगामा

# नियोजन नीति के मुद्दे पर विपक्षी विधायकों का प्रदर्शन





आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के तीसरे दिन बुधवार को भी विपक्ष के विधायकों ने विधानसभा के मुख्य द्वार पर प्रदर्शन किया। युवाओं को रोजगार दो, नहीं तो गद्दी छोड़ दो, भीख नहीं रोजगार चाहिए के नारे लगाये गये।

विपक्ष के मुख्य सचेतक बिरंची नारायण ने कहा कि राज्य सरकार को यहां के नौजवान और युवाओं से कोई मतलब नहीं है। अपनी झोली कैसे भरें, इस पर हेमंत सरकार काम कर रही है। उन्होंने कहा कि अब मुख्यमंत्री राज्य के युवाओं के बीच नियोजन नीति को लेकर सर्वे करा रहे हैं। सर्वे की जो रिपोर्ट आयी है, उसमें यह साफ है कि राज्य के युवाओं ने पूर्व की रघुवर सरकार की नियोजन नीति को सही करार दिया है। यह सर्वे हेमंत सरकार के मुंह पर तमाचा है।

उन्होंने कहा कि तीन वर्षों तक इस सरकार ने राज्य के युवाओं को झांसे में रखा है। सवाल यह उठता है कि उन युवकों का क्या होगा, जो तीन वर्ष से नौकरी की आस में अपनी एज लिमिट क्रॉस कर गये हैं। भाजपा राज्य सरकार से मांग करती है कि सर्वे में जो रिपोर्ट सामने आयी है, उसके आधार पर नियोजन नीति लाये और इस दौरान जो युवा एज लिमिट क्रॉस कर गये हैं, उन्हें भी आयु सीमा का लाभ दे। उन्होंने सरकार से आयु सीमा 40 वर्ष करने की मांग की।

## उर्दू शिक्षकों के 3712 पद खाली : शिल्पी नेहा तिर्की



**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के तीसरे दिन विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने राज्य सरकार से रिक्त पड़े उर्दू शिक्षकों के सभी पदों को जल्द से जल्द भरने की मांग की है। उन्होंने बताया कि राज्य के विभिन्न विद्यालयों में उर्दू शिक्षकों के पद खाली पड़े हैं। विधानसभा में उठाये गये एक सवाल में उन्होंने जानकारी देते हुए कहा कि अभी राज्य में विभिन्न विद्यालयों में उर्दू शिक्षकों के कुल 4401 पद सृजित हैं।

## राज्यपाल के अभिभाषण में पिछली बार की बातों को कॉपी करके डाला गया: सरयू राय



**रांची।** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के तीसरे दिन बुधवार को राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा करते हुए निर्दलीय विधायक सरयू राय ने कहा कि राज्यपाल के अभिभाषण में पिछले बार के बातों को कॉपी करके डाल दिया गया है। करप्शन पर जीरो टॉलरेंस की बात फिर कही गयी है लेकिन क्या ये आज हो रहा है। मैंने सदन में कई मामले लाये लेकिन एक्शन का क्या हुआ? मैंने टॉफी घोटाले का मामला लाया। क्या हुआ? स्वास्थ्य विभाग पर मैंने केस तक किया। क्या हुआ? कई ऐसे सवाल हैं जिनका जवाब सरकार के पास नहीं है, जो आदेश होते हैं उसका पालन नहीं होता है।

## महिलाओं को आरक्षण देने के वादे का क्या हुआ : विनोद सिंह

माले विधायक विनोद सिंह ने कहा कि मैं राज्यपाल के अभिभाषण को लेकर कृतज्ञ हैं। तीन साल में 1168 को नौकरी मिली है। उन्होंने कहा कि 33 प्रतिशत महिलाओं को आरक्षण देने के वादे का क्या हुआ। ग्रीन कार्ड धारकों को छह महीने से एफसीआइ से राशन नहीं मिल रहा है। पांच दिन अंडा देने का मामला लागू नहीं हुआ। अब सरकार कह रही है कि गर्मी आ गयी है, अब एक अंडा ही मिलेगा। ग्रामीण क्षेत्रों में मीटर ही नहीं है, कैसे 100 यूनिट फ्री बिजली योजना लागू होगी।

**1932 के खतियान आधारित स्थानीय नीति का जिक्र नहीं : लंबोदर महतो :** आजसू विधायक लंबोदर महतो ने कहा कि राज्यपाल के अभिभाषण में 1932 के खतियान आधारित स्थानीय नीति का जिक्र नहीं है। ओबीसी आरक्षण कहां गया। प्रमोशन में एसटीएससी को लाभ देने का मामला कहां गया। पारसनाथ में मरांग बुरु को कैद कर दिया गया है। उसे मुक्त किया जाना चाहिए। निजी क्षेत्र में 75 प्रतिशत स्थानीय लोग की नियुक्ति कहां गया। जनजातीय और क्षेत्रीय भाषा को लेकर भाषा एकेडमी का क्या हुआ। नियोजन नीति को अभिभाषण में क्यों नहीं डाला गया।

## हेमंत सरकार को खर्च नहीं करना है, सिर्फ कमाना है : बाबूलाल मरांडी

रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड विधानसभा में बुधवार को 4546 करोड़ 27 लाख का तृतीय अनुपूरक बजट पेश करने पर विधानसभा परिसर में पत्रकारों बातचीत में भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि खर्चा तो इन्हें करना नहीं है। इन्हें तो सिर्फ कमाना है तो खजाना से जितना निकाल सको तो निकाल लो। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि जब ईडी वाले पकड़ेंगे, जब सीबीआई वाले पकड़ेंगे तो बोलेंगे कि हम आदिवासी हैं, इसलिए हमें तंग किया जा रहा है। बाबूलाल मरांडी ने राज्य सरकार से डॉक्टरों को सुरक्षा देने की मांग की है। उन्होंने कहा कि दुखद पहलू यह है कि इस दिशा में सरकार गंभीर नहीं है, जिसके कारण एक के बाद एक घटनाएं हो रही हैं। ऐसे में सरकार को चिकित्सकों को पूरी सुरक्षा मुहैया करानी चाहिए।

## अनंत ओझा ने चरमरायी कानून व्यवस्था पर विधानसभा में कार्यस्थगन लाया



रांची (आजाद सिपाही)। राजमहल विधायक अनंत ओझा ने विधानसभा बजट सत्र के तीसरे दिन राज्य में चरमराई कानून व्यवस्था पर विधानसभा में कार्यस्थगन के माध्यम से उठाया जिसे विधानसभा अध्यक्ष ने पढ़कर सुनाया। श्री ओझा ने कहा राज्य की गिरती विधि व्यवस्था से लोग त्रस्त हो चुकें है। यहां के आमजीवन अपनी सुरक्षा को लेकर काफी चिंतित है। विगत कुछ दिनों पूर्व साहेबगंज सहित देवघर, हजारीबाग, रामगढ़, रांची सहित राज्य के विभिन्न जिले में आपराधिक घटनाएं घटी है और लगातार अप्रत्याशित वृद्धि दिखाई पड़ती है। सरकार अपराध रोकने में पूरी तरह विफल साबित हो रही है। वर्तमान महागठबंधन (जेएमएम+कांग्रेस+राजद) वाली सरकार में अपराधियों का मनोबल बढ़ा है और राज्य की विधि-व्यवस्था चरमरा गयी है। राज्य के लोग चरमराई हुई विधि-व्यवस्था को लेकर काफी आक्रोशित हैं। यहां तक कि वर्तमान सरकार के साझीदार साथी द्वारा अपनी ही सरकार की विधि-व्यवस्था पर प्रश्न चिन्ह लगा रहे हैं। हालांकि बहुमत के आधार पर विधानसभाध्यक्ष ने कार्यस्थगन प्रस्ताव को खारिज कर दिया।

## अनुपूरक बजट में सबसे ज्यादा 645 करोड़ ऊर्जा विभाग को, स्वास्थ्य विभाग को 327 करोड़

रांची। विधानसभा में बुधवार को वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव ने 4546 हजार करोड़ रुपये का थर्ड अनुपूरक बजट सदन में पेश किया। अनुपूरक बजट में सबसे ज्यादा 645 करोड़ रुपये की राशि का प्रावधान ऊर्जा विभाग के लिए किया गया है। इसके अलावा भवन निर्माण विभाग को 100 करोड़, पेंशन मद में 400 करोड़, वन पर्यावरण विभाग को 112 करोड़, स्वास्थ्य विभाग को 327 करोड़, गृह विभाग को 172 करोड़, उद्योग विभाग को 122 करोड़, पथ निर्माण विभाग को 365 करोड़, ग्रामीण विकास विभाग को 136 करोड़, जल संसाधन विभाग को 162 करोड़, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण को 470 करोड़, शिक्षा विभाग के लिए 371 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।

## मुख्यमंत्री से विधायक लंबोदर महतो ने टीटीपीएस के विस्तारीकरण की मांग की



रांची (आजाद सिपाही)। गोमिया विधायक डॉ लंबोदर महतो ने बुधवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिलकर ललपनिया स्थित तेनुघाट थर्मल पावर स्टेशन (टीटीपीएस) का विस्तारीकरण करने की मांग की है। उनके साथ कुलदीप प्रजापति विक्रम कुमार एवं जागेश्वर शर्मा भी मुख्यमंत्री से मिले। गोमिया विधायक ने मुख्यमंत्री को इस बात से अवगत कराया कि टीटीपीएस में 1550 मेगावाट का सुपर थर्मल पावर स्टेशन बनना था, 1550 मेगावाट के लिए पर्याप्त मात्रा में भूमि अधिग्रहण, रोड रेल लाइन, टाउनशिप सीडब्ल्यू पंप हाउस एवं कोल हैंडलिंग प्लांट का निर्माण किया जा चुका है। विस्तारीकरण में बहुत ही कम खर्च में निर्माण किया जा सकता है। इससे पूरे राज्य में बिजली की समस्या से निजात पाया जा सकता है। साथ ही बेरोजगारी की समस्या को भी कम किया जा सकता है लेकिन स्थापना के करीब 40 वर्ष बीत जाने पर भी टीटीपीएस का विस्तारीकरण नहीं हो पाया है।

# मेहमानों को मोदी@20 पुस्तक भेंट की

**जी 20 मीटिंग में शामिल होने पहुंचे अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधियों का सांसद, विधायक, महापौर, उपमहापौर ने किया स्वागत**



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड रांची में आयोजित जी 20 सम्मेलन में भाग लेने के लिए रांची पहुंचे अतिथियों का अंगवस्त्र और मोदी @20पुस्तक भेंट कर स्वागत किया। स्वागत करने वालों में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश, नेता विधायक दल एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी, सांसद संजय सेठ, मुख्य सचेतक बिरंची नारायण, भाजपा की राष्ट्रीय मंत्री एवं रांची की महापौर आशा लकड़ा, उपमहापौर संजीव विजयवर्गीय शामिल थे।

**विभिन्न धार्मिक संगठनों के द्वारा दीपोत्सव मनाया**

जी 20 समिट के पूर्व संध्या पर सांसद संजय सेठ के आह्वान पर रांची के अल्बर्ट एक्का चौक, स्वामी विवेकानंद चौक, अंबेडकर चौक और भगवान बिरसा मुंडा के प्रतिभा के सामने रांची के विभिन्न धार्मिक संगठनों के द्वारा दीपोत्सव मनाया गया। अतिथियों का स्वागत कर वसुधैव कुटुंबकम का संदेश दिया।

# घरेलू गैस सिलेंडर पचास रुपये महंगा, बैंक लोन भी महंगा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** होली से पहले आम जनता को महंगाई का झटका मिला है। रसोई गैस की कीमतों में करीब आठ महीने बाद बढ़ोत्तरी की गयी है। बता दें कि घरेलू एलपीजी सिलेंडर की कीमत 50 रुपये बढ़ा दी गयी है। देश में हर महीने की पहली तिथि को कई बड़े बदलाव होते हैं। इस बार भी महीने की पहली तारीख यानी 1 मार्च को कई बड़े बदलाव हुए हैं। इनमें से कुछ आपकी जेब कट सकती है। बता दें, गैस वितरण कंपनियों ने रसोई गैस सिलेंडर के अलावे 19 किलोग्राम वाले कमर्शियल सिलेंडर के दाम में भी 350.50 रुपये का बड़ा इजाफा किया है।

वहीं बैंक ऑफ इंडिया ने अपने मार्जिनल कॉस्ट ऑफ फंड्स बेस्ड लैंडिंग रेट यानी कर्ज की दरों में 10 बेसिक प्वाइंट की बढ़ोत्तरी की है। बैंक के अनुसार, 1 मार्च, 2023 से नयी एमसीएलआर दर लागू कर दी गयी है। इस बीच अब बैंक कस्टमर को भी अपनी जेब ढीली करनी पड़ेगी।

# श्री श्याम मित्र मंडल ने भव्य शोभायात्रा निकाली



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** श्री श्याम मित्र मंडल के 51वें स्थापना दिवस के अवसर पर पंच दिवसीय अमृत महोत्सव के दूसरे दिन बुधवार को 751 पवित्र ध्वजा की शोभायात्रा निकाली गयी।

शोभायात्रा प्यादा टोली, महावीर चौक, गांधी चौक सहित कोतवाली रोड, जेजे रोड, कार्ट सराय रोड, गाड़ीखाना होते हुए हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर पहुंची।

सभी भक्तों ने अपनी-अपनी मनोकामनाओं के साथ खाटू नरेश को पवित्र पूजित ध्वजा निशान अर्पित किया। मंदिर के सहयोगी अरुण लुधियाने, श्री हनुमान जी महाराज को ध्वजा निशान अर्पित किया।

शोभा यात्रा के मार्ग में अनेकों जगह स्वागत तथा पुष्प वर्षा की गयी। पूरे मार्ग में लगभग 20000 पैकेट प्रसाद का वितरण किया गया। एक सौ से ज्यादा कार्यकर्ता महोत्सव संयोजक और मंडल के मंत्री गौरव अग्रवाल के मार्गदर्शन में शोभायात्रा का संचालन कर रहे थे। शोभायात्रा में गौरव अग्रवाल मोनू, श्रवण जी, प्रदीप राजगढ़िया, अनिल, पंकज गाड़ोदिया, रोशन दिनेश अग्रवाल, कृष्ण शर्मा, विशाल कुमार इत्यादि शामिल थे।

## चुटिया में भव्य कलश शोभायात्रा निकाली



रांची (आजाद सिपाही)। श्री त्रिलोकीनाथ महादेव मंदिर कृष्णापुरी कॉलोनी आलू गोदाम चुटिया स्थित नवनिर्मित मंदिर में चार दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान का शुभारंभ बुधवार को हुआ। इस अवसर पर मंदिर परिसर से भव्य कलश शोभायात्रा मंदिर प्रांगण से होते हुए साउथ रेलवे कॉलोनी का भ्रमण करते हुए पुनः मंदिर परिसर में पहुंची। इस शोभायात्रा में ढाई हजार से अधिक श्रद्धालु शामिल हुए। इस संबंध में मंदिर निर्माण समिति के कोषाध्यक्ष सत्येंद्र रजक ने कहा कि प्राण प्रतिष्ठा सहित चार दिवसीय अनुष्ठान पंडित नंदकिशोर दुबे के नेतृत्व में संपन्न कराया जा रहा है। मंदिर में शिवलिंग के साथ शिव परिवार, राम दरबार, राधा कृष्ण, बजरंगबली और भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा भी स्थापित की जा रही है। प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान के मुख्य यजमान अरविंद आनंद और नीलम आनंद हैं। समिति के अध्यक्ष मंटू पांडेय, उपाध्यक्ष अंशु मिश्रा, सचिव सुरेंद्र कुमार, प्राण प्रतिष्ठा समारोह के सफल आयोजन में लगे हैं। पूरे कार्यक्रम के आयोजन के लिए गठित समिति में अंजय मेहता प्रिया प्रकाश चौधरी सुबोध पांडेय, राजकुमार पांडेय, संतोष राजन, साहिल रंजन, मुकेश प्रसाद, सीएम सिंह राजपूत, बसंत रजक, उमेश केसरी, हैप्पी मिश्रा, संजय कुमार सिन्हा, कुंदन सिंह, हर्ष सिन्हा, राजीव वर्मा, अनीश कुमार, धर्मवीर सहिस, विनीत रंजन शामिल हैं।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### डीएवी हेहल में छात्र को किया गया सम्मानित



रांची (आजाद सिपाही)। बुधवार को डीएवी पब्लिक स्कूल हेहल के प्राचार्य एमके सिन्हा ने छात्र उज्ज्वल कुमार को शॉल एवं स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। उज्ज्वल कुमार ने गत वर्ष जेईई 2022 की मेंस परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया था। वह इस समय आइआइटी खड़गपुर से मेकेनिकल इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर रहा है। श्री सिन्हा ने इस दौरान कहा कि अगर छात्रों में सच्ची लगन हो, तो सफलता किसी की मोहताज नहीं होती है।

### आइडीए ने डॉ विवेक कुमार को सम्मानित किया



रांची (आजाद सिपाही)। बुधवार को इंडियन डेंटल एसोसिएशन के द्वारा अब्दुल कलाम हॉल, मुंबई में आयोजित एनुअल जेनरल मीटिंग में डॉ विवेक कुमार को सम्मानित किया गया। डेंटल कौंसिल ऑफ इंडिया कार्यकारिणी समिति के सदस्य सह झारखंड स्टेट डेंटल काउंसिल के अध्यक्ष डॉ विवेक कुमार को यह सम्मान डेंटल काउंसिल के हित और बेहतरी को लेकर किये गये डेंटल कौंसिल के प्रति उल्लेखनीय और सहरानीय कार्य के लिए दिया गया। डॉ विवेक कुमार को इंडियन डेंटल एसोसिएशन के सचिव डॉक्टर अशोक दोबल ने सम्मानित करते हुए उनके द्वारा डेंटल काउंसिल के प्रति समर्पित रूप से किये गये अथक सफल प्रयास के साथ-साथ इस उल्लेखनीय कार्य की सराहना की। इस अवसर पर उन्हें इस उपलब्धि के लिए इंडियन डेंटल एसोसिएशन के सचिव डॉ अशोक दोबल, डॉ पुनीत गिरिधर, डॉ राजीव गुप्ता, डॉ राजीव चूग सहित डेंटल कौंसिल के सभी पदाधिकारियों ने शुभकामनाएं और बधाई दी।

### प्रो सुरेश प्रसाद सिंह को किया गया सम्मानित



रांची (आजाद सिपाही)। रांची विवि भूगर्भ विज्ञान के पूर्व प्रोफेसर और वीर कुंवर सिंह आरा विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो सुरेश प्रसाद सिंह को डॉ एस राधाकृष्णन एजुकेशन एवार्ड से सम्मानित किया गया। यह एवार्ड उन्हें शिक्षा में विशिष्ट योगदान के लिए इंस्टीट आफ ओरियंटल, हेरिटेज, कोलकाता द्वारा 24 से 26 फरवरी तक होनेवाले अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में प्रदान किया गया। यह अवार्ड फरवरी 2023 को रवींद्र भवन एडीटोरियम कोलकाता में पश्चिम बंगाल के कृषि मंत्री एस चट्टोपाध्याय और कुलपति रामकृष्ण शास्त्री द्वारा प्रदान किया गया। इस अवसर पर कई विश्वविद्यालयों के कुलपतियों तथा शिक्षाविदों ने उन्हें बधाई दी।

### एआइटीआइएसएम-विजन 2035 पर कार्यक्रम आयोजित

रांची (आजाद सिपाही)। कंप्यूटर सोसायटी ऑफ इंडिया (सीएसआइ), रांची चैप्टर के तत्वावधान में बुधवार को ऑटोमेशन एंड इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी इन स्टील, माइनिंग एंड अदर मैन्युफैक्चरिंग इंडस्ट्रीज (एआइटीआइएसएम-23): विजन 2035 का सेल कम्युनिटी हॉल में आयोजन हुआ। कार्यक्रम में डॉ हरवर्धन सिंह वालिया, अध्यक्ष, कोल साइंस इंक. हाइलैंड, इंडियाना, संयुक्त राज्य अमेरिका ने विभिन्न प्रकार के कोयले के बारे में चर्चा की और अपेक्षित मेटलर्जिकल कोक गुणों के लिए कोयले की डिजाइन की विस्तृत जानकारी दी। प्रौद्योगिकी के हस्तक्षेप का परिचय देते हुए डॉ वालिया ने प्रक्रिया और सामग्री की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए, कोयले की यात्रा के हर चरण में अभिनव प्रेडिक्टिव मॉडल के उपयोग की जानकारी दी।

### आइपीएस सुनील भास्कर बने रांची के प्रभारी डीआइजी

रांची (आजाद सिपाही)। रांची डीआइजी अनीश गुप्ता के केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर जाने के बाद झारखंड पुलिस मुख्यालय की ओर से सीआइडी डीआइजी सुनील भास्कर को रांची डीआइजी का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। इस संबंध में अधिसूचना जारी की गयी है। अनीश गुप्ता को सीबीआइ का डीआइजी बनाया गया है। अनीश गुप्ता 2008 बैच के तेज तर्रार आइपीएस अधिकारी हैं।

### निलंबित आइएएस पूजा सिंघल इडी कोर्ट में सशरीर हुईं हाजिर

रांची (आजाद सिपाही)। मनी लॉड्रिंग की आरोपित निलंबित आइएएस पूजा सिंघल बुधवार को इडी के विशेष न्यायाधीश प्रभात कुमार शर्मा की अदालत में सशरीर हाजिर हुईं। इस दौरान उनके अधिवक्ता ने कोर्ट से आग्रह किया कि चार्जफ्रेम से पहले डिस्चार्ज फाइल करने के लिए एक सप्ताह का समय दिया जाये। इस पर कोर्ट ने उनके आग्रह को नहीं मानते हुए गुरुवार को डिस्चार्ज फाइल करने का निर्देश दिया है। अदालत ने मामले पर अगली सुनवाई की तिथि 2 मार्च निर्धारित की है। पूजा को सशरीर हाजिर होने का भी निर्देश दिया है। उल्लेखनीय है कि पूजा सिंघल पर खूंटी मनरेगा घोटाला के जरिये करोड़ों की संपति अर्जित करने और घोटाला के जरिये कमाये हुए पैसों को कई जगहों पर निवेश करने का आरोप है।

उत्तर रेलवे
आज़ादी का अमृत महोत्सव | G20
इलेक्ट्रॉनिक निविदा ई–प्रणाली के अंतर्गत
मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण
टेंडर नोटिस सं. 90/2022-2023 दिनांक 01.03.2023
भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली–110001 द्वारा इच्छुक फर्मों से निम्नलिखित मदों के लिये ई–निविदा आमंत्रित की जाती है :–

| क्र. सं. | निविदा सं. | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 02222518A | निकल कैडमियम बैटरी सेट 450 ए एच | 09 सेट | 22.03.23 |
| 2 | 15225008A | वन सेट ऑफ इक्विपमेंट्स फॉर पी एम एस | एज पर निविदा | 24.03.23 |
| 3 | 03222226 | कोरेटिव थर्मोसेट्टिंग सिंथेटिक रेसिन बॉडेड लैमिनेटेड शीट | 28580 नग | 27.03.23 |
| 4 | 77236003 | रनिंग कॉन्ट्रैक्ट फॉर सी एम एस क्रासिंग 60 किलोग्राम | 100 सेट | 03.04.23 |
| 5 | 07221552 | पैकिंग रिंग–13 एम एम थिक फॉर व्हील ट्रेंड वियर | 29394 नग | 01.05.23 |

निविदा शर्ते–1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानि www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जायेगी।
652/23
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## बेंगलुरू से आयी नैक की टीम के साथ आरयू का स्टेट वाइज एनालिसिस रिपोर्ट कार्यक्रम संपन्न



**रांची (आजाद सिपाही)।** आर्यभट्ट सभागार में बेंगलुरू से आयी नैक टीम के तीन सदस्यों के साथ कुलपति आरयू प्रो. डॉ अजीत कुमार सिन्हा तथा आरयू के हेड, डीन, प्राध्यापकों का एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में सबसे पहले नैक टीम के तीन सदस्यों डॉ. डीके. कामले, डॉ नीलेश पांडेय और डॉ श्रीकांत स्वामी का झारखंड के पारंपरिक गीत नृत्य से स्वागत किया गया। कुलपति डॉ. अजीत कुमार सिन्हा, कुलसचिव डॉ मुकुंद चंद्र मेहता तथा जीएस झा ने नैक के तीनों सदस्यों को शॉल ओढ़ा कर और बिरसा मुंडा का स्मृति चिह्न देकर स्वागत किया। आइक्यूएसी कोऑर्डिनेटर डॉ स्मृति सिंह ने स्लाइड शो के माध्यम से रांची विश्वविद्यालय की स्थापना से लेकर वर्तमान तक की उपलब्धियों, रांची विश्वविद्यालय में चल रहे विभिन्न कोर्सों, कॉलेजों तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेल में आरयू के छात्रों के योगदान के बारे में विस्तार से बताया। इस कार्यक्रम में कुलपति के साथ कुलसचिव डॉ मुकुंद मेहता, परीक्षा नियंत्रक डॉ आशष कुमार झा, डॉ जीएस झा, सभी विभागों के हेड, डीन, विभिन्न कॉलेजों से आये शिक्षक, प्राचार्य तथा छात्र उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन डॉ स्मृति सिंह ने किया।

## विदाई समारोह का आयोजन



**रांची (आजाद सिपाही)।** श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय रांची में लंबी अवधि तक अपनी सेवा देने वाले वरीय लेखापाल के पद पर कार्यरत अरशद हुसैन और बॉटनी विभाग के देबू राम के सेवानिवृत्त होने पर शिक्षककेत्तर संघ कार्यालय में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर संघ की ओर से दोनों कर्मियों को उनके आगामी जीवन के लिए शुभकामनायें देते हुए तत्काल संघ की ओर से 25 हजार की धनराशि चेक के माध्यम से प्रदान की गयी। उनके सेवानिवृत होने पर विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य और कुलसचिव डॉ नमिता सिंह ने उन्हें शुभकामनाएं दी।

## कोल इंडिया में सीयूजे की शोधार्थी का कम्युनिटी डेवलपमेंट ऑफिसर के पद पर हुआ चयन

**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय (सीयूजे) के डिपार्टमेंट ऑफ एंथ्रोपोलॉजी एंड ट्राइबल स्टडीज (मानवविज्ञान एवं जनजातीय अध्ययन विभाग) की शोधार्थी प्रियंका ठाकुरी का चयन कोल इंडिया के सीसीएल कंपनी में बतौर कम्युनिटी डेवलपमेंट ऑफिसर के पद पर हुआ है। रांची के नामकुम प्रखंड की निवासी प्रियंका ने वर्ष 2022 में कोल इंडिया के मैनेजमेंट ट्रेनी की अखिल भारतीय चयन परीक्षा दी थी। परीक्षा में चयन के बाद उन्हें सीसीएल कंपनी में कॉपोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी (सीएसआर) डिपार्टमेंट में कार्यभार मिला है। इस चयन से उनके परिवार तथा विश्वविद्यालय में हर्ष का माहौल है। प्रियंका के अनुसार नियमित पढ़ाई की बदौलत आज उन्हें यह उपलब्धि प्राप्त हुई हैं। उनकी दसवीं की पढ़ाई लोरेटो कॉन्वेंट रांची एवं 12वीं की पढ़ाई डीएवी कपिलदेव कडरू से हुई है। उनका स्नातक काशी हिंदू विश्वविद्यालय से तथा स्नातकोत्तर इग्नू से रूरल डेवलपमेंट में हुआ है। उन्होंने यूजीसी नेट की परीक्षा भी उत्तीर्ण की है। वर्तमान में वह झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय में डॉ शमशेर आलम के निर्देशन में जनजातीय बहुल क्षेत्रों में भूमि अधिग्रहण एवं उनसे जुड़े मुद्दों पर पीएचडी शोध कर रही हैं। इस चयन पर झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय परिवार उनको बधाई देता है।

## डीएवी आलोक स्कूल में 12वीं के विद्यार्थियो का विदाई समारोह



**रांची (आजाद सिपाही)।** अरगोड़ा-नयासराय पथ स्थित डीएवी आलोक पब्लिक स्कूल में आज दिनांक 01/03/2023 प्रातः 10 बजे से बारहवीं कक्षा के छात्रों एवं छात्राओं का विदाई समारोह ग्यारहवीं कक्षा के छात्रों एवं छात्राओं के द्वारा आयोजित किया गया। इस अवसर पर ग्यारहवीं के छात्रों एवं छात्राओं ने अनेकानेक रंगारंग कार्यक्रमों का मंचन करते हुए मिस्टर एंड मिस फेयरवेल मिस्टर अतुल्य और मिस प्रीति की घोशणा करते हुए बारहवीं कक्षा के छात्रों एवं छात्राओं की विदाई दी। इस अवसर पर प्राचार्य अपने आर्शीवचन में कहा कि अपने जीवन के लक्ष्य की प्राप्ति हेतु आदर्शो पर चलते हुए राष्ट्र के उत्थान के लिए अपनी भागीदारी सुनिष्चित करते हुए कड़ी मेहनत करें। आगे उन्होंने कहा कि परिश्रम का कोई अन्य विकल्प नहीं होता। इस अवसर पर शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भी बच्चो के उज्जवल भविश्य की कामना करते हुए आर्शीवचन दिए।

## ऑक्सफोर्ड में एक दिवसीय इनहॉउस शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन



**रांची (आजाद सिपाही)।** ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूलए रांची के सभागार में एक दिवसीय इनहॉउस शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका विषय था। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020। प्रशिक्षण कार्यक्रम का आरंभ विद्यालय के प्राचार्य राज किशोर शर्मा, विद्यालय के उप प्राचार्य सह सीबीएसइ से चयनित प्रशिक्षण कार्यक्रम के रिसोर्स पर्सन केआर झा जूनियर विंग इंचार्ज रवि शेखर एवं नर्सरी विंग इंचार्ज सोमा घोष ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम सीबीएसइ पाठ्यक्रम के अंतर्गत आयोजित किया गया था जिसका विषय था, एनइपी 2020। रिसोर्स पर्सन केआर झा ने प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान एनइपी 2020 से संबंधित सभी महत्वपूर्ण जानकारियां उपलब्ध करवाई। जिसमें उन्होंने बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ अनेक प्रकार के सहगामी प्रशिक्षण, व्यक्तिगत आचरण, भेदभाव रहित आचरण, प्रारंभिक बचपन की देखभाल, शिक्षक प्रशिक्षण को मजबूत करना, मौजूदा परीक्षा प्रणाली में सुधार और शिक्षा के ढांचे में सुधार जैसे आवश्यक क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित किया। विद्यालय के प्राचार्य राज किशोर शर्मा ने कार्यक्रम को अति आवश्यक एवं इसे भविष्य में कारगर बताते हुए इस कार्यक्रम की प्रशंसा की। जूनियर विंग इंचार्ज रवि शेखर ने कार्यक्रम को रोचक एवं महत्वाकांक्षी बताते हुए कहा कि इससे सभी शिक्षक-शिक्षिकायें एवं छात्र-छात्राएं अवश्य ही प्रेरित होंगे। नर्सरी विंग इचार्ज सोमा घोष ने कार्यक्रम को विशिष्ट बताते हुए कहा कि यह कार्यक्रम अवश्य ही शिक्षकों तथा उनके द्वारा पढ़ाए जाने वाले विद्यार्थियों के लिए लाभप्रद साबित होगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय की सीसीए इंचार्ज कुमारी वीणा, सुचंद्रा डे एवं कंप्यूटर शिक्षक राजर्षी सुराल एवं अन्य शिक्षक-शिक्षिकाओं ने महत्त्वपूर्ण भूमिका निभायी।

# राज्य के चिकित्सक 24 घंटे के कार्य बहिष्कार पर



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्य में लगातार हो रहे चिकित्सकों पर हमले को लेकर इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आइएमए) और झारखंड स्वास्थ्य सेवा संघ (झासा) के संयुक्त आह्वान पर राज्यभर के चिकित्सकों ने बुधवार को स्वास्थ्य सेवाओं को ठप कर दिया। हालांकि, इमरजेंसी सेवा और इंडोर में भर्ती मरीजों के इलाज को हड़ताल से बाहर रखा गया है।

यह कार्य बहिष्कार गुरुवार की सुबह छह बजे तक रहेगा। एसोसिएशन के सदस्यों ने रिम्स, सदर अस्पताल और निजी अस्पतालों में पहुंच कर ओपीडी को बंद कराया और रिम्स हॉल के समक्ष धरने पर बैठे गये। आइएमए के सचिव डॉ प्रदीप कुमार सिंह ने कहा कि चिकित्सकों पर हो रहे हमले को लेकर पूरे चिकित्सक समाज में आक्रोश है। राज्य में विकट परिस्थिति बन गयी है।

उन्होंने कहा कि हजारीबाग, पेटरवार, गोड्डा, लोहरदगा, गढ़वा और रांची में भी हाल के दिनों में चिकित्सकों के साथ मारपीट की घटनाओं को अंजाम दिया गया है। हड़ताल करने की हमारी इच्छा नहीं है, लेकिन जब सरकार ने चिकित्सकों की सुधि नहीं ली, तब मजबूरन हमें ऐसा कदम उठाना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि जब 23 राज्यों में मेडिकल प्रोटेक्शन एक्ट लागू है, तो फिर झारखंड में क्यों नहीं? डॉ प्रदीप ने कहा कि यदि ऐसी स्थिति बनी रही, तो भविष्य में राज्य भर की चिकित्सा व्यवस्था ठप हो जायेगी। इसकी सारी जवाबदेही सरकार की होगी।

**डॉक्टरों से दुर्व्यवहार चिंता का विषय: रोहित**

चिकित्सकों का आंदोलन जारी है इसी बीच युवा कांग्रेस के महासचिव सह रांची विधानसभा प्रभारी रोहित सिन्हा ने कहा है कि डॉक्टरों से दुर्व्यवहार चिंता का विषय है। इनकी सुरक्षा प्रशासन और समाज दोनों की जिम्मेदारी है।कोई भी इस तथ्य से इंकार नहीं कर सकता है कि पिछले कुछ दिनों में डॉक्टर असुरक्षित और डरा हुआ महसूस कर रहे हैं। इसी वजह से चिकित्सक कार्य बहिष्कार करने को मजबूर है। डॉक्टरों के दिमाग में असुरक्षा की भावना लगातार मंडरा रही है।

### सरकार अनदेखी कर रही : डॉ भारती कश्यप

**डॉ भारती कश्यप, राष्ट्रीय सह अध्यक्ष एवं प्रदेश अध्यक्ष विमेन डॉक्टर्स विंग झारखंड ने कहा कि मेडिकल प्रोटेक्शन एक्ट यह हमारी वर्षों से अनसुनी मांग है जिसे सरकार बार-बार अनसुनी कर रही है। दूरदराज के क्षेत्रों में सुरक्षा के अभाव में आये दिन डॉक्टरों के साथ मारपीट होती है अब तो राजधानी के नामी गिरामी डॉक्टरों की जान पर खतरा हो गया है। इससे सबसे ज्यादा नुकसान राज्य की जनता के स्वास्थ्य सुविधा पर है। हम लोगों ने इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के प्लेटफार्म से डॉक्टर सौरभ एवं डॉक्टर हाजरा दंपत्ति के परिजनों के मदद के लिए अपील की। लेकिन सरकार ने इस संवेदनशील मामले की भी अनदेखी कर दी।**

## रामगढ़ का विधायक कौन, फैसला आज

### 405 बूथों की मतगणना 11 राउंड में होगी पूरी

बीरू कुमार

**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव की मतगणना की तैयारी पूरी हो चुकी है। बुधवार को डीसी, एसपी, एसडीओ और अन्य अधिकारियों ने काउंटिंग हॉल की सुरक्षा का जायजा लिया। निर्वाचित पदाधिकारी मोहम्मद जावेद हुसैन ने बताया कि गुरुवार की सुबह 8:00 बजे मतगणना शुरू होगी। मतगणना के लिए 40 टेबल लगाये गये हैं। 11 राउंड में रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव की मतगणना पूरी हो जायेगी। कुल 405 बूथ के लिए मतगणना कर्मचारियों को प्रशिक्षण भी दिया जा चुका है। उन्होंने बताया कि सुरक्षा को लेकर रामगढ़ कॉलेज के प्रवेश द्वार से लेकर अंदर तक सीआरपीएफ के जवान लगाये गये हैं। अधिकारियों और कर्मचारियों के प्रवेश के लिए अलग द्वार बनाये गये हैं, जबकि काउंटिंग एजेंट और उम्मीदवारों के लिए अलग द्वार बनाये गये हैं। सभी द्वार पर मजिस्ट्रेट और पुलिस को तैनात किया गया है। जिन लोगों को पास निर्गत किया गया है, उनके अलावा किसी भी व्यक्ति को प्रवेश नहीं करने दिया जायेगा। मीडिया कर्मियों के समक्ष स्ट्रांग रूम की सील खुलेगी और उसके बाद मतगणना प्रारंभ होगी।

2 मार्च को मतगणना होनी है, उससे पहले ही प्रत्याशियों के दिल की धड़कनें भी बढ़ गयी हैं। मतगणना से पहले कोई भी उम्मीदवार मीडिया से कुछ भी बात करना नहीं चाह रहा है। आजसू और कांग्रेस के उम्मीदवार अपने कार्यकर्ताओं के साथ मंथन भी कर चुके हैं। दोनों ही पार्टी अभी तक अपनी जीत सुनिश्चित करने की बात कर रही है। ऊंट किस कर-वट बैठेगा यह तो गुरुवार की दोपहर तक साफ हो जायेगा।

## 33 आइएएस अफसरों को मिला प्रमोशन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्य सरकार ने भारतीय प्रशासनिक सेवा के 33 अधिकारियों को संयुक्त सचिव रैंक से अपर सचिव रैंक में प्रोन्नति दी है। 2010 बैच के इन प्रमोटी आइएएस अधिकारियों को कनीय प्रशासनिक कोटि के वेतनमान लेबल-12-78800-209200 में प्रोन्नति दी गयी है। सभी अधिकारियों को वर्तमान पदस्थापन स्थान पर ही उनके पद को उत्क्रमित कर पदस्थापित भी किया गया है। इस संबंध में कार्मिक विभाग ने अधिसूचना जारी कर दिया है।


### इन्हें मिली प्रोन्नति

नेसार अहमद, निदेशक बागवाणी, जेपीएससी सचिव, रवि रंजन मिश्रा, संयुक्त सचिव स्वास्थ्य, आलोक त्रिवेदी, डीडीसी गोड्डा, संजय सिन्हा, संयुक्त सचिव ऊर्जा विभाग मनोज जयसवाल, अपर नगर आयुक्त चास नगर निगम, अनिल कुमार सिंह, संयुक्त सचिव खान एवं भूतत्व विभाग हरि कुमार केशरी, संयुक्त सचिव अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक और पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग जगबंधु महथा, परियोजना निदेशक, समेकित जनजाति विकास अभिकरण, लातेहार बिंदेश्वरी ततमा, निदेशक, राष्ट्रीय नियोजन कार्यक्रम धनबाद इंदु रानी, डीडीसी सिमडेगा, अरुण वाल्टर सांगा, संयुक्त सचिव राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग दशरथ चंद्र दास, संयुक्त सचिव राजस्व भूमि सुधार विभाग सुमन कैथरिन केरकेट्टा, संयुक्त सचिव खान विभाग बाल किशुन मुंडा, संयुक्त सचिव कैबिनेट लालचंद डाडेल, संयुक्त सचिव मंत्रिमंडल निर्वाचन विभाग गायत्री कुमारी, डीडीसी रामगढ़, नागेंद्र कुमार, अपर समाहर्ता रामगढ़ नेलसन एयोन बागे, संयुक्त सचिव राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग अंजनी कुमार मिश्र, संयुक्त सचिव आइटी संजय बिहारी अंबष्ठ, संयुक्त सचिव ऊर्जा विभाग अंजनी कुमार दुबे, संयुक्त सचिव श्रम विभाग अमित प्रकाश, अपर समाहर्ता खूंटी अरविंद कुमार, संयुक्त सचिव वन विभाग राजू रंजन राम, संयुक्त सचिव श्रम नियोजन, पवन कुमार, बंदोबस्त पदाधिकारी पलामू, संयुक्त सचिव स्कूली साक्षरता विभाग अक्षय कुमार सिंह, संयुक्त सचिव गृह, कारा मनोमोहन प्रसाद, डीडीसी शशिभूषण मेहरा, संयुक्त सचिव गृह, प्रदीप तिग्गा, संयुक्त सचिव गृह, कारण पूनम प्रभा तिर्की, संयुक्त सचिव नगर विकास विभाग ज्ञानेंद्र कुमार, क्षेत्रीय निदेशक जियाडा रांची अजय कुमार सिंह।

## पर्यावरण मेले के आठवें दिन रिसाइक्लिंग एंड सस्टेनबिलिटी पर परिचर्चा

**रांची (आजाद सिपाही)।** रांची के मोरहाबादी मैदान में चले रहे पर्यावरण मेले के आठवें दिन रिसाईक्लिंग एंड सस्टेनबिलिटी विषय पर परिचर्चा का आयोजन किया गया। बुधवार को अयोजित परिचर्चा में रिसाइकिलिंग एंड इन्वायरमेंट इंडस्ट्री एसोसिएशन ऑफ इंडिया के सचिव सह महानिदेशक राजेंद्र पी शर्मा ने अपने व्याख्यान में कहा कि विकास के फेर में हम अपने मूल सिद्धान्तों को भूल गये है। अगर हम लोग अपनी लाइफ स्टाइल को नहीं बदलेंगे तो आने वाले दिनों में दिक्कतें ज्यादा बढ़ जाएंगी। परिचर्चा के मुख्य अतिथि एवं बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ प्रो ओएन सिंह ने अपनी बातें रखी। मेला में प्रवेश निःशुल्क होने से मेला में आज काफी भीड़ एवं चहल-पहल रहा। कस्तूरबा खादी ग्रामोद्योग संस्थान, मुरी, रांची, खादी ग्रामोद्योग संस्थान, धनबाद, आदिम जाति समग्र विकास परिषद, रांची, खादी ग्रामोद्योग संस्थान, बिष्टुपुर एवं झारखंड राज्य खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड जैसे नामचीन खादी स्टॉल लगाये गये है।

## झारखंड पार्टी राज्य में तीसरे मोर्चे का विकल्प देना चाहती थी और इसमें पार्टी कामयाब रही: अशोक भगत



**रांची (आजाद सिपाही)।** रामगढ़ उपचुनाव का परिणाम गुरुवार को आयेगा। उप चुनाव के परिणाम आने से पहले सभी दल अपनी-अपनी जीत का दावा कर रहे है। झारखंड पार्टी के प्रधान महासचिव अशोक भगत ने कहा हम लोग अपनी दावेदारी मजबूती से रखा है। झारखंड पार्टी को रामगढ़ उपचुनाव में खोने के लिए कुछ नहीं है। उन्होंने कहा कि रामगढ़ उपचुनाव में झारखंड पार्टी के उम्मीदवार संतोष महतो को जनता का व्यापक समर्थन मिला है। जीत हार किसी की भी होगी लेकिन यह जीत रामगढ़ की जनता की होगी। झारखंड पार्टी राज्य में तीसरे मोर्चे का विकल्प देना चाहता था और इसमें पार्टी कामयाब रही। राज्य की जनता एनडीए और यूपीए के बीच पीस रही थी। हमलोगों ने एक मजबूत विकल्प पेश किया है। इसका परिणाम आगामी चुनाव में देखने को मिलेगा।

## नालको में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** आजादी का अमृत महोत्सव के भाग तथा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस समारोह के अनुक्रम में, खान मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन 'नवरत्न' लोक उद्यम नालकोद्वारा नालको महिला समिति के समन्वय में 28 फरवरी को एक स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन नालकोनगर, भुवनेश्वर में किया गया। शिविर का उद्घाटन श्रीधर पात्र, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, नालको द्वारा सस्मिता पात्रा, अध्यक्षा, नालको महिला समिति की उपस्थिति में किया गया। शिविर में नालकोनियन एवं पारिवारिक सदस्यों तथा संविदा कामगारों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। सेंट्रल रेड क्रास ब्लड बैंक, कटक के सहयोग से 68 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया।

## भारत ने जीएसएमए गवर्नमेंट लीडरशिप अवार्ड 2023 जीता



**रांची (आजाद सिपाही)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व को वैश्विक मान्यता प्राप्त हुई है। मोबाइल संचार के लिए वैश्विक प्रणाली-जीएसएम संघ (जीएसएमए) ने दूरसंचार नीति और विनियमन में सर्वोत्तम प्रथाओं को लागू करने के लिए भारत को सरकारी नेतृत्व पुरस्कार 2023 प्रदान किया है। भारत द्वारा पुरस्कार प्राप्त करने की घोषणा करने के अवसर पर अपने संबोधन में संचार, इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी तथा रेलवे मंत्री, अश्विनी वैष्णव ने कहा, वैश्विक मोबाइल संचार प्रणाली संघ-जीएसएमए पुरस्कार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा किये गये दूरसंचार सुधारों की वैश्विक मान्यता का प्रतिनिधित्व करते हैं। सुधारों का असर हम सबने देखा है। आरओडब्ल्यू की अनुमति में पहले 230 दिन से अधिक समय लगता था, अब इसे 8 दिनों के भीतर स्वीकृति प्राप्त हो जाती है। 85 प्रतिशत से अधिक मोबाइल टावर क्लीयरेंस अब तात्कालिक हैं। 387 जिलों में लगभग 1 लाख स्थानों के साथ, भारत का 5-जी रोल-आउट दुनिया में सबसे तेज में से एक है। भारतीय दूरसंचार क्षेत्र एक उदीयमान क्षेत्र के रूप में उभरा है और पूरी दुनिया ने इस उत्थान पर ध्यान दिया है। वैश्विक मोबाइल संचार प्रणाली संघ-जीएसएमए, जो दूरसंचार ईकोसिस्टम में 750 से अधिक मोबाइल ऑपरेटरों और 400 कंपनियों का प्रतिनिधित्व करता है, हर वर्ष एक देश को मान्यता प्रदान करता है। बार्सिलोना में 27 फरवरी, 2023 को मोबाइल वर्ल्ड कांग्रेस द्वारा आयोजित समारोह में भारत को विजेता घोषित किया गया। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की 'डिजिटल इंडिया' परिकल्पना के बाद, सरकार सितंबर 2021 में संरचनात्मक और प्रक्रियात्मक सुधार लेकर आई। इसके बाद, लाइसेंस सुधार, पीएम गति शक्ति संचार पोर्टल का निर्माण, राइट ऑफ वे (आरओडब्ल्यू) को सुव्यवस्थित करने, स्पेक्ट्रम सुधार, उपग्रह सुधार आदि जैसी कई पहल की गईं।

## समारोह में भावभीनी विदाई दी



**रांची (आजाद सिपाही)।** चंद्रदेव रंजन, संयुक्त निबंधक सहयोग समितियां, उत्तरी छोटानागपुर को दिनांक 28/02/2023 को सेवानिवृति समारोह में भावभीनी विदाई दी गई। सहकारिता सेवा के वरीय पदाधिकारी रंजन, संयुक्त निबंधक सहयोग समितियां, उत्तरी छोटानागपुर, दिनांक 28/02/2023 को सेवानिवृत हो गए। समारोह के दौरान श्री रंजन ने अपने लगभग 34 वर्ष के लंबे सेवा काल के सफर का अपना अनुभव साझा किया। श्री रंजन ने प्रदेश के मुख्यमंत्री, सहकारिता मंत्री, सहकारिता सचिव, निबंधक सहयोग समितियां एवं सभी सहकर्मियों को धन्यवाद देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की। साथ ही इनके द्वारा सभी कर्मियों को मिलजुलकर रहने एवं अपने अधीनस्थ कार्यों को ससमय निष्पादन करने का संदेश दिया गया।

## अमेरिका की प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ गीता गुप्ता ने व्याख्यान दिया



**रांची (आजाद सिपाही)।** सरला बिरला विश्वविद्यालय की इकाई महादेवी बिरला इंस्टिट्यूट ऑफ नर्सिंग एंड क्लीनिकल टेक्नोलॉजी के एएनएम, जीएनएम एवं बीएससी नर्सिंग के नामांकित छात्रों के बीच रोल ऑफ क्वालिटी नर्सिंग इन मेडिकल प्रोफेशन शीर्षक पर न्यू जर्सी, अमेरिका की प्रख्यात चिकित्सक डॉ गीता गुप्ता द्वारा व्याख्यान दिया गया। उन्होंने कहा कि चिकित्सा क्षेत्र में नर्सिंग का महत्वपूर्ण स्थान है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर गोपाल पाठक ने अपने संबोधन में कहा कि चाहे कितने भी योग्य चिकित्सक क्यों न हो, उत्तम एवं गुणवत्तायुक्त नर्स के अभाव में वे अपने उद्देश्य को प्राप्त नहीं कर सकते। इस अवसर पर नर्सिंग की प्रिंसिपल डॉ सुबानी बाड़ा सहित सभी प्राध्यापक एवं छात्र छात्राएं उपस्थित थे।


### खोया-पाया

शपथ पत्र संख्या 33 दिनांक 10.02.2023 के अनुसार **मैं- सोमी खाखा,** पिता-दीपक खाखा, निवास ग्राम- बेड़ो, पो.- बेड़ो, थाना- बेड़ो, जिला- रांची झारखंड शपथपूर्वक ब्यान करती हूं कि निचे लिखी बातें मेरे जनकारी में सत्य एवं सही है :-

(1) यह है कि मैं उक्त पते का स्थायी निवासी हूं, तथा भारतीय नागरिक हूं।

(2) यह कि दिनांक 05.02.2023 को घर से विनय D.A.V. स्कूल विनय बगिचा जाने के क्रम में कुछ कागजात खो गया है, काफी ढूंढने पर भी नहीं मिला, जिसका विवरण निम्नवत है।

(क) मैट्रिक अंकशीट 2014 ICSE Board Delhi (Seventh-Day Adventist Higher Secondary School Khunti)

(ख) प्रवेश पत्र 2014 ICSE Board Delhi (Seventh-Day Adventist Higher Secondary School Khunti)

(3) यह कि यह शपथ पत्र कागजात खो जाने का सनहा दर्ज करने हेतू बनवाया गया है।

(4) यह है कि उक्त बाते मेरी जानकरी में सत्य एवं सही है, त्रुटि होने पर इसकी पूरी जवाबदेही मेरी होगी।



## VINOBA BHAVE UNIVERSITY, HAZARIBAG

### SHORT TENDER NOTICE

Sealed tender is invited for printing and supply of Blank Answer Books for university use as per following details:

| S.I. No. | Particuiars | Size | Page | Quantity (per Year) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Panting & Supply of Blank Answer Books perforated VBU Symbol, Printed Top Page as per Specimen no 70 gsm paper With serial number. | 27 cm length 22 cm width | 08 pages | 15, 00,000 (With option Clause of quantity) (±30%) |
| 2. | Earnest Money | Rs. 50,000 in form of Demand Draft in favour of Registrar, Vinoba Bhave University payable at Hazaribag | | |
| 3. | Last date for receipt of eh tender in the office of the registrar, V.B.U., Hazaribag | 14.03.2023 by 1:00 p.m. | | |
| 4. | Opening of tender in the presence of University Representative and tenderer or their representative, if any | 14.03.2023 by 3:00 p.m. | | |

Interested parties with minimum of three years experience of such work in university may participate, giving details of the firm, GST No., TIN No. and PAN No. past work credentials etc. The rate quoted should be exclusive of all taxes, transportation cost, packing etc. both in figures and in words. The undersigned reserves the right to cancel or reject the tender at any stage without assigning any reason, Tender paper can be downloaded from our website. www.vbu.ac.in

By order of the Vice-Chancellor
Sd/-
Registrar

Memo No. : VBU/Ex-463/R/803/2023
Dated : 01.03.2023

# क्यों बदलें नाम

ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और धार्मिक स्थलों के नाम बदलने के सवाल पर सोमवार को आया सुप्रीम कोर्ट का फैसला बेहद अहम है। कोर्ट ने उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें उससे नामांतरण आयोग गठित करने का आदेश देने की अपील की गयी थी। याचिका दायर करने वाले का कहना था कि देश में बहुत से ऐसे धार्मिक महत्व के स्थान हैं, जिनके नाम विदेशी हमलावरों ने बदल दिये। आज भी ऐसे कई स्थानों के नाम उन विदेशी हमलावरों या उनके सगे-संबंधियों के नाम पर हैं। मगर सुप्रीम कोर्ट ने ठीक ही यह सवाल उठाया कि आखिर इस तरह जगहों के नाम बदलने से हासिल क्या होने वाला है? ध्यान रहे, देश में पिछले कुछ समय से विभिन्न स्थानों के नाम बदलने को लेकर एक नये तरह का आग्रह देखा जा रहा है। ऐसे कुछ प्रमुख फैसले याद किये जाएं तो इलाहाबाद का प्रयागराज, फैजाबाद का अयोध्या, मुगलसराय का दीनदयाल उपाध्याय नगर, उस्मानाबाद का धाराशिव, औरंगाबाद का छत्रपति संभाजी नगर, होशंगाबाद का नर्मदापुरम, हबीबगंज रेलवे स्टेशन का रानी कमलापति रेलवे स्टेशन और मुगल गार्डेन का नाम बदलकर अमृत उद्यान किये जाने की बात ध्यान में आती है। सुप्रीम कोर्ट ने भी रेखांकित किया कि इस मुहिम से एक खास समुदाय की ओर उंगली उठती हुई दिखती है। इसमें खतरा यह है कि अपना समाज कहीं अतीत का कैदी बनकर न रह जाये। इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि हमारा देश और समाज लंबे समय तक विदेशी हमले झेलता रहा है। विदेशी गुलामी भी हमने झेली है। मगर इनसे जूझने और उबरने का भी हमारा गौरवपूर्ण इतिहास रहा है। ऐसे में हम अपनी इच्छा के अनुसार इतिहास के किसी हिस्से को हटा कैसे सकते हैं? इतिहास सिर्फ जानने, समझने और उससे सही सबक सीखने के लिए होता है। उसे बदलने का प्रयास उलटे नतीजे ला सकता है। आज की तारीख में जब हमारा देश विज्ञान और तकनीक समेत तमाम क्षेत्रों में आगे बढ़ रहा है, दुनिया के अन्य देश उत्सुकता और उम्मीदों के साथ हमारी ओर देख रहे हैं, तब अतीत को मनचाहे रूप में चित्रित करने के प्रयासों में अपनी ऊर्जा लगाना कई दृष्टियों से हानिकारक होगा। सबसे पहले तो यह एक समाज के रूप में हमारी प्राथमिकता को प्रभावित करता है, हमारी ऊर्जा को केंद्रित नहीं रहने देता। दूसरी बात यह कि अतीत के जो प्रेत दफन हो चुके हैं, जिन बहसों को समाज निपटाकर उनसे आगे बढ़ चुका है, वे सब फिर से हमारे वर्तमान का हिस्सा बन सकते हैं। ऐसा हुआ तो आधुनिक मूल्यों के साथ वर्तमान की चुनौतियों से जूझते हुए सुनहरे भविष्य की ओर बढ़ते हमारे कदम थम जाएंगे। समझदारी इसी में है कि सुप्रीम कोर्ट के ताजा फैसले में निहित संदेशों को सही रूप में ग्रहण कर हम भविष्य की यात्रा पर ध्यान केंद्रित करें।

**पिछले कुछ समय में देश के भीतर अलग-अलग जगहों का नाम बदलने की मांग उठी है। सुप्रीम कोर्ट ने इस प्रवृत्ति पर बेहद अहम फैसला दिया है। अदालत ने वाजिब सवाल पूछा कि ऐसे नाम बदलने से क्या हासिल होगा?**

अभिमत
आजाद सिपाही

**कांग्रेस के सामने 2024 के चुनाव में जाने को लेकर अभी कई सुविधाएं हैं, तो दूसरी ओर यह भी सच है कि वह अकेले भाजपा को हराने की हालत में नहीं है। उसे गठबन्धन में जाना ही होगा। यह अच्छी बात है कि कुछ दिनों पहले ही बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने एक जनसभा में बाकायदे कांग्रेस को विपक्षी एकता का नेतृत्व करने का आह्वान भी कर दिया। अब तो यही देखे जाने का इंतजार है कि कांग्रेस अकेली लड़ेगी या गठबन्धन के साथ?**

# कांग्रेस महाधिवेशन : सफलता को मतों में बदलने की चुनौती



डॉ. दीपक पाचपोर



26 फरवरी को छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में बेहद कामयाबी के साथ सम्पन्न हुआ कांग्रेस का महाधिवेशन न केवल पार्टी के लिये वरन उन सभी लोगों के लिये आशा की किरण बनकर आया है जो देश की बदहाली और भारतीय जनता पार्टी की केन्द्र सरकार की बढ़ती निरंकुशता से चिंतित हैं। महाधिवेशन राहुल गांधी की करीब चार हजार किलोमीटर लम्बी ऐतिहासिक और अत्यंत सफल पद यात्रा के बाद हुआ है। 'भारत जोड़ो यात्रा' की कामयाबी से स्वाभाविक रूप से पार्टी का नेतृत्व व काडर उत्साहित होकर अपने-अपने क्षेत्रों में लौट गया है। यह भी देखना होगा कि विपक्षी एकता का नेतृत्व करने की कांग्रेस से जो अपेक्षा की जा रही है, वह देश की सबसे पुरानी पार्टी पूरा कर पाती है या नहीं। इसके साथ ही असली सवाल तो यह है कि इस साल हो रहे विधानसभाओं और अगले साल होने जा रहे लोकसभा के चुनावों में पार्टी इस महाधिवेशन की सफलता को मतों में तब्दील कर पाती है या नहीं।

उल्लेखनीय है कि इस महाधिवेशन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केन्द्र में सत्तारुढ़ भारतीय जनता पार्टी और उसकी मातृ संस्था राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रति कांग्रेस की जो आक्रामकता बढ़ी हुई दिखी उसका प्रदर्शन वैसे तो राहुल काफी पहले से कर रहे हैं परन्तु वह परवान चढ़ी थी उनकी पद यात्रा के दौरान। 12 राज्यों को होकर गुजरी उनकी इस यात्रा में राहुल ने कई जगहों पर प्रेस कांफ्रेंस कीं और अनेक जनसभाएं लीं। सभी में उन्होंने मोदी सरकार की असफलता का विस्तृत खाका खींचते हुए देश में बढ़ रही गरीबी, भुखमरी, बेरोजगारी, महंगाई, शिक्षा व स्वास्थ्य की समस्याएं, कुछ कारोबारियों व उद्योगपतियों को बढ़ावा देने पर उनकी जमकर खिंचाई की थी। उन्होंने बार-बार बतलाया कि सरकार सभी मोर्चों पर असफल हुई है। जिन मामलों को राहुल ने उठाया था, उन्हीं के इर्द-गिर्द महाधिवेशन का एजेंडा घूमा है। इस अधिवेशन की एक और बड़ी उपलब्धि है पार्टी का पूर्णतः एकजुट होना। दल की आंतरिक समस्याएं समाप्त होती दिख रही हैं। कांग्रेस की निराशा व नाकामियों के दौर में पार्टी में बड़े नेताओं के बने जी-23 का भी इस पर कोई असर नहीं रहा और न ही उसका उल्लेख ही हुआ। कपिल सिब्बल, गुलाम नबी आजाद जैसे लोग तो पहले ही पार्टी छोड़ चुके हैं, कल तक नेतृत्व को गरियाने वाले संदीप दीक्षित घूम-घूमकर छोटे-बड़े चैनलों को पॉजिटिव बाइट्स देते नजर आ रहे थे ताकि फिर से अपनी जगह बना सकें। असंतुष्ट खेमे के एक और सदस्य आनंद शर्मा कहीं दिखे भी नहीं।

**इस अधिवेशन की एक और बड़ी उपलब्धि है पार्टी का पूर्णतः एकजुट होना।**

वैसे भाजपा की खिसियाहट का पता तभी चल गया था जब कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता पवन खेड़ा को 23 फरवरी को उस वक्त गिरफ्तार कर लिया गया था, जब वे महाधिवेशन के लिये रायपुर की प्लाइट पर सवार हो चुके थे। एक दिन पूर्व मोदी के पिता का नाम उन्होंने 'दामोदरदास' के बदले 'गौतमदास' ले लिया था। इसके खिलाफ असम में उनके खिलाफ एफआईआर लिखा दी गई थी। हालांकि सुप्रीम कोर्ट से उन्हें तत्काल जमानत भी मिल गई थी। इतना ही नहीं, रायपुर में कांग्रेस व उसकी प्रदेश सरकार के नजदीकी लोगों पर प्रवर्तन निदेशालय द्वारा छापे भी पड़वाये गये। हालांकि इससे पार्टी का मनोबल व साहस नहीं टूटा तथा आयोजन अंततः सफल ही रहा।

सम्भवतः भाजपा की यह निराशा और भी बढ़ सकती है क्योंकि कांग्रेस अब 'हाथ से जोड़ो हाथ' और पूर्व से पश्चिम की यात्रा निकाल रही है- 'भारत जोड़ो यात्रा-2'। पहली यात्रा व महाधिवेशन की सफलता से इसके पहले की ही तरह कामयाब होने के अनुमान हैं। चूंकि यात्रा ने राहुल की भाजपा-संघ द्वारा बनाई गई नकारात्मक छवि को ध्वस्त कर दिया है तथा वे एक संजीदा, समझदार, परिपक्व और संवेदनशील राजनेता के रूप में उभरे हैं, इसलिये इसे भाजपा के लिये खतरे की घंटी माना जा रहा है। यही कारण है कि यात्रा की समाप्ति के बाद उनसे आशा की जा रही है कि वे विपक्षी एकता के काम को आगे बढ़ाएं। लोग यह मान रहे हैं कि कांग्रेस के बिना विपक्षी एकता हो नहीं सकती और उसी के तहत गठबंधन संभव है। त्रिपुरा, मेघालय और नागालैंड के हुए चुनावों के परिणाम गुरुवार (दो मार्च) को आएंगे। उत्तर पूर्व के नतीजे क्या आते हैं, यह कहना मुश्किल है परन्तु जानकार लोगों का मानना है कि ये राज्य अक्सर केन्द्र की सरकार जिस पार्टी की हो, उसी के साथ जाना पसंद करते हैं। इसका कारण है कि विकास के लिये संघर्षरत ये सात बहनें (सभी उत्तर पूर्वी) पूरी तरह से केन्द्र की वित्तीय मदद पर आश्रित होती हैं। संसाधनों के अभाव के चलते उनकी स्वयं की बहुत कम आय का होना इसका प्रमुख कारण है।

सम्भवतः इसीलिये कांग्रेस ने इन राज्यों के विधानसभा चुनावों पर बहुत ध्यान नहीं दिया। हालांकि रणनीतिक तरीके से ऐसा करना उचित नहीं रहा। चाहे इन राज्यों में लोकसभा की कम ही सीटें हों; लेकिन जब संघर्ष कांटे का हो तो एक-एक स्थान के लिये जान लड़ानी होगी। किसी भी राजनैतिक पार्टी के लिये ऐसी उपेक्षा उसके खिलाफ जा सकती है- वोटों के लिहाज से और जनता की उसके प्रति मानसिकता के दृष्टिकोण से भी। इस वर्ष 6 और राज्यों के (जम्मू-कश्मीर के हुए तो 7) विधानसभा चुनाव भी होने हैं। इन्हें सभी दलों के लिये लोकसभा-2024 की अंतिम रिहर्सल के रूप में देखा जा रहा है। कांग्रेस को छत्तीसगढ़ व राजस्थान में फिर सत्ता में लौटने और मध्यप्रदेश व कर्नाटक में सरकारें बनाने की बड़ी उम्मीद है। अधिवेशन में बड़े नेताओं से लेकर दूसरी व तीसरी पंक्तियों के नेताओं को भी इस बात का भरोसा है जिसके कारण वे उत्साहित दिखाई दिये।

कांग्रेस के सामने 2024 के चुनाव में जाने को लेकर अभी कई सुविधाएं हैं, तो दूसरी ओर यह भी सच है कि वह अकेले भाजपा को हराने की हालत में नहीं है। उसे गठबन्धन में जाना ही होगा। यह अच्छी बात है कि कुछ दिनों पहले ही बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने एक जनसभा में बाकायदे कांग्रेस को विपक्षी एकता का नेतृत्व करने का आह्वान भी कर दिया। अब तो यही देखे जाने का इंतजार है कि कांग्रेस अकेली लड़ेगी या गठबन्धन के साथ? गठबन्धन में कौन होगा और कौन नहीं, यह भी अभी तक पूरी तरह से साफ नहीं है। फिर भी यह सवाल तो बना रहेगा कि क्या कांग्रेस या उसके नेतृत्व में बनने वाला विपक्षी मोर्चा महाधिवेशन की (यात्रा की भी) सफलताओं को वोटों में बदलने की सामूहिक ताकत व हुनर रखता है? इसके लिये कांग्रेस को तुरन्त कदम उठाने होंगे क्योंकि कांग्रेस के पास समय बहुत कम बचा है। उसकी मुख्य चुनौती यही है कि महाधिवेशन की कामयाबी को अपने पक्ष के मतपत्रों में कैसे बदला जाये।

**गठबंधन में कौन होगा और कौन नहीं, यह भी अभी तक पूरी तरह से साफ नहीं है। फिर भी यह सवाल तो बना रहेगा कि क्या कांग्रेस या उसके नेतृत्व में बनने वाला विपक्षी मोर्चा महाधिवेशन की सफलताओं को वोटों में बदलने की सामूहिक ताकत व हुनर रखता है? इसके लिये कांग्रेस को तुरंत कदम उठाने होंगे क्योंकि कांग्रेस के पास समय बहुत कम बचा है। उसकी मुख्य चुनौती यही है कि महाधिवेशन की कामयाबी को अपने पक्ष के मतपत्रों में कैसे बदला जाये।**

## जमशेदपुर की खबरें

# मानगो बस स्टैंड से बस में लदी भारी मात्रा में भांग बरामद, जांच में जुटी पुलिस

**बस को जब्त कर एक व्यक्ति को हिरासत में लेकर पुलिस कर रही है पूछताछ**




आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिले में एसएसपी प्रभात कुमार के निर्देश पर जमशेदपुर पुलिस ने होली से पूर्व अवैध नशीली पदार्थ व अपराधियों के खिलाफ छापेमारी तेज कर दी है। सिटी एसपी के विजय शंकर के नेतृत्व में सभी डीएसपी व थाना प्रभारी ने अपराध पर नकेल कसने के लिए कार्रवाई शुरू कर दी। बुधवार को सीतारामडेरा पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर मानगो बस स्टैंड से एक बस में लदी भारी मात्रा में भांग बरामद कर लिया। पुलिस बस जब्त कर थाना ले गयी। इस मामले में एक व्यक्ति को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। जानकारी देते हुए डीएसपी विरेंद्र राम ने बताया पुलिस को सूचना मिली थी कि मानगो बस स्टैंड में सिंह कोच की एक बस संख्या बीआर24पीए 1420 से भारी मात्रा में भांग शहर में लाया जा रहा है। सूचना के बाद पुलिस बस का इंतजार करने लगी। जैसे ही बस मानगो स्टैंड पहुंची बस में लदी भांग को पुलिस ने जब्त कर लिया। उन्होंने बताया 25 से ज्यादा बोरी भांग को जब्त किया गया। एक बोरी का वजन लगभग 25 से तीस किलो है। फिलहाल बस व एक व्यक्ति को हिरासत में लेकर मामले की जांच की जा रही है। उन्होंने बताया भारी मात्रा में भांग कहां से आ रही और शहर में किसके पास पहुंचने वाली थी इसकी जांच की जा रही है।

# भाजमो की बैठक में विकास कार्यों को गति देने व संगठन को मजबूत बनाने पर हुई चर्चा

**विधायक सरयू राय की ओर से जनता के लिए किये जा रहे प्रयासों को जन जन तक पहुंचाने पर किया गया विचार विमर्श**



आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** भाजमो लक्ष्मीनगर मंडल की एक बैठक मंडल अध्यक्ष बिनोद राय के नेतृत्व में आयोजन किया गया। बुधवार को लक्ष्मीनगर हनुमान मंदिर स्थित मैदान में आयोजित बैठक में संगठन को मजबूत बनाने पर चर्चा की गई। मौके पर विधायक सरयू राय के द्वारा जनता के लिए किए जा रहे प्रयासों को जन जन तक पहुंचाने पर विचार विमर्श किया गया।

बैठक में लक्ष्मीनगर के सभी क्षेत्रों के प्रतिनिधियों ने अपने सुझाव दिए। उन्होंने विधायक सरयू राय के सौजन्य से क्षेत्र में हो रहे विकास कार्यों एवं राज्य में दृढ़ता के साथ भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई की सराहना की।

बैठक में भाजमो केंद्रीय उपाध्यक्ष रामनारायण शर्मा, जिलाध्यक्ष सुबोध श्रीवास्तव, जिला उपाध्यक्ष चंद्रशेखर राव, नवीन कुमार, अनिल प्रकाश, अमरेश कुमार, बलदेव रजक,समरु साहू, शिलानाथ पांडे, बिनोद यादव, मुन्ना देवी, सुमन कुमारी, सचिदानंद,मास्टर जी सहित बड़ी संख्या में पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# कदमा निवासी 16 महीने बाद साइकिल से भारत भ्रमण कर लौटे जमशेदपुर, बिरसा पार्क में हुआ भव्य स्वागत



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** जमशेदपुर के कदमा स्थित सिंडिकेट कॉलोनी निवासी अलोक बरुआ के बेटे अधिराज बरुआ 16 महीने बाद साइकिल द्वारा भारत भ्रमण के बाद जमशेदपुर लौटे है. श्री बरुआ 1 अक्टूबर 2021 को जमशेदपुर से रवाना हुए थे और 16 महीने में भारत के 33 राज्यों को पार करके करीब 29 हजार किलोमीटर का सफर तय किए है. उनके इस सफर के कामियाबी के लिए शहर के बड़े-बड़े संस्था और संस्थानों ने खूब सराहा की है. वहीं बुधवार को साकची बिरसा पार्क में एक अभिनन्दन तथा स्वागत कार्यक्रम का आयोजन किया. इस कार्यक्रम में एसबीआई पेंशनर एसोसिएशन के चमक सेनगुप्ता, शुब्रल राय, प्रोबीर दत्ता, विशिष्ट समाजसेवी पूरबी घोष, अंजली बोस, गौतम बोस तथा बोधि सोसायटी और भारतीय जीवन बीमा के अधिकारी गण उपस्थित थे.

# झींकपानी में भाजपा किसान मोर्चा की किसान गोष्ठी आयोजित



**चाईबासा (आजाद सिपाही)।** भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा की किसान गोष्ठी झीकपानी प्रखंड के टुटुगुटू दामादिरी में आयोजित हुई. जिलाध्यक्ष गुलशन सुंडी की अध्यक्षता में आयोजित गोष्ठी में मुख्य रूप से किसान सम्मान निधि पर चर्चा हुई. किसान गोष्ठी को जिला महामंत्री प्रताप कटियार, जगदीश पाटपिंगुआ एवं चंद्रमोहन तियु ने भी संबोधित किया। भाजपा किसान मोर्चा की झींकपानी में आयोजित गोष्ठी में चाईबासा विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक पुतकर हेम्ब्रम मुख्य रूप से उपस्थित हुए. उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि जब से केंद्र में नरेंद्र मोदी की सरकार बनी है, तब से वह जन सेवा के लिए समर्पित है. खास कर किसानों के हित हित में कई बड़े निर्णय लिये जा चुके हैं. इसी के तहत अब तक किसान सम्मान निधि के रूप में 13वीं किस्त सीधे किसानों के खाते में भेजी गई है. उन्होंने सहयोग राशि सीधे किसानों के खाते में जाने का स्वागत करते हुए कहा कि इससे किसानों का सम्मान हो रहा है और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने और उनकी आय दोगुनी करने के लिए प्रयासरत है. उन्होंने कहा कि इस बार के बजट में कृषि बजट को 10 गुणा बढ़ा दिया गया है जिसका प्रभाव आने वाले 6 महीने में देखने को मिलेगा। गोष्ठी का संचालन भाजपा प्रखंड महामंत्री पप्पू महतो ने किया, जिसमें मुख्य रूप से गुनन देवगम, श्यामलाल बांकुरा, जुडन सामड, घासीराम गोप, सिकन्दर बुडीउली, संजय कालिंदी, कमल गोप, समेत अनेक कार्यकर्ता एवं किसान उपस्थित रहे।

# क्षत्रिय समाज संपूर्ण भारत के होली मिलन में थिरकीं संगठन की महिलाएं

**छोटा गोविंदपुर में आयोजित कार्यक्रम में दो क्षत्राणियों को किया गया सम्मानित**



आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** क्षत्रिय समाज संपूर्ण भारत की महिला इकाई की ओर से अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस सह सामूहिक होली मिलन धूमधाम के साथ आयोजित हुआ। छोटा गोविंदपुर के किंग होटल में आयोजित उक्त समारोह में सभी क्षत्राणियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। संगठन की राष्ट्रीय अध्यक्ष चंदा सिंह के दिशा निर्देश में एवं जिलाध्यक्ष अर्चना सिंह की अध्यक्षता में आयोजित समारोह में में मुख्य रूप से प्रदेश उपाध्यक्ष सह मीडिया प्रभारी श्वेता सिंह, प्रदेश सचिव चंदा सिंह राजपूत उपस्थित थीं। इस अवसर पर महिला सम्मान समारोह के अंतर्गत वकील सुधा सिंह को उनके सामाजिक कार्यों के लिए तथा गोविंदपुर मंडल अध्यक्ष विभा सिंह को पंचायत चुनाव में अपना परचम लहराने एवं उनके कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। गीत संगीत के रंगारंग कार्यक्रम में कोल्हान महामंत्री लक्ष्मी सिंह तथा उनकी टीम ने बहुत ही सुंदर प्रस्तुति दी। बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शोभा शीलू सिंह, पूनम, सोनी सिंह, कंचन सिंह, बिंदु सिंह, संगीता सिंह, पूनम सिंह (टेल्को), पूनम सिंह (बिरसानगर), किरण सिंह, राजरानी सिंह, नीता सिंह, सरोज सिंह, निशा सिंह, विभा सिंह आदि उपस्थित रहीं।

# जादूगोड़ा की दक्षिणी इचड़ा पंचायत में विकास की धीमी गति से मुसाबनी बीडीओ नाराज

**पंचायत सचिव कानूराम हांसदा का वेतन रोका**

आजाद सिपाही संवाददाता

जादूगोड़ा। मुसाबनी की बीडीओ सीमा कुमारी जादूगोड़ा की दक्षिणी इंचड़ा पंचायत में विकास की धीमी गति से काफी खफा हैं. उधर इस मामले में कारवाई करते हुए पंचायत सचिव कानूराम हांसदा के वेतन भुगतान पर विगत दो महीनों से रोक लगा दी गई है. वहीं मुखिया मंजली वांद्रा को आज दूसरी बार कारण बताओ नोटिस जारी की गई है। इस बीच आज पहली मार्च को विकास की धीमी गति पर नोटिस मिलने पर मुखिया मंजली वांद्रा हैरानी जताई है। इस बाबत पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि बीडीओ



साहिबा सीमा कुमारी क्षेत्र के विकास के लिए स्वयं अपने स्तर से वेंडरो को विकास के काम देती रही हैं। ऐसे में वे विकास की धीमी गति को लेकर जवाब तलब किये जाने को लेकर हैरान हैं। उन्हें दूसरी बार इस तरह का नोटिस मिला है। उनकी नजरों में तो क्षेत्र के विकास का काम चल रहा है, इसलिए वे पत्र का जवाब जल्द भेज देंगी।

**पंचायत सचिव को दो महीने से नहीं मिला वेतन :** वहीं दक्षिणी इचड़ा पंचायत में धीमे विकास की गाज पंचायत सचिव कानूराम हांसदा पर गिरी है। वे विगत दो महीने से बिना वेतन के ही काम कर रहे हैं। कानूराम हांसदा का कहना है कि वेतन के अभाव में किसी तरह गुजारा कर रहे हैं। विकास की धीमी गति के आरोप के संबंध में उन्होंने कहा कि उनके दक्षिणी इचड़ा पंचायत में ज्यादातर हिस्सा यूसिल कॉलोनी में आता है। बचा क्षेत्र फॉरेस्ट लैंड में है। यही वजह है कि विकास का प्रतिशत कम प्रदर्शित होता है जिसके आकलन की जरूरत है। इसके बावजूद ग्रामीणों से बात कर नयी योजनाएं ली जा रही हैं। उन्होंने कहा कि वे भी क्षेत्र के विकास को लेकर तत्पर हैं।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने डीसी से मिल कर अस्पतालों में बंद ओपीडी जल्द चालू कराने का किया आग्रह



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ई. ओबैदुल्लाह हक अंसारी के नेतृत्व में कांग्रेसियों की एक टीम ने गढ़वा के नये उपायुक्त शेखर जमुवार से उनके कार्यालय में शिष्टाचार मुलाकात की। गढ़वा के सभी अस्पतालों में बंद ओपीडी को जल्द चालू कराने का आग्रह किया गया। इस मौके पर प्रदेश सचिव अरविंद तूफानी, वरिष्ठ नेता राम करेश चौबे, दिवाकर चौबे, ऑन प्रकाश चौबे, त्रिपुरारी सिंह, खरौंधी 20 सूत्री अध्यक्ष राजेश रजक, रमना 20 सूत्री अध्यक्ष मंसूर अंसारी सहित कई लोग मौजूद थे।

### मां चतुर्भुजी शक्तिपीठ के विकास को लेकर कमेटी का किया गया विस्तार



**केतार (आजाद सिपाही)।** सुप्रसिद्ध मां चतुर्भुजी शक्तिपीठ के प्रांगण में बुधवार को मंदिर विकास समिति का विस्तार किया गया। सोमवार को पुरानी समिति को भंग कर नयी कमेटी का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से वर्तमान मुखिया प्रमोद कुमार अध्यक्ष निर्वाचित किये गये। वहीं बुधवार को बैठक कर मंदिर विकास समिति के सफल संचालन के लिए विभिन्न पदों के लिए पदाधिकारियों का चयन किया गया। जिसमें राम विचार साहू संरक्षक, बिमलेश पासवान उपाध्यक्ष, हेमन्त पाठक सचिव, प्रमोद कुमार मेहता उपसचिव, विनोद प्रसाद कोषाध्यक्ष, अमरनाथ जयसवाल उपकोषाध्यक्ष, ज्वाला कमलापुरी मीडिया प्रभारी बनाये गये। जबकि बिंदु राम, संजय पाल, नन्द किशोर वैद्य, विंदु राम, आदित्य मेहता, महेंद्र पासवान, दिलीप बैठा, दिलीप कुमार गुप्ता, जयशंकर कमलापुरी, उत्तम विश्वकर्मा, युगेश चौधरी के नाम शामिल हैं। आय व्यय के लिए पंकज कुमार को जोड़ा गया।

### मानस मंडली गढ़वा का 426वां साप्ताहिक मंगलवारीय सुंदरकांड पाठ धूमधाम से संपन्न



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** गढ़देवी मुहल्ला स्थित नारगीर आश्रम में आयोजित मानस मंडली गढ़वा द्वारा 426वां साप्ताहिक मंगलवारीय सुंदरकांड का पाठ धूमधाम से संपन्न हुआ। खचाखच भरे परिसर में मानसभक्तों के बीच कार्यक्रम की शुरुआत गणेश पूजन, रामदरबार पूजन के साथ हनुमान चालीसा से हुई। उसके बाद मुख्य गायक अरुण दुबे एवं सहगायकों की टीम के सुंदरकांड का संगीतमय धाराप्रवाह पाठ से पूरे मुहल्ले वासी झूमते नजर आये। इस आयोजन में महिलाओं की भी संख्या काफी थी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से वरिष्ठ समाजसेवी अलखनाथ पांडेय, एसडीपीओ अवध कुमार, मुकेश निरंजन सिन्हा, प्रमोद चौबे, पुष्परंजन, विनोद प्रसाद, विजय केशरी, कमलेश गुप्ता पिंटू, उमेश सहाय, शंभु केशरी, डॉ मुरली गुप्ता, रास बिहारी तिवारी, अरुण दुबे, बृजेश पांडेय, द्वारिका नाथ पाण्डेय, अमरेन्द्र मिश्रा, राजेश मिश्रा, अशोक पटवा, आत्मा पाण्डेय, रघुपत सिंह, सीएस दुबे, मुरारी पाण्डेय, जितेंद्र पाण्डेय, दिलीप श्रीवास्तव, फलाहारी बाबा, धनंजय पाण्डेय, शेखर सिन्हा, राजेश मिश्रा, दिलीप पाठक, राजन पाण्डेय, भवानी शंकर कुलामणि, मनीष कमलापुरी, अमित पाठक आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में आयोजक चन्दन जायसवाल ने उपास्थित सभी धमार्नुरागियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस कलिकाल में हनुमान जी की आराधना वन्दना से सहज ही कष्टों से मुक्ति मिल जाती है तथा आत्मबल में आशातीत वृद्धि होती है।

**आंदोलन :** हमले और दुर्व्यवहार को लेकर डॉक्टरों ने किया कार्य बहिष्कार, दवा दुकानदारों ने भी किया समर्थन

# गढ़वा जिले की सभी मेडिकल दुकानें रही बंद

**इलाज तो इलाज दवा के लिए भी भटकते रहे मरीज**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** झारखंड राज्य में लगातार डॉक्टरों के साथ हो रहे दुर्व्यवहार को लेकर इंडियन मेडिकल एसोसिएशन झारखंड के बैनर तले डॉक्टरों ने आज एक दिवसीय कार्य बहिष्कार कर सभी मेडिकल दुकानों को बंद रखा। इसका असर जिले में भी पूरी तरह से देखने को मिला। सभी मेडिकल दुकानें सुबह से दोपहर दो बजे तक बंद रहीं। वहीं 23 फरवरी को गढ़वा जिले में भी झामुमो नेता द्वारा सिविल सर्जन एवं उपाधीक्षक के साथ किये गये दुर्व्यवहार के बाद नेताओं के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराते हुए सभी चिकित्सक एवं कर्मियों की हड़ताल आज छठे दिन भी जारी रही। चिकित्सकों की हड़ताल को विपक्षी दल के नेता सहित आईएमए एवं झासा के साथ ही केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन भी समर्थन दे रहा है। सभी ने चिकित्सकों के साथ हुए दुर्व्यवहार को निंदनीय बताते हुए इसका विरोध किया है।

सिविल सर्जन ने कहा कि विगत 15 दिनों में झारखंड में कई जिलों के साथ-साथ राजधानी में भी डॉक्टर के साथ दुर्व्यवहार के कई मामले सामने आये हैं। जैसे रांची के वरिष्ठ हड्डी रोग विशेषज्ञ सर्जन डॉ अंचल कुमार पर जानलेवा हमला, गढ़वा में जनप्रतिनिधियों द्वारा सिविल सर्जन तथा उपाधीक्षक एवं डीपीएम को गाली गलौज तथा मारपीट, हजारीबाग उप विकास आयुक्त द्वारा बच्चों के डॉक्टर के साथ बदसलूकी तथा कॉलर पकड़कर बाहर निकालना, जामताड़ा स्थानीय विधायक द्वारा सिविल सर्जन को धमकी और कार्य में हस्तक्षेप, पेटरवार में डॉक्टर अजय चौधरी के साथ मारपीट, लोहरदगा सिविल सर्जन डॉक्टर संजय कुमार को जान से मारने की धमकी दी गई, रिम्स के डॉक्टर सौरव की मृत्यु के पश्चात सरकार द्वारा परिवार के साथ सौतेला व्यवहार जैसी घटना घटित हुई है। इन्हीं सभी के विरोध में डॉक्टरों द्वारा 1 मार्च को कार्य बहिष्कार किया गया एवं सभी मेडिकल की दुकानें सुबह से दोपहर तक बंद रखी गयीं। हम सबों चिकित्सक की पुरानी अनसुनी मांगे अभी भी पूरी नहीं हुई हैं, जिसमें मेडिकल प्रोटेक्शन एक्ट लगभग झारखंड को छोड़कर पूरे भारत के राज्यों में है, पर झारखंड में नहीं लागू किया गया है।



### गढ़वा आईएमए एवं झासा ने हड़ताल खत्म कराया

गढ़वा (आजाद सिपाही)। झामुमो नेता एवं चिकित्सकों के विवाद को लेकर पिछले छह दिनों से चल रहे चिकित्सकों की हड़ताल पर तत्काल विराम लग गया है। हड़ताल वापस लेते हुए ऑल इंडिया मेडिकल एसोसिएशन, गढ़वा शाखा के सचिव डॉ कुमार निशांत सिंह एवं झासा के पदाधिकारियों ने कहा है कि गढ़वा जिला की जनता के स्वास्थ्य संबंधी असुविधाओं एवं व्यापक हित को देखते हुए तथा डीडीसी गढ़वा के इस आश्वासन पर कि दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई हेतु प्रशासन को सात दिन का समय दिया जाए। गढ़वा आईएमए एवं झासा कार्य बहिष्कार को तत्काल स्थगित करती है। साथ ही साथ राज्य इकाइयों द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि यदि 12 मार्च 2023 तक दोषियों के विरुद्ध कड़ी न्यायिक कार्रवाई नहीं होती तो हम सभी 13 मार्च 2023 से अनिश्चितकालीन कार्य बहिष्कार के लिए बाध्य होंगे।

## कृत्रिम आभूषण की डिमांड काफी है : जोश लकड़ा

**कृत्रिम आभूषण का 13 दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान की ओर से चल रहे 13 दिवसीय कृत्रिम आभूषण निर्माण प्रशिक्षण के समापन अवसर पर सभी प्रशिक्षणार्थियों को संयुक्त रूप से जेएसएलपीएस के जोश लकड़ा और संस्था के फैकेल्टी पंकज कुमार वर्मा और मिथलेश कुमार सिंह ने प्रमाण पत्र प्रदान किया। इस मौके पर जोश लकड़ा ने कहा कि ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्था की ओर से आप सभी लोगों को कृत्रिम आभूषण बनाने का प्रशिक्षण दिया गया है। कृत्रिम आभूषण निर्माण के क्षेत्र में आप बेहतर कर सकते हैं। आज के दौर में कृत्रिम आभूषण की डिमांड काफी बढ़ी है। सर्राफा बाजार में आभूषण निर्माण करने वालों की डिमांड काफी है। अगर आप आभूषण दुकानदारों से संपर्क में रहते हैं तो आपको इस क्षेत्र में स्वरोजगार के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। आप घर बैठे स्वरोजगार कर अपनी आर्थिक स्थिति को मजबूत कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि संस्था के लोगों ने कार्यालय से निकलकर गांव की महिलाओं को गांव में ही कृत्रिम आभूषण बनाने का प्रशिक्षण दिया है ताकि आप लोग आभूषण निर्माण के क्षेत्र में भी बेहतर कार्य कर सकें। संस्था के फैकेल्टी पंकज कुमार वर्मा ने कहा कि भारत सरकार के निर्देशानुसार बेरोजगार युवक-युवतियों को संस्था स्वरोजगार के लिए प्रशिक्षण देकर उन्हें स्वरोजगार से जोड़ने का काम करती है। प्रशिक्षण ले चुकी महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ने का काम किया जाएगा।

मिथिलेश कुमार सिंह ने कहा कि जो खुद का स्वरोजगार करना चाहते हैं जिनकी उम्र 18 से 45 वर्ष के बीच है उन्हें निशुल्क स्वरोजगार के लिए प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस मौके पर रुस्तम अली, सुरेंद्र कुमार रवि सहित कई लोग उपस्थित थे।



### दुर्घटना में युवक की मौत

**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** मेराल थाना क्षेत्र के दलेली गांव निवासी सादिक अंसारी के 24 वर्षीय पुत्र रोशन अंसारी की मौत सड़क दुर्घटना में हो गयी। परिजनों ने बताया कि रोशन अंसारी अपने घर दलेली से मझिआंव जाने के लिए मोटरसाइकिल से निकला हुआ था। मझिआंव रोड एमके पब्लिक स्कूल स्थित एक मैजिक गाड़ी की चपेट में आने से उसकी मौत हो गयी, जबकि मैजिक गाड़ी मौके से फरार हो गयी।

## प्लस टू उवि में विद्यार्थियों को दी गयी सड़क सुरक्षा संबंधी जानकारी

**भंडरिया (आजाद सिपाही)।** गढ़वा-पुलिस अधीक्षक गढ़वा अंजनी कुमार झा के निर्देश पर भंडरिया प्रखंड मुख्यालय स्थित +2 उच्च विद्यालय में मंगलवार को भंडरिया थाना में पदस्थापित सब इंस्पेक्टर रंजीत कुमार महतो व संजय कुमार के द्वारा संयुक्त रूप से छात्र-छात्राओं को ट्रैफिक रूल नैतिकता समेत नौकरी करने के लिए वैकेंसी आदि की जानकारी दी गई। विद्यार्थियों से कहा कि सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करके हम स्वयं की और सामने वाले की जान बचा सकते हैं। साथ ही जब भी पिता, भाई, भतीजे बाइक चलाते हैं तो उन्हें जरूर हेलमेट पहनने को कहें। कभी भी शराब पीकर गाड़ी नहीं चलायें। कार चलाते समय हमेशा सीट बेल्ट बांधें, वाहन चलाते समय कभी भी मोबाइल फोन पर बात नहीं करें। मौके पर प्रधानाध्यापक शशिकांत राम, शिक्षक उमेश यादव, चंदन सिंह, हैदर अली समेत क्लास 8, 9 एवं 10 के छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।



## उपायुक्त ने विभिन्न कार्यालयों का किया औचक निरीक्षण



**समय पर कार्यालय आने एवं कार्यालय की साफ-सफाई को लेकर दिये दिशा-निर्देश**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** उपायुक्त शेखर जमुआर द्वारा आज समाहरणालय गढ़वा स्थित कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया गया। उपायुक्त ने बारी-बारी से सभी कार्यालयों का निरीक्षण किया, जिनमें जन सुविधा केंद्र, सामाजिक सुरक्षा, जिला निर्वाचन कार्यालय, जिला आपूर्ति कार्यालय, जिला परिवहन कार्यालय, जिला खनन कार्यालय, जिला शिक्षा कार्यालय, डीआरडीए कार्यालय, जिला पंचायत कार्यालय, जिला विकास कार्यालय, जिला स्थापना कार्यालय, विधि शाखा समेत अन्य कार्यालयों का एक-एक कर उन्होंने निरीक्षण किया। कार्यालय में अनुपस्थित पाये गये कर्मियों से कारण पृच्छा करने का निर्देश दिया गया। इस दौरान उन्होंने पदाधिकारियों एवं कर्मियों को समय पर कार्यालय आने तथा कार्यालय के साफ-सफाई को लेकर आवश्यक निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान अपर समाहर्ता पंकज कुमार सिंह, निदेशक डीआरडीए दिनेश प्रसाद सुरीन, कार्यपालक दंडाधिकारी विकास कुमार समेत अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

**समाहरणालय, गढ़वा (जिला आपूर्ति शाखा)**

**प्रेस विज्ञप्ति**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि गढ़वा जिला अन्तर्गत खरीफ विपणन मौसम 2022–23 में धान अधिप्राप्ति योजनान्तर्गत किसानों से धान क्रय का कार्य प्रक्रियाधीन है। इस खरीफ विपणन मौसम 2022–23 में राईस मिलरों से C.M.R के रूप में मात्र फोर्टिफाईड चावल की प्राप्ति की जानी है तथा झारखण्ड राज्य के राईस मिलरों से ही धान मिलिंग कार्य सम्पन्न कराया जाना है। धान अधिप्राप्ति केन्द्रों से क्रय किये गए धान का उठाव/परिवहन एवं धान मिलिंग कार्य हेतु जिला स्तरीय धान अधिप्राप्ति अनुश्रवण समिति के माध्यम से राईस मिलरों का चयन किया जाना है।

जिला स्तरीय अनुश्रवण समिति द्वारा मिलरों के निबंधन/चयन में निम्न वर्णित मापदण्डों को ध्यान में रखा जाएगा :–

1. मिलरों की मिलिंग क्षमता।
2. मिलर की भण्डारण क्षमता।
3. पूर्व की उपलब्धि।
4. टैगिंग किये गए मिल के मुख्य द्वार पर CCTV कैमरा लगा हो, जिसमें कम से कम एक माह का विडियों रिकार्डिंग संधारित होने की क्षमता वाला DVR हो।
5. मिल चालू अवस्था में हो।
6. मिलर पर कोई बकाया न हो।

उक्त के आलोक में ईच्छुक ब्लेडिंग मशीन अधिप्राप्ति राईस मिलर दिनांक 09.03.2023 तक जिला आपूर्ति कार्यालय, गढ़वा में सभी संबंधित आवश्यक दस्तावेज जमा करें, ताकि जिला स्तरीय अनुश्रवण समिति द्वारा मिलर का चयन किया जा सके।

**जिला आपूर्ति पदाधिकारी,**
**गढ़वा।**

PR 291541 (Food Public Distribution and Consumer Affairs) 22-23 (D)

**कार्यालय नगर पंचायत, लातेहार**

**आम सूचना**

नगर पंचायत, लातेहार क्षेत्रान्तर्गत सभी Holding धारियों को सूचित किया जाता है कि आम नागरिकों को सुविधा मुहैया कराने के उद्देश्य से Holding (Property) Tax, Water User Charge एवं Trade License शुल्क के ऑनलाईन भुगतान करने का प्रावधान किया गया है। ऑनलाईन भुगतान करने पर राज्य शहरी विकास अभिकरण, नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखण्ड, रॉची द्वारा कुछेक शर्तों पर छूट का भी प्रावधान है। ऑनलाईन भुगतान के लिए चरणवार निम्नांकित प्रकिया अपनाई जा सकती है :–

First Step :- Visit Website: http://suda.jharkhand.gov.in
Second Step :- Pay Property Tax/ Water User Charge/ Trade License
Third Step :- Select Latehar Nagar Panchayat Click on go to
Fourth Step :- Type your ward no. & Holding no. and click on search
Fifth Step :- Click on View Then Click on pay Property Tax/ Water user charge/ Trade License
Sixth Step :- Click on check box and then click on pay property tax online
Seventh step :- Fill Your Payment details (Credit Card, Debit Card, Net Banking or NEFT/RTGS and Then Click Make Payment) and Pay the Property Tax Online

अतः आप सभी धृतिधारकों से अनुरोध हैं कि नगर पंचायत, लातेहार के राजस्व अंतर्गत विभिन्न Tax यथा Holding (Property) Tax, Water User Charge एवं Trade License का ऑनलाईन भुगतान किया जाय एवं सरकार द्वारा दिये जा रहे छूट का लाभ पायें तथा लातेहार नगर पंचायत को राजस्व का प्रत्यक्ष भुगतान करें।

धन्यवाद!

नोटः– Online Payment में किसी प्रकार की जानकारी/असुविधा होने पर Toll Free No. 18002586545 पर या कार्यालय नगर पंचायत, लातेहार से जानकारी प्राप्त कर सकते है।

**कार्यपालक पदाधिकारी**
**नगर पचांयत, लातेहार**

PR 291527 Urban Development (22-23)_D

**कार्यालय : जिला मत्स्य पदाधिकारी, सिमडेगा**

**सिमडेगा जिला के विभिन्न प्रखण्डों में अवस्थित मत्स्य विभाग के राजस्व जलकरों की मत्स्य पालन हेतु अल्पकालीन बन्दोबस्ती खुला डाक द्वारा करने हेतु सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि सिमडेगा जिला के विभिन्न प्रखण्डों में अवस्थित वित्तीय वर्ष 2022–23 मत्स्य विभाग कें बन्दोबस्ती मुक्त शेष अबन्दोबस्त राजस्व जलकरों की मत्स्य पालन हेतु अल्पकालीन बन्दोबस्ती वित्तीय वर्ष 2022–23 से 2024–25 तक के लिए खुला डाक द्वारा दिनांक 13.03.2023 को 11.00 बजे पूर्वाहन् में अपर समाहर्त्ता, सिमडेगा/जिला मत्स्य कार्यालय सिमडेगा के कार्यालय कक्ष में किया जाएगा।

| क0 सं0 | राजस्व जलकर का नाम | ग्राम | पंचायत | प्रखण्ड | खाता सं0 | प्लॉट सं0 | रकबा (एकड़ में) | पुनर्निर्धारित सुरक्षित जमा राशि (रुपये में) | बंदोबस्ती अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | गरजा तालाब | गरजा | गरजा | सिमडेगा | 3025 | – | 1.08 | 15000.00 | 2022–23 से 2024–25 तक |
| 2 | मुण्डलटोली तालाब | मुण्डलटोली | बाघचट्टा | ठेठईटांगर | – | 406 | 0.50 | 1500.00 | |
| 3 | कोनबेगी तालाब | कोनबेगी | बाघचट्टा | ठेठईटांगर | 43 | 1100 | 1.63 | 2700.00 | |
| 4 | गोरारजोड़ तालाब | गोरारजोड़ | गोरारजोड़ | केरसई | 132 | 601 | 0.20 | 1600.00 | |
| 5 | तिनगिना तालाब | तिनगिना | ढोढ़ीबहार | जलडेगा | 193 | 638, 637 | 0.70, 0.50 | 1000.00 | |

उपरोक्त जलकरों के अतिरिक्त प्रखण्ड बानो एवं कोलेबिरा में अवस्थित जलकरों की बन्दोबस्ती प्रखण्ड स्तरीय मत्स्यजीवी सहयोग समितियों द्वारा बन्दोबस्ती नहीं लिए जाने पर निम्नलिखित जलकरों की बन्दोबस्ती भी दिनांक 13.03.2023 को खुला डाक के माध्यम से की जाएगी।

| क0 सं0 | राजस्व जलकर का नाम | ग्राम | पंचायत | प्रखण्ड | खाता सं0 | प्लॉट सं0 | रकबा (एकड़ में) | पुनर्निर्धारित सुरक्षित जमा राशि (रुपये में) | बंदोबस्ती अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | कोनसोदे तालाब 2 | कोनसोदे | कोनसोदे | बानो | 132 | 2295 | 0.51 | 3000.00 | 2022–23 से 2024–25 तक |
| 2 | हुरदा तालाब | हुरदा | हुरदा | बानो | 80 | 645 | 0.82 | 1500.00 | |
| 3 | गुड़गुड़ तालाब | नवाटोली | नवाटोली | कोलेबिरा | 129, 130 | 511/ 510 | 0.76/ 0.27 | 2000.00 | |
| 4 | कनजोगा तालाब | कनजोगा | कनजोगा | कोलेबिरा | 200/ 201 | 468/ 467/ 488/ 489 | 0.33/ 0.05/ 0.12/ 0.50 | 3500.00 | |
| 5 | शाहपुर कोंडेकेरा | कोंडेकेरा | शाहपुर | कोलेबिरा | 246 | 2218 | 1.10 | 1000.00 | |
| 6 | कुम्बाकेरा तालाब | कुम्बाकेरा | लचरागढ़ | कोलेबिरा | 1 | 2033 | 1.10 | 3000.00 | |

**डाक की शर्तें:–** डाक में भाग लेने वाले प्रत्येक व्यक्ति को डाक बोली के पूर्व सुरक्षित जमा राशि का 20 प्रतिशत, प्रतिभूति राशि के रूप में जमा करना होगा। डाक समाप्त होने पर उच्चतम डाक वक्ता को छोड़कर बाकी प्रतिभागियों की प्रतिभूति राशि वापस कर दी जाएगी एवं उच्चतम डाक वक्ता की प्रतिभूति राशि उच्चतम डाक की राशि में समायोजित की जाएगी। डाक में भाग लेने वाले प्रत्येक व्यक्ति को अपना पहचान पत्र लाना अनिवार्य है। अल्पकालीन बन्दोबस्ती की अवधि तालाब/जलकर के अभ्युक्ति कॉलम के अनुसार होगी। डाक की स्वीकृति के पश्चात् उच्चतम डाक वक्ता को संबंधित एकरानामा करना अनिवार्य है एवं अद्योहस्ताक्षरी से परवाना प्राप्त किये बिना उक्त जलकर में उच्चतम डाक वक्ता कोई कार्य नहीं करेंगे। बंदोबस्त तालाब का निबंधन, निबंधन कार्यालय द्वारा निर्धारित राशि का स्टॉम्प शुल्क देकर निबंधन कराना अनिवार्य है। अद्योहस्ताक्षरी को किसी भी समय किसी भी बोली को बिना कारण बताये रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा। जिन राजस्व जलकरों की बन्दोबस्ती दिनांक 13.03.2023 को नहीं हो पाएगी उन तालाबों की बन्दोबस्ती दिनांक 15.03.2023 को की जाएगी।

**जिला मत्स्य पदाधिकारी**
**सिमडेगा**

**PR 291517 Fish(22-23).D**

**बैठक :** होली पर्व को लेकर डीसी ने की जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक, कहा

# शांति एवं सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में मनायें होली का पर्व

**एसपी ने सभी उपस्थित थाना प्रभारियों को त्योहारों के दौरान असामाजिक तत्वों को चिह्नित करने एवं पूरी तरह सक्रिय होकर कार्य करने का निर्देश दिया**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** जिला में शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में होली का पर्व सम्पन्न कराने को लेकर समाहरणालय के सभागार में उपायुक्त शेखर जमुआर की अध्यक्षता में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में पुलिस अधीक्षक अंजनी कुमार झा समेत जिला के अन्य संबंधित वरीय पदाधिकारी एवं शांति समिति के सदस्यों के अतिरिक्त प्रखंडों से आये जन प्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित हुए।



बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी गढ़वा ने शांति समिति सदस्यों का स्वागत करते हुए आपस में मिलकर त्यौहारों को मनाने की अपील की। बैठक में विभिन्न प्रखंडों से आए शांति समिति के सदस्यों ने जिला प्रशासन को आश्वस्त किया कि किसी भी त्योहार में हम सभी जाति धर्म के लोग सौहार्द माहौल में हंसी खुशी हर पर्व को मनाते आ रहे हैं। उपायुक्त ने खुशी व्यक्त करते हुए शांति समिति के सदस्य से आगे भी इसी प्रकार प्रेम और भाईचारा का संदेश देते हुए राज्य में गढ़वा जिले का उदाहरण प्रस्तुत करने की बात कहीं। उन्होंने सभी से सहयोग की अपेक्षा करते हुए त्योहारों के दौरान यदि कोई भी अप्रिय घटना की सूचना मिलने पर उसे जिला प्रशासन को सूचित करने को कहा। साथ ही सोशल मीडिया पर किसी भी तरह की अफवाह से बचने एवं सोशल मीडिया पर कोई भी आपत्तिजनक पोस्ट आदि ना करने की अपील की। उन्होंने कहा कि त्यौहार के दौरान जिला प्रशासन के साइबर सेल द्वारा लगातार सोशल मीडिया पर किए जा रहे पोस्ट पर पैनी नजर रखी जाएगी। उन्होंने होली पर्व की सभी को शुभकामनाएं देते हुए आपस में भाईचारे के साथ शांतिपूर्वक त्यौहार मनाने की अपील की।

बैठक में पुलिस अधीक्षक ने सभी उपस्थित थाना प्रभारी को त्योहारों के दौरान असामाजिक तत्व को चिन्हित करने एवं पूरी तरह सक्रिय होकर कार्य करने का निर्देश दिया। उन्होंने त्योहारों के दौरान सक्रिय होकर पेट्रोलिंग, धारा 107 के तहत कार्रवाई, सोशल मीडिया पर भावनाओं को भड़काने वाले पोस्ट पर पैनी नजर बनाए रखने समेत अन्य विषयों को लेकर विभिन्न प्रकार के दिशा निर्देश दिये। शांति समिति के सदस्यों के माध्यम से उन्होंने आमजनों से अपील की कि त्यौहार के दौरान किसी भी अप्रिय घटना की सूचना पर टोल फ्री नंबर 100 डायल कर पुलिस प्रशासन को जरूर दें। जिससे समय पर कार्रवाई की जा सके।

बैठक में मुख्य रूप से अपर समाहर्ता पंकज कुमार सिंह, डीआरडीए निदेशक दिनेश प्रसाद सुरीन, अनुमण्डल पदाधिकारी, गढ़वा/रंका, अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, गढ़वा/रंका/श्री बंशीधर नगर, कार्यपालक दंडाधिकारी, जिला जन संपर्क पदाधिकारी, सभी थाना प्रभारी/ओपी प्रभारी, गढ़वा जिला, सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, सभी अंचल अधिकारी, गढ़वा जिला समेत अन्य संबंधित उपस्थित थे।

## खूंटी में किशोरी ने फंदे से झूल कर की खुदकुशी

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** शहर के बेलाहांथी रोड में लाल कोठी के समीप किराए के आवास में रह रही नाबालिग लड़की ने आवास में ही साड़ी से फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। उसकी पहचान मारंगहादा थाना क्षेत्र के कातूद गांव निवासी नोगा मुंडा की 16 वर्षीय पुत्री दसकिर कुमारी उर्फ इतई के रूप में की गई है। बुधवार की दोपहर हुई इस घटना की सूचना मिलते ही खूंटी पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। पोस्टमार्टम के बाद शव स्वजनों को सौंप दिया गया। जानकारी के अनुसार मृतका बेलाहांथी रोड में किराए के आवास में रहकर शहर के स्कूल में पढ़ाई करने वाले गांव के छोटे बच्चों की देखभाल का काम कर रही थी। समाचार लिखे जाने तक आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो सका है।

### सशक्त पंचायत, खुशहाल समुदाय विषय पर तीन दिवसीय कार्यशाला की शुरुआत

# जब तक हम जागरूक नहीं होंगे, विकास की बात सोच भी नहीं सकते : जिप अध्यक्ष

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**खूंटी।** देश और राज्य में बदलाव की शुरूआत गांवों से ही हो सकती है। जब गांव का विकास होगा, तभी हम सर्वांगीण विकास की कल्पना कर सकते हैं। इसके लिए पंचायत राज व्यवस्था को सुदृढ़ और पंचायतों को सशक्त बना सकते हैं। ये विचार मंथन युवा संस्थान रांची, विश्व युवा केंद्र नई दिल्ली और लाइव फाउंडेशन द्वारा तोरपा रोड स्थित शैलेश्वरी भवन में सशक्त पंचायत खुशहाल समुदाय विषय पर बुधवार शुरू हुई तीन दिवसीय कार्यशाला में उभर कर आये।



कार्यशाला का उद्घाटन करते जिप अध्यक्ष मसीह गुड़िया व अन्य गणमान्य।

इसके पूर्व कार्यशाला का उद्घाटन खूंटी जिला परिषद के अध्यक्ष मसीह गुड़िया, मंथन युवा संस्थान के निदेशक सुधीर पाल, विश्व युवा केंद्र के अजीत राय और पंचायती राज विभाग के मास्टर ट्रेनर अनिल भगत ने किया। अपने संबोधन में जिप अध्यक्ष ने कहा कि सशक्त पंचायत खुशहाल समुदाय के लिए हमें जागरूक होकर अपने अधिकार कर्तव्य को जानना होगा। जब तक हम जागरूक नहीं होंगे, हम विकास की बात सोच भी नहीं सकते। वहीं, विश्व युवक केंद्र के अजीत राय ने कहा कि विकास और बदलाव की शुरूआत गांवों से ही होगी। उन्होंने कहा कि जब तक ग्रामसभा सशक्त नहीं होगी, पंचायत के विकास की परिकल्पना नहीं की जा सकती है। मंथन युवा संस्थान के सुधीर पाल ने कहा कि अपने संसाधन को पहचानते हुए विकास की रूपरेखा तैयार कर ग्रामसभा और पंचायत को विकास किया जा सकता है। वहीं, सुधीर पाल ने कहा कि झारखंड के अनुसूचित क्षेत्र में ग्रामसभाओं के विशेष प्रावधान सामाजिक और आर्थिक परिवर्तन को गति देंगे। मास्टर ट्रेनर पंचायती राज विभाग के अनिल भगत ने 73वां संविधान संशोधन विधेयक की विशेषता, 15 वां वित्त आयोग की अनुशंसा पर विशेष रूप से चर्चा की। मास्टर ट्रेनर प्रकाश राणा ने त्रिस्तरीय पंचायत राज व्यवस्था पर प्रकाश डाला। कार्यशाला का संचालन मास्टर ट्रेनर अनिल भगत और शैलेश्वरी देवी ने किया। कार्यशाला में मुरहू की प्रखंड प्रमुख एलिस ओड़ेया, कर्रा की उप प्रमुख द्वारिका देवी, पूर्व मुखिया निरल तोपनो, मुखिया सुखराम मुण्डा, पंचायत समिति सदस्य बसंत धान सहित कई पंचायत प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## पत्रकारों के होली मिलन समारोह में जमकर उड़े अबीर-गुलाल



**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के पत्रकारों द्वारा बचरा ऑफीसर्स क्लब में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता नरेश चौरसिया और संचालन सोनू तिवारी व जयप्रकाश साहा ने संयुक्त रूप से किया। समारोह के बतौर मुख्य अतिथि पिपरवार क्षेत्र के उप महाप्रबंधक निरंजन सेनापति के अलावा अशोक परियोजना पदाधिकारी संजय कुमार, सीएचपी सीपीपी परियोजना पदाधिकारी धनजंय कुमार, कार्मिक एवं प्रशासनिक अधिकारी आलोक मनीष सोय, सर्किल इंस्पेक्टर रंजीत रोशन, पिपरवार थाना प्रभारी गोविंद कुमार सहित कई गणमान्य मौजूद थे। समारोह के दौरान तुलसी व्यास और शिवमंगल गिरी द्वारा होली के गीतों पर कीर्तन और गीत संगीत प्रस्तुत किया गया। वक्ताओं ने रंगो के त्योहार होली पर प्रकाश डाला और सभी लोगों को होली की बधाई दी। उप महाप्रबंधक निरंजन सेनापति ने खुद होली के गीत गाकर उपस्थित लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया। अंत में सभी ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की बधाई दी। इस मौके पर पिपरवार थाना के अवर निरीक्षक रूपेश कुमार महतो, कन्हैया यादव, विशाल कुमार, श्रमिक प्रतिनिधि मुद्रिका प्रसाद, रविंद्रनाथ सिंह, इस्लाम अंसारी, भीम सिंह यादव, समाजसेवी राजेंद्र साव, मोहम्मद ताज, अब्दुल कुदूस, राजीव रंजन प्रसाद, इकबाल अंसारी के अलावा कोयलांचल के पत्रकारों में संजय ओझा, संजय गुप्ता, धीरेंद्र सिंह, विशाल कुमार, पवन गुप्ता, प्रवेश चौहान, रवि यादव आदि मौजूद थे। वहीं, कार्यक्रम को सफल बनाने में अशोक सिंह, नरेश चौरसिया, अखिलेश गिरी, मासूम अंसारी, रूपलाल महतो, जयप्रकाश साहा, विपिन नायक, सोनू तिवारी, याकूब अली, आदर्श विश्वकर्मा, उमेश गुप्ता आदि की भूमिका सराहनीय रही।

## जरियागढ़ में सड़क दुर्घटना में एक की मौत

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** जरियागढ़ थाना क्षेत्र के सोटया गांव के पास बुधवार को तेज गति से आ रही बाइक के पेड़ से टकराने से बाइक चालक की मौके पर ही मौत हो गई। उसकी पहचान अरमान टोपनो (28) के रूप में हुई है। वह कमडरा थाना क्षेत्र के ग्राम चटनपुर का रहने वाला है। घटना की सूचना मिलने पर जरियागढ़ पुलिस द्वारा पोस्टमार्टम के लिए खूंटी भेजा गया। पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजनों को सौंपा गया।

## पैराडाइज संस्था ने जिला प्रशासन को दिये चार ब्लड डोनर चेयर

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** पैरेडाइज संस्था के सहयोग से बुधवार को जिला प्रशासन को चार ब्लड डोनर चेयर उपलब्ध कराए गए। सभी प्रखंडों में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। ब्लड डोनेशन कैंप में ब्लड डोनर चेयर की उपयोगिता है, जिसकी सहायता से सुगम रूप से रक्तदान कार्य सम्पन्न हो सकेगा। डीसी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिले में समय-समय पर ब्लड डोनेशन कैंप लगाऐ जाएं। शिविर का आयोजन सुदूर क्षेत्रों में भी किया जाएगा। साथ ही बिरसा कॉलेज व अन्य संस्थान में शिविर लगाए जाएंगे। इसके लिए मासिक कैलेंडर तैयार किया जाएगा। डीसी ने कहा कि रक्तदान से न केवल राष्ट्रीय आवश्यकता पूरी होती है, बल्कि यह समाज एवं मानवता के प्रति बड़ी सेवा है। उन्होंने कहा कि हमारे द्वारा दिए गए रक्त से कई जिंदगियों को बचाया जा सकता है। इस दौरान पैरेडाइज संस्था के प्रतिनिधि, लाइव सेवर्स संस्था के अतुल गेरा से ब्लड डोनेशन कैंप से संबंधित चर्चा की गई। उपायुक्त ने कहा कि जिले में सिकल सेल एनीमिया जागरुकता अभियान क माध्यम से समूदाय आधारित स्क्रीनिंग, सिकलसेल बीमारी की जागरूकता और रेफरल की दिशा में कार्य किये जाएंगे। उन्होंने कहा कि आवश्यकता है कि सिकलसेल बीमारी के लिए उचित उपचार व प्रबंधन सम्भव हो सके, इसे लेकर जिले में आवश्यक पहल की जाएगी। संवेदनशील रोगियों, विशेष रूप से महिलाओं और बच्चों पर एससीडी के उपचार में ताजा अग्रिम और भविष्य के रुझानों के बारे में विचार विमर्श किया गया।

## प्रभावित प्रतिरोध मंच की बैठक में 12 सूत्री मांग पत्र सौंपने का निर्णय



**खलारी (आजाद सिपाही)।** प्रभावित प्रतिरोध मंच की बैठक बुधवार को चूरी में हुई। जिसकी अध्यक्षता नागेश्वर महतो और संचालन सुनील सिंह ने किया। बैठक के दौरान परियोजना से प्रभावित, विस्थापित, ग्रामीणों की समस्याओं पर चर्चा की गई। इसके साथ ही समस्याओं के निराकरण को लेकर चूरी परियोजना प्रबंधन को 12 सूत्री मांग पत्र सौंपने का निर्णय लिया गया। बैठक में अशोक महतो, सोनू पांडे, राजा खान, सुरेश महतो, राजेश महतो, नरेश महतो, दीपक महतो, भोला पांडे, गुलाम सरवर, दुर्गा महतो, इंटेस मद्रासी, मनीष महतो, संतोष महतो, भुवनेष्वर महतो, बालेष्वर महतो, निकेत चैहान, अनुज चैहान, मनोज महतो, राम अवतार राम सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## तोरपा विधायक ने विधानसभा में उठाया जर्जर सड़कों का मामला

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**खूंटी।** तोरपा के भाजपा विधायक कोचे मुंडा ने बुधवार को विधानसभा में तारांकित प्रश्न के तहत खूंटी-सिमडेगा मुख्य पथ पर कतारी मोड़ से कुमांग तक 15 किलोमीटर जर्जर सड़क के अलावा सोदे बाजार से नाराहातू जामुन मोड तक चार किलोमीटर जर्जर सड़क का मामला उठाया। तारांकित प्रश्न के तहत विधायक ने पूछा कि क्या यह बात सही है कि खूंटी जिला अंतर्गत खूंटी-सिमडेगा मुख्य पथ पर कतारी मोड़ से कुमांग तक करीब 15 किलोमीटर सड़क जर्जर और दयनीय है। जिस कारण ग्रामीणों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इसके उत्तर में ग्रामीण कार्य विभाग के मंत्री आलमगीर आलम ने बताया कि मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना एवं प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत पूर्व में ही निर्मित ग्रामीण पथें की मरम्मत के लिए पथों का चयन करते हुए विशेष मरम्मत के लिए डीपीआर उपलब्ध कराने का अनुरोध संबंधित अभियंताओं से किया गया है। सक्षम स्तर से तकनीकी स्वीकृति प्राप्त होने के बाद बजटीय उपबंध के आलोक में संबंधित पथों की मरम्मत की स्वीकृति के संबंध में आगे की कार्रवाई की जाएगी। विधायक ने रनिया प्रखंड के सोदे बाजार टांड़ से नाराहातू जामुन मोड़ तक चार किलोमीटर तक जर्जर सड़क का मामला उठाते हुए सरकार से पूछा कि क्या सरकार इस सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है। इस पर ग्रामीण कार्य विभाग के मंत्री द्वारा बताया गया कि चालू वित्तीय वर्ष मंग मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत विधानसभा सदस्य द्वारा अनुशंसित कुल सात 7 पथों जिसकी लंबाई 26.695 किलोमीटर की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की जा चुकी है। पथ की विशेष मरम्मत के लिए प्राक्कलन अधीक्षण अभियंता ग्रामीण कार्य विभाग कार्य अंचल रांची को तकनीकी स्वीकृति के लिए समर्पित किया जा चुका है। तकनीकी स्वीकृत प्राक्कलन प्राप्त होने पर विभागीय नीति एवं बजटीय उपबंध के आलोक में आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## किसानों का तीन दिवसीय जिला अंतर्गत प्रशिक्षण शुरू

**कर्रा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के किसानों को आत्मा कर्रा कार्यालय सभागार में बुधवार को जिला अंतर्गत तीन दिवसीय प्रशिक्षण को लेकर सामग्री कीट प्रदान कर प्रशिक्षण की शुरूआत की गई। उक्त प्रशिक्षण में कर्रा बीडीओ निशा कुमारी सिंह भी शामिल हुई। उन्होंने कहा कि सभी किसान खेतों में गोबर खाद का प्रयोग करें। श्री विधि से खेती करने से उत्पादन अधिक होती है। कीटनाशक और रासायनिक खाद का प्रयोग करने से हमारे शरीर में दुष्प्रभाव पड़ता है। खेतों में कीटनाशक और रासायनिक खाद का प्रयोग बहुत कम करना चाहिए। खाद्य पदार्थ को जैविक खाद से उगाएं। आप लोग जैविक खेती का महत्व को समझे।

## अनिल पासवान अध्यक्ष व पप्पू बने सचिव

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**खलारी।** चैती नवरात्र सह शतचंडी यज्ञ आयोजन को लेकर करकट्टा बस्ती देवी मंडप प्रांगण में बैठक हुई। जिसमें इस वर्ष भी चैती नवरात्र सह शतचंडी यज्ञ सर्व सहमति से धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में मुख्य रूप से 11 बिंदुओं पर चर्चा किया गया। चर्चा के बाद पूजा कमेटी का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष अनिल पासवान, सचिव चितरंजन सिंह उर्फ पप्पू सिंह बने। संरक्षक गणेश पाहन, शशि भूषण सिंह, भोला प्रसाद गुप्ता, रामेष्वर सिंह, अरुण सिंह, सोनी तिग्गा, दीपमाला कुमारी, जनेश्वर सिंह, भगवान सिंह, बलराम सोनी, संजय दत्ता, नागदेव सिंह, घंटु पाण्डेय, उपेंद्र सिंह, विनय खलखो, बिगन सिंह भोक्ता, संतोष कुमार महली, अरविंद सिंह, इंदिरा देवी, राजन सिंह राजा, गोपाल गुप्ता, अनिल गुप्ता, अजय गुप्ता, संतोष कुमार महतो, सहदेव महली, रतिया गंझू, बंशी अग्रवाल, द्वारीका प्रसाद अग्रवाल, दिलीप साव, दौलत शर्मा, राजेश गिरी, अविनाश पाण्डेय, गणेश प्रसाद गुप्ता रामसूरत यादव, राजीव सिन्हा मुन्नू, जालिम सिंह, संजीव सिंह, नंदू मेहता, मुकद्दर लोहरा, गौतम थापा एवं अमित भोक्ता को बनाया गया। उपाध्यक्ष प्रमोद कुमार सिंह, हरी प्रसाद गुप्ता, शंभू दास, शियाराम सिंह, पंकज मुंडा, राजेश प्रसाद, राजकुमार गंझू एवं नागेंद्र कुमार सिंह। सह सचिव सुंदरम सिंह, राहुल सिंह, आशीष सिंह, गौरव सिंह, सुमित सिंह, सत्यम सिंह, सुमन ठाकुर, हर्ष पाण्डेय, सोपनील सिंह, शत्रुघन मुंडा, सहदेव मुंडा एवं सनी सिंह। कोषाध्यक्ष अवध प्रसाद गुप्ता एवं सह कोषाध्यक्ष किशन मुंडा एवं रविंद्र नाथ पासवान। मीडिया प्रभारी विशाल पासवान एवं राजीव पाण्डेय। कार्यकारी अध्यक्ष दिलीप पासवान एवं हरेश सिंह।

### त्रिपक्षीय वार्ता में मांगों पर बनी सैद्धांतिक सहमति के बाद हुआ निर्णय

# 99वें दिन समाप्त हुआ विस्थापित प्रभावित एकता मंच का धरना

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**खलारी।** विस्थापित प्रभावित एकता मंच की ओर से अनिश्चितकालीन धरना 99वें दिन बुधवार को समाप्त हुआ। जेहलीटांड से सटे केडीएच खदान के समीप मंच की ओर से धरना दिया जा रहा था। खलारी अंचल कार्यालय में मंगलवार को हुई त्रिपक्षीय वार्ता में मंच की मांगों पर बनी सैद्धांतिक सहमती के बाद मंच बुधवार को धरना समाप्त करने की घोषणा की गई थी। जिसके बाद खलारी सीओ शिशुपाल आर्य, केडीएच पीओ जे अब्राहम की उपस्थित में मंच की ओर से धरना समाप्ति की घोषणा जिप सदस्य सरस्वती देवी द्वारा किया गया। मंच के मांगपत्र में शामिल मांगे जिस पर सहमति बनी उसमे कोयला का समूचित उत्पादन होने पर सकारात्मक पहल करते हुए ग्रामीणों विस्थापितों, प्रभावितों को रोजगार से जोड़ने के लिए पहल किया



धरनास्थल पर सहमति पत्र देते खलारी सीओ, केडीएच पीओ, जिप सदस्य व अन्य।

जाएगा। जेहलीटांड़ में 17 घरों में 8 घरों का मुआवजा के लिए संचिका मुख्यालय भेज दिया गया है। संभवतः एक माह के अंदर आठ घरों का मुआवजा भुगतान कर दिया जाएगा। शेष घरों का आवश्यक कागजात प्राप्त होने के उपरांत भुगतान के लिए कार्रवाई की जाएगी। डेंजर जोन में रह रहे मतनी गंझू की संचिका भी प्रक्रिया में है, सीसीएल मुख्यालय भेज दिया गया है, अनुमोदन के उपरांत एक माह के अंदर इनका भी भुगतान कर दिया जाएगा। तत्काल अस्थाई आवास आबंटन किया जाएगा। जेहलीटांड़ के मस्जिद को लेकर निर्णय लिया गया कि अंजुमन सदर सेक्रेटरी के प्रस्ताव के उपरांत सीसीएल मस्जिद का निर्माण कराएगी। वहीं सीओ शिशुपाल आर्य ने कहा कि ग्रामीणों का सकारात्मक सहयोग रहा है। आगे भी किसी भी तरह की समस्या हो यहां के ग्रामीण मुझे बतलाए जिसका निराकरण किया जाएगा। इसके साथ ही खलारी सीओ शिशुपाल आर्य ने विस्थापित प्रभावित एकता मंच के जेहलीटांड चैक स्थित कार्यालय का फीता काटकर उद्घाटन भी किया। वहीं केडीएच पीओ जे अब्राहम ने ग्रामीणों के सकारात्मक रवैये पर खुषी जाहीर करते हुए कहा कि केडीएच माइंस के विस्तारीकरण से देश और ग्रामीणों के भविष्य सुदृढ होगा। उन्होंने ग्रामीणों का धन्यवाद भी दिया। इस अवसर पर संचालन संयुक्त रूप से इम्तियाज अंसारी और जावेद अंसारी ने किया। मौके पर जिप सदस्य खलारी पश्चिमी सरस्वती देवी, मंच के अध्यक्ष देवलाल गंझू, खलारी मुखिया तेजी किस्पोट्टा, पंसस खलारी किरण देवी, पूर्व मुखिया निर्मला उरांव, इसराईल अंसारी, शहिद अंसारी, देवलाल गंझू, इम्तियाज अंसारी, ईशा प्रवीण, नांदो देवी, रामप्रीत यादव, सीमा कश्यप, अनवर हुसैन, शहीद अंसारी, इसराइल अंसारी, संतोष रजक, नसीम अख्तर, अनिल गुप्ता, जुगेश्वर राम, तस्लीम अंसारी, हरी प्रजापति, हसन अंसारी, साबीर अंसारी, सद्दाम अंसारी, शिबू महली, अनवर अंसारी, आशिक रजवी सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### रसोई गैस की कीमतों में वृद्धि पर किसान सभा ने की निंदा

**राहे (आजाद सिपाही)।** केंद्र सरकार द्वारा घरेलू गैस सिलिंडर में 50 रुपये और व्यवसायिक गैस सिलिंडर में 350 रुपये की वृद्धि किए जाने की झारखंड राज्य किसान सभा ने कड़े शब्दों में निंदा की है। झारखंड राज्य किसान सभा के अध्यक्ष सुफल महतो और महासचिव सुरजीत सिन्हा ने कहा कि इस रसोई गैस की कीमतों में वृद्धि से आमजनता पर भारी बोझ पड़ेगा। पहले से महंगाई की मार झेल रही जनता अब और परेशान होगी। झारखंड राज्य किसान सभा के सभी इकाइयां गैस सिलिंडर मुल्य वृद्धि के खिलाफ व्यापक पैमाने पर विरोध प्रदर्शन, पूतला दहन कर बढ़ी कीमतें वापस लेने की मांग करेगी।

### वन विभाग ने ग्रामीणों के बीच वितरण किये जंगली हाथियों को भगाने की सामग्री

**सोनाहातू (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के बारेंदा और हेसाडीह पंचायत के ग्रामीणों के बीच वन विभाग के वनपाल दिलीप मुंडा और करमा होरो ने हाथी भगाने के लिए टॉर्च ,फटाखे और अन्य सामग्री का वितरण किया। इस अवसर पर हाथी मित्र तापस कर्मकार सहित पंचायत के हाथी भगाओ दल के सदस्य मौजूद थे।

### जलस्तर गिरने से जल मिनार सूखी, मध्याह्न भोजन व पानी को परेशान हुए छात्र-छात्राएं



**रडगांव/तमाड़ (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के रडगांव में राजकीय उर्दू प्राथमिक विद्यालय के चापाकल में जल का स्तर नीचे चले जाने से जलमीनार में पानी नहीं चढ़ पा रहा है। इससे जल मीनार खुद प्यासा हो गया है और उपयोग नहीं हो पा रहा है। जिससे मध्याह्न भोजन बनाने और छात्र-छात्राओं को पीने के पानी के लिए तरसना पड़ रहा है। गर्मी का मौसम बढ़ने के साथ ही बच्चो को और परेशानी होने की संभावना बढ़ गई है।

### बुंडू अनुमंडलीय अस्पताल में भी कामकाज प्रभावित

**बुंडू (आजाद सिपाही)।** आईएमए और झासा की ओर से किए गए हड़ताल का असर बुधवार को बुंडू अनुमंडलीय अस्पताल में भी देखने को मिला। अस्पताल में इमरजेंसी सेवा छोड़कर सभी कार्य ठप रहे।

### पुलिस ने नष्ट की 24 एकड़ में लगी अफीम की खेती



**बुंडू/तमाड़ (आजाद सिपाही)।** पुलिस ने बुंडू व तमाड़ में अभियान चलाकर 24 एकड़ में लगी अफीम की खेती को नष्ट कर दिया। पहली घटना बुंडू थाना क्षेत्र के आमजोरा गांव स्थित जंगल क्षेत्र में देखने को मिली। बुंडू थाना प्रभारी सह इस्पेक्टर पंकज भूषण के नेतृत्व में 4 एकड़ में लगे अवैध अफीम की फसल को नष्ट कर दिया गया। दूसरी ओर, दशम फॉल थाना अंतर्गत चउरउवदआ एवं जामगामी गांव स्थित जंगल क्षेत्र में दशम फॉल थाना प्रभारी विष्णु कांत के नेतृत्व में अभियान चलाकर छह एकड़ में लगे अवैध अफीम की फसल को नष्ट किया गया। उधर, तमाड़ थाना क्षेत्र में एसएसबी डूंगरडीह के सहयोग से डिमरा एवं झटगांव के आस पास के जंगल क्षेत्र में लगे करीब 14 एकड़ में अफीम की फसल को नष्ट किया गया है।

### कर्रा में राशन डीलरों की बैठक संपन्न



**कर्रा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड जन वितरण प्रणाली के दुकानदारों का बुधवार को बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता सरस्वती देवी ने की। बैठक में राशन डीलरों ने अपनी-अपनी समस्या को रखा। साथ ही निःशुल्क खदान वितरण के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई। राशन डीलरों ने कहा कि करोना काल से अब तक सरकार ने डीलरों को राशन वितरण कराया, लेकिन उसका कमीशन हम डीलरों को अब तक नहीं दिया है। बैठक में निर्णय लिया गया कि 22 मार्च को कर्रा प्रखंड से सभी डीलर दिल्ली की रैली को सफल बनाने के लिए पहुंचेंगे। इस मौके पर प्रखंड के सभी जन वितरण प्रणाली का दुकानदार उपस्थित थे।

### बिहार कोलियरी कामगार यूनियन की बैठक में असंगठित मजदूरों की समस्याओं पर चर्चा



**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** असंगठित क्षेत्र में काम कर रहे मजदूरों के साथ सीसीएल प्रबंधन एवं कंपनियों द्वारा किए जा रहे शोषण के मुद्दे पर बिहार कोलियरी कामगार यूनियन की बैठक बीओसीएम स्थित हनुमान मंदिर के पास संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता जोनल सचिव जंगबहादुर राम ने किया। बैठक में मुख्य रूप से आरसीएम साइडिंग में कार्यरत मजदूरों के अनियमित वेतन भुगतान, आरपीएल कंपनी में मजदुरों के बकाया बोनस भुगतान के साथ सीएमपीएफ से संबंधित सहज फार्म की धीमी गति पर चर्चा की गई। बैठक में संतोष प्रजापति, रामप्रीत साहनी, संतोष महतो, राजेश महतो, लालजी महतो ,प्रेम नाथ महतो, जगदीश महतो, लोकनाथ महतो, सुरेंद्र महतो, गोपाल महतो, धनेश्वर महतो आदि उपस्थित थे।

### जल सहियाओं का धरना- प्रदर्शन तीन को

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** जिले में कार्यरत लगभग 755 जल सहियाओं को पिछले 48 महीनों से मानदेय एवं प्रोत्साहन राशि का भुगतान नहीं हुआ है। चार वर्षों से मानदेय एवं प्रोत्साहन राशि का भुगतान नहीं होने से कार्यरत जल सहियाओं के समक्ष गंभीर आर्थिक संकट उत्पन्न हो गया है। लंबित मानदेय एवं प्रोत्साहन राशि के भुगतान की मांग को लेकर झारखंड राज्य जलसहिया संघ के बैनर तले जिले में कार्यरत जल सहिया तीन मार्च को कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल के कार्यालय के समक्ष धरना-प्रदर्शन करेंगे। यह जानकारी जल सहिया संघ की जिला मंत्री संध्या देवी ने दी।

### प्रखंड कार्यालय परिसर में विकलांगता शिविर आज

**खलारी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड कार्यालय में गुरुवार को विकलांगता शिविर का आयोजन किया जाएगा। उक्त संबंध की जानकारी देते हुए बीडीओ लेखराज नाग ने बताया कि गुरुवार सुबह 10 बजे से प्रखंड कार्यालय परिसर में विकलांगता शिविर आयोजित होगा। जिसमें चार फैकेल्टी के डॉक्टर्स विकलांग व्यक्तियों के शारीरिक परीक्षण के उपरांत विकलांगता सर्टिफिकेट निर्गत करेंगे। जिसमें ऑर्थो, नेत्र, ईएनटी एवं मनोचिकित्सक के अलावा नेत्र सहायक आदि उपस्थित रहेंगे।

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 02 मार्च, 2023
www.azadsipahi.in


## राजेंद्र शाहदेव पब्लिक स्कूल का वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया



**पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)।** नगड़ी के लालगुटवा स्थित हेरिटेज नगर में राजेंद्र शाहदेव पब्लिक स्कूल का वार्षिकोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित ज्ञानकोलॉजिस्ट डॉ माणिमुक्ता ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। मौके पर उपस्थित सैकड़ों विद्यार्थियों एवं अविभावकों को संबोधित करते मुख्य अतिथि ने कहा विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ साथ खेलकूद और सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लें। इससे शारीरिक के साथ-साथ मानसिक विकास होता है। माता-पिता अपने बच्चों के स्कूल के बाद अपने साथ अधिक समय दें और मोबाइल से दूर रखें। मौके पर विद्यार्थियों ने एक से बढ़कर एक शिक्षाप्रद नाट्य प्रस्तुत तथा रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति कर सभी अविभावकों का मन मोहा। इससे पूर्व मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलित तथा विद्यालय के जनक लाल राजेन्द्र नाथ शाहदेव प्रतिमा पर माल्यार्पण कर वार्षिकोत्सव का शुभारंभ किया। मौके कार्यक्रम की अध्यक्षता एवं धन्यवाद ज्ञापन लाल कुशध्वज नाथ शाहदेव ने जबकि संचालन अर्पणा सिंह ने किया।

## केंद्रीय तसर अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान में स्वच्छता पखवाड़ा का शुभारंभ



**पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)।** नगड़ी के केंद्रीय तसर अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान में आज से स्वच्छता पखवाड़ा का शुभारंभ हुआ जो 15 मार्च तक चलेगा। पखवाड़ा का शुभारंभ संस्थान के वैज्ञानिक डॉ एस गांधी दास के द्वारा संस्थान के वैज्ञानिकों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्वच्छता पर सामूहिक प्रतिज्ञा दिलायी। साथ ही स्वच्छता के महत्व पर चर्चा की एवं सभी को स्वच्छता के प्रति सजग रहने की अपील की गई। संस्थान में इस अवसर पर साफ सफाई अभियान चलाकर मुख्य परिसर एवं प्रक्षेत्र के सफाई का कार्य किया गया। इस अवसर पर संस्थान में निबंध एवं स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ जय प्रकाश पांडेय एवं धन्यवाद ज्ञापन सुहैल अख्तर ने किया।

## कब्रिस्तान की चारदीवारी निर्माण मामले में उठे विवाद के दौरान दो गुटों में हुई जमकर मारपीट



**बुढ़मू (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के उमेडंडा गांव में बुधवार 1 मार्च को कब्रिस्तान की चारदीवारी निर्माण मामले में उठे विवाद के दौरान दो गुटों में जमकर मारपीट हुई, जिसमें बीच बचाव करने गये उमेडंडा निवासी समाजसेवी सह अधिवक्ता सरफराज अहमद उर्फ गुड्डू गंभीर रूप से घायल हो गए। सरफराज को मथा, चेहरा व शरीर के अन्य अंदरूनी हिस्सों मे गंभीर चोटे आयी है, सीएचसी बुढ़मू मे प्राथमिकता इलाज के बाद बेहतर इलाज के लिए उन्हें रिम्स रेफर कर दिया गया है। इस मामले पर सरफराज अहमद उर्फ गुड्डू के फर्द बयान पर बुढ़मू थाना मे नईमुद्दीन अंसारी, अलीमुद्दीन अंसारी, इजाजुल अंसारी व निजाम अंसारी सहित अन्य अज्ञात लोगो के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। वहीं पुलिस व ग्रामीणों के द्वारा दी गई। जानकारी के अनुसार उमेडंडा कब्रिस्तान चारदीवारी निर्माण कार्य को लेकर दो गुटों के बीच पिछले दो तीन महीनों से विवाद चल रहा था। उसी आलोक में विवाद निपटारे के लिए पंचायत सचिवालय उमेडंडा में मुखिया दशमी देवी की अध्यक्षता में दोनों पक्षों कई बैठक बुलाई गई थी उसी दौरान दोनों गुटों के बीच अचानक बात विवाद बढ़ गया और मारपीट शुरू हो गई, जिसको देखकर मौके पर उपस्थित सरफराज अहमद उर्फ गुड्डू ने दोनों पक्ष को समझौता कराने का प्रयास किया, परन्तु दूसरे पक्ष के उग्र लोग इन्हीं पर टूट पड़े व रॉड, लाठी, डंडे से मारकर घायल कर दिया। दूसरी ओर दूसरे पक्ष के समीर अंसारी ने भी मारपीट का आरोप लगाते हुए थाना में आवेदन दिया है। इधर मामले पर गंभीर थाना प्रभारी कमलेश राय ने जांच पड़ताल शुरू कर दिया है।

## लापुंग में ट्रैक्टर शो रूम का उद्घाटन



**लापुंग (आजाद सिपाही)।** लापुंग प्रखंड के लालगंज गांव में भी, एस, टी ट्रेक्टर शोरुम का उद्घाटन भाजपा नेता सन्नी टोप्पो और समाज सेवी किशोर साहू व विहीप मंत्री खुंटी जिला वीरेंद्र सोनी ने संयुक्त रूप से फिता काटकर उद्घाटन किया। इस ट्रेक्टर शो रूम का प्रोपराइटर प्रेम साहू लालगज हुए।ग्रामीण क्षेत्रो में ट्रैक्टर का शो रूम खुलने से लोगो को शहर नही जाना पड़ेगा। इस अवसर पर उप प्रमुख विश्वानाथ मुंडा, चरकु साहू, विहीप के समीर गुप्ता , रामप्रसाद साहू, विरेन्द्र साहू, सोनु पंडित, गोपाल महली, पवन साहू आदि उपस्थित हुए।

## लापुंग में विश्व हिंदू परिषद का धर्म रक्षा निधि संग्रह कार्यक्रम शुरू



**लापुंग (आजाद सिपाही)।** लापुंग प्रखंड में विश्व हिन्दू परिषद के द्वारा धर्म रक्षा निधि के तहत धन संग्रह के लिए लापुंग के गांव में घर घर धन संग्रह के लिए लोग घूम रहे हैं। आज सबसे अधिक भाजपा नेता सन्नी टोप्पो ने 2500 रुपये देकर कूपन कटवाया। लापुंग के अलावा लालगज, कर्तीकेला में धन संग्रह किया गया। विहिप खूंटी जिला मंत्री वीरेंद्र सोनी, मंत्री समीर गुप्ता, सह मंत्री महेश साहू, कार्यकारी अध्यक्ष रामप्रसाद साहू, नन्दलाल साहू, सोनू पंडित के अलावे अनेक लोग धन संग्रह में सहयोग किया। धन देने वालों में ग्रामीणों के अलावे भाजपा महिला नेत्री सीता देवी ने भी सहयोग किया। आज प्रथम दिन कुल सहयोग राशि 16,500 जमा हुआ। हिन्दू नव वर्ष 22 मार्च को मनाया जाएगा एवं सभी सनातनी घरों में भगवा ध्वज लगाया जाएगा।

**हत्या :** टाटीसिल्वे थाना क्षेत्र में महिला का शव बरामद होने के बाद मायके वालों ने जताया आक्रोश

# हत्या का आरोप लगाते हुए मृतका के ससुराल में जमकर की मारपीट

**मारपीट के दौरान जेठानी के साथ अमानवीय व्यवहार किये जाने की भी खबर है**

**घटना की सूचना के बाद टाटीसिलवे व अनगड़ा थाना पुलिस घटनास्थल पर कैंप कर रही है**

आजाद सिपाही संवाददाता

**अनगड़ा।** टाटीसिलवे थाना क्षेत्र में शीलवती कुमारी नामक एक महिला का शव बरामद होने के बाद आक्रोशित उसके मायके वालों ने महिला के ससुराल अनगड़ा थाना क्षेत्र के बोंगईबेड़ा पंचायत अंतर्गत घोड़लतवा गांव में जाकर जमकर बवाल काटा। बताया गया कि मृतका शीलवती के मायके वालों ने महिला की सास सागो देवी, ससुर धनेश्वर महतो, जेठ अमृत महतो, जेठानी सरिता देवी सहित अन्य परिजनों के साथ जमकर मारपीट की तथा जेठानी सरिता देवी के साथ अमानवीय व्यवहार किये जाने की भी खबर है।

घटना के संबंध में बताया गया कि रांची-पुरूलिया सड़क पर सिलवे मानकी ढीपा के निकट रेलवे पुल के पास सड़क किनारे से बुधवार की सुबह टाटीसिलवे पुलिस ने शीलवती कुमारी का शव बरामद किया था। शीलवती का मायका सदर थाना क्षेत्र के लालगंज गांव में था। यह भी बताया गया कि वह अपने ससुराल घोड़लतवा से मंगलवार की सुबह निकली थी। बुधवार की अहले सुबह उसकी लाश सड़क किनारे देखी गयी तथा टाटीसिलवे पुलिस को इसकी सूचना दी गई। पुलिस ने शव को कब्जे कर पोस्टमार्टम हेतु रिम्स भेज दिया। शव की पहचान घोड़लतवा निवासी महाबीर महतो की पत्नी शीलवती कुमारी के रूप में की गई।

इससे पहले टाटीसिलवे पुलिस ने मृतका के जेठ अमृत महतो को हिरासत में लिया था जबकि पति महाबीर महतो घर से फरार है।

पोस्टमार्टम के बाद जब शव उसका ससुराल घोड़लतवा लाया जा रहा था उस समय उसके मायके लालगंज से करीब 35-40 की संख्या में महिला-पुरूष भी साथ पहुंच गये तथा ससुराल वालों पर हत्या का आरोप लगाते हुए जमकर मारपीट शुरू कर दिये। इसके बाद वहां भगदड़ की स्थिति बन गयी। इस बीच मृतका के मायके वालों ने जेठानी को पकड़ लिया तथा मारपीट करते हुए उसके साथ अमानवीय सलुक किया।

इधर प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि जेठानी को निर्वस्त्र करने की कोशिश की गई। हालांकि पुलिस महिला के साथ हुई अमानवीय व्यवहार की घटना से इंकार कर रही है। घटना की सूचना के बाद टाटीसिलवे व अनगड़ा थाना पुलिस घटनास्थल पर कैंप कर रही है। सूचना पाकर सिल्ली डीएसपी क्रिस्टोफर केरकेटा, पुलिस इंस्पेक्टर नीरज कुमार, टाटीसिलवे थानेदार, अनगड़ा थाना प्रभारी ब्रजेश कुमार सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी घटना स्थल पहुंचकर मामले की छानबीन कर रहे हैं।

## बेड़ो के जरिया पुरानाडीह में पांच दिवसीय हनुमत प्राण प्रतिष्ठा व देवी मंडप प्रतिष्ठा महायज्ञ 10 मार्च से

**पांच दिनों तक होगा अनुष्ठान व भंडारे का आयोजन**

आजाद सिपाही संवाददाता

**बेड़ो।** प्रखंड के जरिया पुरानाडीह में ग्रामवासियों के सौजन्य से आगामी 10 मार्च से पांच दिवसीय हनुमत प्राण प्रतिष्ठा एवं देवी मंडप प्रतिष्ठा महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा।

दस मार्च को परंपरागत नाच गान,ढोल, डाक, नगाड़ा, रणभेरी व महावीरी झंडा के साथ मंदिर परिसर से भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी। जो गड़गांव स्थित बिरगोड़ा नदी पहुंचेगी। जहां पूजा अर्चना के बाद जलकलश लेकर श्रद्धालुओं का जत्था पुनः मंदिर परिसर पहुंचकर एक धार्मिक समारोह में बदल जाएगा। इसके बाद धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन किया जाएगा।

इस दौरान पुजारी श्रीधाम वृन्दावन मथुरा के पं. प्राणवल्लभ भक्त व जितेन्द्र पाठक की अगुवाई में धार्मिक अनुष्ठान कार्यक्रम में से सर्व वेदी पूजन, अन्नाधिवास, हनुमान चालीसा पाठ, संगीतमय प्रवचन, भागवत कथा, सुंदरकांड, नौ कन्या कुंवारी पूजन, आरती, हवन, भंडारा, पूणार्हुति तथा 12 घंटे का अखंड हरि कीर्तन आदि का आयोजन किया जाएगा। श्री धाम वृंदावन के पं प्राणवल्लभ भक्त प्रवचनकर्ता होंगे।

इधर समारोह को सफल बनाने में ग्रामीणों में राजीव रंजन अधिकारी, ब्रजेश महतो, मनु बड़ाईक मनोज साहू, सुभाष गोप, ओमप्रकाश गोप, प्रेम कुमार, लक्ष्मण महतो, सुरेश महतो, हिमांशु महतो, कपिल कुमार महतो, पंकज बड़ाईक, राजेश बड़ाईक व शंकर आदि सराहनीय योगदान दे रहे हैं।

## बेड़ो में पहान सम्मान सह प्रार्थना सभा आज

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** महादानी मैदान में आज सरना समिति बेड़ो के तत्वावधान में सरना स्थल मैदान में 20वां वार्षिक पहान सम्मान सह सरना प्रार्थना सभा समारोह का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम में सामाजिक, पारंपरिक, सांस्कृतिक रीति रिवाज को अक्षुण्ण बनाये रखने पर परिचर्चा की जाएगी। कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य रूप से अनिल उरांव, बुधवा पहान, एतवा उरांव, जिगुवा भगत, संजय उरांव, बन्नू भगत, जल्ही उरांव, सुकरा भगत, मंगरी उरांव, मुन्नी उरांव, पुनिता उरांव, बसंती उरांव, सोमरी उरांव, चारो उरांव, जय मंगल उरांव, अशोक खलखो, चुमानी उरांव, आशा एक्का, बसंत भगत, ओरंगस टोप्पो समेत कई लोग लगे हुए हैं।

## बीडीओ की पहल पर नेत्रहीन दिव्यांग दंपति के चेहरे पर आयी उम्मीदों की रोशनी

**यह दंपति सड़कों पर गीत गाकर अपनी रोजी-रोटी कमाते हैं**

**प्रखंड परिसर में जब बीडीओ की नजर इन पर पड़ी तो उन्होंने त्वरित कार्रवाई करते हुए उन्हें सर्वजन पेंशन योजना से जोड़ने का काम किया**

आजाद सिपाही संवाददाता



**बेड़ो।** गरीबी की दलदल में धंसे नेत्रहीन दिव्यांग दंपति एतवा उरांव व शुकरो उरांइन के जीवन में बुधवार को उजाले की एक छोटी सी किरण उस वक्त आयी जब बीडीओ डा. प्रवीण कुमार की पहल पर सर्वजन पेंशन योजना से इन्हें लाभान्वित किया गया। नेत्रहीन दंपति खुद्दारी की रथ पर सवार उम्र की इस दहलीज पर भी बजाय दूसरों के सामने हाथ फैलाने के अपनी कला का प्रदर्शन कर आधी ही सही इज्जत की रोटी खा रहे हैं।

हरिहरपुर जामटोली की यह दंपति सड़कों में गीत गाकर अपनी रोजी-रोटी कमाते हैं।

बुधवार को प्रखंड परिसर में जब बीडीओ की नजर इन पर पड़ी तो उन्होंने उत्सुकता से उनके जीवन के बारे में जानने का प्रयास किया। पंचायत के पूर्व मुखिया सुनील उरांव ने उनके हालात से अवगत कराया साथ ही इनके कागजात उपलब्ध कराये। त्वरित कार्रवाई करते हुए सारी प्रक्रिया पूर्ण कर बीडीओ ने सर्वजन पेंशन योजना से इन्हें जोड़ने का काम किया। पेंशन की खुशखबरी सुनकर दिव्यांगों की मासूम आंखों पर उम्मीदों की चमक सी बिखर गयी। महीने की दो हजार की उम्मीद पाकर दिव्यांग दंपति के दिलों से बीडीओ व पूर्व मुखिया के लिए निकलने वाली दुआएं किसी अजीम आशीर्वाद से कम नहीं थे।

**प्रदर्शन :** चिकित्सकों के साथ दुर्व्यवहार के विरोध में बेड़ो सीएचसी में डाक्टरों ने किया कार्य बहिष्कार

# ओपीडी सेवा बंद रहने से अस्पताल पहुंचे मरीजों को हुई परेशानी

**चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों के साथ अभद्र व्यवहार के विरोध में सुरक्षा मुहैया कराने की मांग को लेकर हम लोगों ने ओपीडी कार्य का बहिष्कार किया है : चिकित्सा प्रभारी**

आजाद सिपाही संवाददाता




**बेड़ो।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थापित चिकित्सकों ने बुधवार को कार्य बहिष्कार किया। सीएचसी के सभी चिकित्सक व कर्मचारियों ने गेट पर बैठकर विरोध प्रदर्शन किया। सीएचसी के चिकित्सकों ने मेडिकल प्रोटेक्शन एक्ट को झारखंड में लागू करने और चिकित्सकों के साथ हो रहे गलत बर्ताव को रोकने की मांग पर एक दिन का कार्य बहिष्कार किया।

मौके पर चिकित्सा प्रभारी डा सुमित्रा कुमारी ने कहा कि आये दिन किसी ना किसी बात पर लोग उग्र होकर चिकित्सकों के साथ हाथापाई कर रहे हैं। स्वास्थ्य कर्मियों के साथ अभद्र व्यवहार करते हैं जिसका विरोध करते हुए सुरक्षा मुहैया कराने की मांग पर हम लोगों ने एक दिवसीय ओपीडी कार्य का बहिष्कार किया गया है।

डा. मेघा भगत ने कहा चिकित्सक के साथ हुई मारपीट की घटना बहुत ही निंदनीय है, जिसका हम सभी चिकित्सक विरोध करते हैं। साथ ही झारखंड में चिकित्सकों की सुरक्षा के लिए मेडिकल प्रोटेक्शन एक्ट की मांग करती हूं। वहीं चिकित्सकों के कार्य बहिष्कार का स्वास्थ्य कर्मियों ने भी नैतिक समर्थन दिया है।

इधर बेड़ो सीएचसी में बुधवार को ओपीडी कार्य नहीं हुआ जिससे लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। चिकित्सकों ने सिर्फ इमरजेंसी के मरीजों को देखा। ओपीडी बंद होने से कई मरीज अस्पताल आकर मायूस होकर अपने-अपने घर लौट गये।

मौके पर डा एलएन दास, डा राजीव कुमार, डा. रिजवाना खातून, डा. निगार सुलताना, डा. नजमा अंजुम, वीरेंद्र प्रसाद सहित स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### नामकुम में कांग्रेस नेता रमेश पांडेय के आवास पर होली मिलन समारोह का आयोजन



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** कांग्रेस नेता सह जोरार बस्ती लीची बागान निवासी रमेश पांडेय के आवास पर बुधवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नामकुम थाना प्रभारी सुनील कुमार तिवारी उपस्थित थे। मौके पर उन्होंने कांग्रेस नेता रमेश पांडेय के 40वां जन्मदिन की बधाई देते हुये कहा कि होली आपसी प्रेम, भाईचारा और सौहार्द का त्योहार है। इस त्योहार को बिना किसी भेदभाव के मनाना चाहिये। किसी प्रकार का हुड़दंग नहीं करना चाहिये और न किसी को जबरन रंग लगाना चाहिये। रमेश पांडेय ने कहा कि होली का त्योहार एकता का संदेश देता है। हम सभी को रंगों की तरह ही आपस में मिलजुल कर रहना चाहिये। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस कमेटी महासचिव सुरेश बैठा, समाजसेवी प्रभास झा, अनिरुद्ध पांडे, अवधेश यादव, साधु यादव, मनीष राय, रामकुमार यादव, जयकुमार मिश्रा, काशीनाथ शर्मा, जानकी साहू, सत्यनारायण सिंह, भगवान सिंह, रामाशंकर तिवारी, अखिलेश सिंह, विनय सिंह, विश्वनाथ तिवारी, शेखर सिंह, आशुतोष श्रीवास्तव, सत्यदेव यादव, बबलू मुंडा, अनिल राम के साथ आसपास के दर्जनों महिला-पुरुष ग्रामीण शामिल थे।

### टाटीपूर्वी पंचायत के मुखिया ने किया जन औषधि सेल्फी प्वाइंट का लोकार्पण



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना के तहत पूरे देश में जन औषधि सप्ताह मनाया जा रहा है। इसके तहत बुधवार को टाटीसिलवे में सेल्फी पॉइंट का लोकार्पण टाटीपूर्वी पंचायत के मुखिया कृष्णा पाहन के द्वारा किया गया। इससे आम लोगों तक जन औषधि जैसी योजना का प्रचार प्रसार ज्यादा से ज्यादा नागरिकों तक किया जा सके इसके लिये जन औषधि का लोकार्पण किया गया। मुखिया कृष्णा पाहन ने कहा कि आम लोगों को जन औषधि का फायदा मिलेगा और इससे उनकी दवा पर होने वाली खर्चों में काफी बचत भी होगी। मौके पर जन औषधि से जुड़ी तमाम हितकारी बातों को भी साझा किया गया। इस मौके पर भाजपा टाटीसिलवे मंडल अध्यक्ष राजेंद्र महतो, पूर्व मंडल अध्यक्ष गाजू महतो, पूर्व महामंत्री सरयुग प्रसाद, अमित कुमार मिश्रा, मधुसूदन पांडेय, अभय मिश्रा, गिरिधर मिश्रा, सनिल जॉय, नरेश महतो, बलराम महतो, अशोक विश्वकर्मा, मदन मोहन मिश्रा, शुभलक्ष्मी पांडेय, रोहित पांडेय, ओम पांडेय, शुभांशी पांडेय, आश्रिता तिर्की आदि मौजूद थे। गौरतलब है कि इस पूरे हफ्ते आम जनता को जागरूक करने के लिये देश भर में कार्यक्रम आयोजित किया गया है।

### बरगावां पंचायत में सांसद प्रतिनिधि एवं मुखिया ने किया ट्रांसफॉर्मर का उद्घाटन



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के बरगावां पंचायत अंतर्गत चाय बगान में बुधवाार को सांसद प्रतिनिधि खिजरी विधानसभा प्रमोद कुमार सिंह एवं बरगावां मुखिया अनीता तिर्की ने संयुक्त रूप से नारियल फोड़कर ट्रांसफॉर्मर का उद्घाटन किया। चाय बगान में नया ट्रांसफॉर्मर लगने पर ग्रामीणों ने खुशी जाहिर की। ग्रामीणों ने कहा कि बरगावां उपमुखिया सुबोध सिंह टनटन के प्रयास से ही चाय बगान में नया ट्रांसफॉर्मर लग पाया है। ग्रामीणों ने बताया कि कई महीनों से बिजली ट्रांसफॉर्मर नहीं रहने के कारण चाय बगान में बिजली नहीं थी। जिससे ग्रामीणों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। खास कर विद्यार्थियों को दिक्कत उठानी पड़ रही थी। चाय बगान में बिजली ट्रांसफॉर्मर लगने से यह समस्या दूर हुई। मौके पर मुखिया अनीता तिर्की, उपमुखिया सुबोध सिंह टनटन, अरुण झा, दिलीप सिंह, सोरभ सिंह, सुनील ठाकुर, सचीन मिश्रा, आशीष कुमार, सुमित कुमार, दारा सिंह, देवकी पंडित, संजीव कुमार, सुरेंद्र झा, विवके आदि उपस्थित थे।

### शेर- ए- झारखंड शिवा महतो को पुण्यतिथि पर दी गयी श्रद्धांजलि



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** शेर-ए झारखंड शिवा महतो की पुण्यतिथि पर झारखंड के छात्र नेता, आंदोलनकारी एवं राजनीतिक दलों ने बुधवार को उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर नेशनल पीपुल्स पार्टी के नेताओं ने कहा झारखंड को शिवा महतो जैसे नेतृत्वकर्ता की जरूरत है। विस्थापन पलायन और उत्पीड़न शोषण ने झारखंड के लोगों को तबाह कर दिया है। प्रदेश महासचिव अमर महतो ने कहा बालू, कोयला और पत्थर चोर पुलिस प्रशासन के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। हर जगह फर्जी कागजात बनाकर गरीबों की जमीन लूटी जा रही है। प्रशासन झारखंड के लोगों का साथ नहीं दे रहा है। जिसके कारण से अपराध एवं हत्या का बोलबाला है। इस मौके पर नेशनल पीपुल्स पार्टी के दर्जनों कार्यकर्ताओं ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

### बस की चपेट में आकर युवक की मौत



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** रांची-मुरी मार्ग पर गोंदलीपोखर के निकट बुधवार की दोपहर हुई सड़क दुर्घटना में बाइक सवार एक युवक की घटनास्थल पर हीं दर्दनाक मौत हो गई। मृतक की पहचान अनगड़ा थाना क्षेत्र के सिरका गांव निवासी दीपक महतो पिता मनीराम महतो के रूप मे हुई। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंचे थानेदार ब्रजेश कुमार ने शव को कब्जे मे कर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया। बताया गया कि मृतक दीपक महतो घर से बाइक पर टाटीसिलवे की ओर जा रहा था। इस दौरान ठीक गोंदलीपोखर के निकट आगे जा रही एक बस को पार करने के क्रम मे विपरित दिशा से आ रही एक ओटो से बाइक की टक्कर हो गई। टक्कर होने के बाद दीपक जैसे हीं सड़क पर गिरा पीछे से आ रही बस उसे कुचलते हुए निकल गई। घटनास्थल पर हीं उसकी मौत हो गई। बताया गया कि उक्त बस अनगड़ा के एक शिक्षण संस्थान की है।

## अवैध बालू का परिवहन कर रहे 3 ट्रैक्टर जब्त

हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)। हरिहरगंज थाना क्षेत्र के पत्थरा ओपी प्रभारी नीतीश कुमार ने बुधवार को अवैध बालू लदे तीन ट्रैक्टर के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए जब्त कर लिया। सभी खड़गपुर और सेमरवार स्थित बटाने नदी घाट से अवैध बालू लादकर जा रहे थे। हरिहरगंज थाना प्रभारी निर्भय कुमार ने बताया कि तीनों ट्रैक्टर मालिक और चालक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है।

## योजना जांच करने गये मुखिया से अभद्र व्यवहार, मामला दर्ज

हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)। तूरी पंचायत के मुखिया संदीप यादव ने गाली गलौज व मारपीट करने की लिखित शिकायत करते हुए दो युवकों के खिलाफ हरिहरगंज थाना में नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई है। मुखिया ने कहा है कि बुधवार को लंगुराही में देवमती कुंवर का डोभा निर्माण कार्य की जांच करने गये थे। वहां राहुल यादव और मुन्ना कुमार यादव ने अभद्रता की।

### महापौर ने निगम क्षेत्र में दो करोड़ की लागत से बननेवाली योजनाओं का किया शिलान्यास

# आधुनिक होगा शिवाजी मैदान व सरकारी बस स्टैंड : अरुणा

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** महापौर अरुणा शंकर, उपमहापौर मंगल सिंह और पार्षदों ने संयुक रूप से लगभग दो करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली योजना का शिलान्यास किया। जिसमें प्रमुख सरकारी बस स्टैंड का जीर्णोद्धार, शिवाजी मैदान के अलावा पूरे शहर के यात्री शेड का जीर्णोद्धार के साथ ही कई वार्ड के नाली और रोड शामिल है। महापौर ने शिलान्यास करते हुए कहा कि मैं कई वर्षों से प्रयासरत थी कि सरकारी बस स्टैंड को सुव्यवस्थित किया जा सके। इसे लेकर सरकार से पत्राचार भी चल रहा था। अंत में जैसे ही निगम को सरकार ने सरकारी बस स्टैंड हस्तांतरण करते हुए पत्र भेजा। निगम की ओर से उसका जीर्णोद्धार शुरू कर दिया गया। महापौर ने बताया कि पूरे सरकारी बस डिपो में पेवर ब्लॉक लगाए जा रहे। इसके अलावे उसके बिल्डिंग का रंग रोगन और लाइटिंग की व्यवस्था के साथ ही ठंडे पानी की भी व्यवस्था की जा रही है। महापौर ने कहा कि इसी सरकारी बस स्टैंड से सारे अंतर राज्यी बस छूटते हैं जहां दूसरे राज्य के लोग को काफी दिक्कतें होती थी और स्टैंड की बदतर स्थिति होने के कारण निगम की छवि भी खराब होती थी। इसके अलावा शिवाजी मैदान में स्टेज, ग्रीन रूम, शौचालय, पूरे मैदान में वाकिंग ट्रेक, बुजुर्गों-महिलाओं को बैठने के लिए बेंच व लाइट की विशेष व्यवस्था की जा रही है, ताकि किसी भी तरह के कार्यक्रम में लोगों को सुव्यवस्थित व्यवस्था मिल सके। शहर के जर्जर हो चुके यात्री शेड का भी जीर्णोद्धार हो रहा है। जो शहर की खूबसूरती और सुविधा को बढ़ाएगा। महापौर ने कहा कि मैं और मेरी टीम पूरी कोशिश कर रही है कि शहर को ज्यादा से ज्यादा सुव्यवस्थित करूं। इन सब के साथ फिलहाल उनका मुख्य प्राथमिकता पानी है। मेरा प्रयास होगा कि विपरीत परिस्थिति में भी पानी की किल्लत निगम वासियों को ना होने। मैं (महापौर) और उपमहापौर लगातार इस पर बैठक कर रहे है। मैं निगम वासियों से सहयोग चाहूंगी कि पानी की बबार्दी कहीं भी होते देखें मुझे सूचना दें ताकि दूसरों को भी पानी मिल सके।



कार्य योजनाओं का शिलान्यास करते महापौर व अन्य।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### बालू लदा ट्रैक्टर पलटा, किशोर की मौत

हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।। एक तरफ जिला प्रशासन अवैध बालू खनन को लेकर अधिकारियों को पूरी तरह नकेल कसने का निर्देश दे रहा है, तो दूसरी ओर, हुसैनाबाद क्षेत्र में चोरी छीपे अवैध बालू का उठाव जारी है। अवैध बालू धुलाई के कारण सजाजल गांव में बुधवार अहले सुबह बालू लदे ट्रैक्टर के पलट जाने से ट्रैक्टर पर सवार एक किशोर की मौत भी हो गई। वहीं, घटना के बाद चालक डाला छोड़ ट्रैक्टर इंजन लेकर फरार हो गया। मृतक की पहचान सत्यम पाठक (16) के रूप में हुई है। वह पेशे से मजदूर था और दंगवार ओपी क्षेत्र के चौखंडी गांव का रहने वाला था। उधर, घटना की सूचना मिलने ही हुसैनाबाद पुलिस घटनास्थल पर पहुंच गई। शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाकर उसके परिजनों को सौंप दिया। जानकारी के मुताबिक ट्रैक्टर शिवपुर पथरा का बताया जाता है। हालांकि थाना क्षेत्र में अवैध बालू उठाव को लेकर पुलिस प्रशासन द्वारा समय-समय पर जांच अभियान चलाकर अवैध बालू कारोबारी के विरुद्ध कार्रवाई की जाती है। लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में बालू कारोबारी बालू का उठाव चोरी चुपके कर ही लेते है।

### बोलेरो के धक्के से बाइक व साइकल सवार घायल

हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। जपला देवरी मुख्य सड़क के गैस गोदाम के समीप बोलेरो के धक्के से बाइक सवार अनियंत्रित होकर साईकिल सवार में जा टकराया। जिसमें स्कूल से घर वापस जा रहे साईकिल सवार और दूसरे तरफ से आ रहे बाइक सवार घायल हो गए। दोनों घायलों को राहगीरों के सहयोग से ईलाज के लिए हुसैनाबाद अनुमंडल अस्पताल में भर्ती कराया गया। घायलों में अब्दुल्ला (9) और मनीष कुमार (16) शामिल है। मनीष कुसुआ गांव का रहने वाला है। जानकारी के अनुसार अब्दुल्ला स्कूल की छुट्टी होने के बाद साइकिल से वापस अपने घर जा रहा था। जबकि मनीष अपने एक सहयोगी के साथ कुछ कार्य से जपला बैंक आ रहा था। तभी बोलेरो ने टक्कर मार दिया। जिससे दोनों घायल हो गए।

## ऑक्सफोर्ड स्कूल में वार्षिक परीक्षाफल एवं कैलीग्राफी, प्रोजेक्ट वर्क का प्रदर्शन



मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)। शाहपुर न्यू टाउनशीप स्थित ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में चेयरमैन सह पांकी विधायक डॉ एसबीपी मेहता ने बुधवार को सत्र 2022-23 का वार्षिक परीक्षा परिणाम ऑनलाइन जारी किया। इसके बाद निदेशक डॉ एसबीपी मेहता ने फीता काटकर बच्चों द्वारा लिखी गई अंग्रेजी, हिंदी एवं संस्कृत सुलेख प्रदर्शनी व कला संबंधी परियोजना कार्य का उद्घाटन किया। उन्होनें बच्चों की सफलता पर शुभकामनाएं दी। छात्रों को बेहतर परीक्षा परिणाम, कला संबंधी परियोजना कार्य एवं कैलीग्राफी प्रदर्शनी के लिए प्रोत्साहित करने वाले समस्त शिक्षकों का भी आभार व्यक्त किया। वहीं, प्राचार्य डॉ एके सिंह ने सभी सफल विद्यार्थियों से कहा कि परीक्षाफल काफी संतोषजनक है। पालकों, शिक्षकों और छात्रों की इतनी सक्रियता से ही हम बेहतर प्रदर्शन कर पा रहे हैं। हमारा संकल्प है कि हम शिक्षा के क्षेत्र में सबसे महत्वपूर्ण दृष्टांत पेश करें। कुल 1089 बच्चों में 52 बच्चों को शत-प्रतिशत (100 फीसदी) अंक प्राप्त हुए। जबकि 90 फीसदी से ऊपर अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों की संख्या 360 और 80 फीसद से ज्यादा अंक लाने वाले विद्यार्थियों की कुल संख्या 675 रही। विज्ञान, गणित, संस्कृत, सामाजिक विज्ञान, कंप्यूटर आदि विषयों पर आधारित प्रदर्शनी लगाई गई। बच्चों द्वारा निर्मित कला संबंधी परियोजना कार्य की कुल संख्या 400 से अधिक थी। जिन्हें अवलोकन कर अभिभावक व विद्यार्थी खुशी हुए।

## डंडिला के देव स्थल बरमबाबा में अखंड कीर्तन के साथ हुआ भंडारे का आयोजन



मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)। डंडिला खुर्द के ग्राम के देव स्थल बरमबाबा के कायाकल्प के साथ मंगलवार को अखंड कीर्तन और बुधवार को भंडारे का आयोजन किया गया। नवयुवक संघ द्वारा आयोजित कार्यक्रम में स्थानीय कलाकारों के अलावे बाहर के कलाकारों ने रातभर रतजगा कर अखंड कीर्तन किया। बतातें चलें कि बरमबाबा देव स्थल शुरू से ही एक वृक्ष के नीचे बिरजमान थे। ना ही वहां बैठने की व्यवस्था थी। पेयजल की व्यवस्था थी। इसे देखते हुए नवयुवक संघ डंडिला खुर्द के युवाओं ने बैठक कर एक साल के अंदर देव स्थल की चाहरदीवारी और बरमबाबा स्थल को टाईल्स-मारबल लगाकर खूबसूरत बनवाया है। मौके पर नवयुवक संघ के संरक्षक प्रो नंदलाल शुक्ला, अध्यक्ष विकास शुक्ला, विष्णु शुक्ला, दिनेश शुक्ला, शशिकांत शुक्ला, दीपक शुक्ला आदि थे।

# लाभुकों ने की प्रधानमंत्री आवास की राशि सहित मूलभूत सुविधा मुहैया कराने की मांग

आजाद सिपाही संवाददाता

**हरिहरगंज/पलामू।** हरिहरगंज नगर पंचायत क्षेत्र में मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराने की मांग को लेकर समाजसेवी राजीव रंजन के नेतृत्व में दर्जनों आवास के लाभुकों ने बुधवार को नप कार्यालय पहुंच कर आक्रोश व्यक्त किया। लगे हाथ जल्द ही सुविधाएं उपलब्ध नहीं होने पर 15 मार्च के बाद चरणबद्ध तरीके से जनाक्रोश प्रदर्शन की चेतावनी दी।



### 3 वर्षो से हो रहे हैं ठगी का शिकार

समाजसेवी राजीव रंजन ने नप क्षेत्र में समस्याओं को गिनाते हुए कहा कि 3 वर्षों से नगर पंचायत के नाम पर लोग ठगी का शिकार हो रहे हैं। होल्डिंग टैक्स, ट्रेड लाइसेंस, विलंब शुल्क को लेकर दुकानदारों पर दबाव बनाना, आवास के नाम पर ठगी करना नप कार्यालय के कर्मियों की फितरत बन गई है। नप क्षेत्र में समस्याओं का अंबार है। जगह-जगह कूड़े कचड़े, नालियां जाम, सड़क पर धूल की मोटी परत के अलावा नगर में बिजली बिल बढ़ाना, आए दिन लोगों का कनेक्शन काटा जाना, लोगों पर मुकदमा दर्ज करना इन समस्याओं से नगर वासी त्रस्त हैं। उन्होंने कहा कि नगर पंचायत बनने से पहले पंचायती राज ही अच्छा था। जिसमें कोई अतिरिक्त शुल्क नहीं लिया जाता था। वहीं समाजसेवी राजीव रंजन के साथ दर्जनों नगर वासियों ने नगर पंचायत का दर्जा समाप्त करें या लोगों को मूलभूत सुविधा मुहैया कराने की मांग की है।

### मां को सता रही बेटी की शादी की चिंता

सतगांवा 5 नंबर वार्ड की शहरी पीएम आवास के लाभुक रीता देवी पिछले दो वर्षों से अपने परिवार के साथ पंचायत भवन में गुजर बसर करने पर बिवस है। तीसरे किस्त की राशि के लिए कार्यालय का चक्कर काट रही है। बावजूद इसके अब तक राशि नहीं मिली है। रिता देवी ने कहा कि तीसरे किस्त की राशि नहीं मिलने से मकान का कार्य अधूरा तो है ही अप्रैल माह में मेरी बेटी की शादी भी है जिसे लेकर वह काफी चिंतित हैं। नगर पंचायत के कर्मी लापरवाही बरत रहे हैं। उधर, नप के शहर प्रबंधक अजमल हुसैन ने बताया कि विभाग से फंड नहीं मिलने के कारण आवास निर्माण कार्य सहित शहर का कई कार्य बाधित हैं। इस मौके पर मनोज कुमार मेहता, गोपाल प्रसाद, शशि मेहता, कर्ण राजवीर, शंभू यादव, अनुज कुमार, शंकर चौधरी, आशा देवी, मुन्नी देवी, शारदा देवी, पुष्पा देवी, दुखनी देवी, सोनी देवी, मनीष कुमार, राजू शर्मा सहित दर्जनों आवास लाभुक के अलावे कई लोग मौजूद थे।

# महाशिवरात्रि को लेकर पांकी में हुई घटना दुर्भाग्यपूर्ण: किसलय तिवारी

आजाद सिपाही संवाददाता

**पांकी/पलामू।** भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष किसलय तिवारी ने बुधवार की दोपहर पांकी में बीते दिनों हुई घटना को लेकर प्रेस कॉन्फ्रेंस किया। उन्होंने पत्रकारों को बताया कि महाशिवरात्रि पर्व को लेकर पांकी में जो घटना घटी वह दुर्भाग्यपूर्ण है। क्षेत्र में आपसी सौहार्द बिगाड़ने की जिसने भी कोशिश की है उसे प्रशासन अविलंब गिरफ्तार करे। वहीं बेवजह निर्दोष लोगों को प्रशासन के लोग परेशान ना करें। नहीं तो भाजयुमो के कार्यकर्ता सड़क से सदन तक आंदोलन करने के लिए तैयार हैं। झारखंड में इस तरह की घटना अभी वर्तमान में पांकी और रांची में जो हुई इसमें सरकार की विफलता स्पष्ट रुप से दिखाई दे रही है। अभी आने वाले होली व रामनवमी जैसे त्योहार शांतिपूर्वक मनाए इसमें बाधा उत्पन्न करने वाले को हम बर्दाश्त नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रशासन जिन्हें भी गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है या जिसके ऊपर एफआईआर दर्ज की गई है उनके न्यायिक सहयोग के लिए जिला कोर्ट से लेकर हाईकोर्ट तक भाजयुमो के लोग सहयोग करेंगे। उन्होंने पुलिस से मांग की कि खौफ में कोई भी त्योहार ना बीते इसके लिए प्रशासन के लोग सहयोग करें। इस मौके पर शत्रुघ्न सिन्हे, साधु मांझी, सत्य प्रकाश पांडे, मंटू शर्मा, अखिलेश ठाकुर, कुंदन सिंह आदि थे।



झारखण्ड सरकार
ग्रामीण कार्य विभाग,
मुख्य अभियंता का कार्यालय,
102, द्वितीय तल्ला, अभियंत्रण भवन, कचहरी रोड, राँची

पत्रांक– दिनांक–

**निविदा स्थगन संबंधित सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, **जमशेदपुर** के निविदा आमंत्रण संख्या– **282/2022-23/RWD/JAMSHEDPUR,** दिनांक– 09.02.2023, **PR NO.- 289829** के द्वारा प्रकाशित निविदा में आईडेन्टीफिकेशन संख्या– **RWD/JAMSHEDPUR/30/2022-23** कार्य का नाम **''बांगो से चेमाईजूरी भाया रोलडीह तक पथ निर्माण (लं– 3.300 कि0मी0)''** कार्य की निविदा को परिणाम विपत्र (Bill of Quantity) पर अनुमोदन प्राप्त नहीं होने के कारण स्थगित किया जाता है।

नोडल पदाधिकारी
ई–प्रोक्युर्मन्ट सेल

PR 291595 (Rural Work Department) 22-23 (D)

**झारखण्ड सरकार**
**राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग**

**आम सूचना**

संचिका संख्या– 13/नि॰ (विधान सभा)–01/2023–91/नि0,रांची,
दिनांक–01.03.2023

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कोर्ट फीस को जनसाधारण को सुलभ रूप से उपलब्ध कराने हेतु राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग, झारखण्ड, रांची के अधिसूचना संख्या–224, दिनांक–18.05.2020 द्वारा सभी अधिमानों के कोर्ट फी/न्यायिक मुद्रांक के ई–स्टाम्पिंग का प्रावधान किया गया है। इसके अन्तर्गत पक्षकार कहीं से भी, किसी भी अधिमान के कोर्ट फी ऑनलाईन प्राप्त कर सकते है।

इस हेतु पक्षकार विभाग द्वारा प्राधिकृत ऐजेंसी स्टॉक होल्डिंग कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड के वेबसाईट **http://www.shcilestamp.com/estamp** पर लॉगिन करके सभी अधिमानों के कोर्ट फी/न्यायिक मुद्रांक का क्रय ऑनलाईन रूप से कर सकते है।

ह0/–, (शहाब सिद्दीकी)
संयुक्त निबंधन महानिरीक्षक
राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग,
झारखण्ड, रांची

**PR 291567 Registration(22-23)#D**

झारखण्ड सरकार
कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, हटिया योजना, राँची।

**पेयजल आपूर्ति से संबंधित आवश्यक सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि हटिया जलापूर्ति पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, हटिया योजना, राँची के अंतर्गत यथा (1) एच॰ई॰सी॰ (सेक्टर–02 एवं 03) विधान सभा क्षेत्र (2) हवाई नगर क्षेत्र, बिरसा चौक (3) हिनू क्षेत्र (4) डोरण्डा क्षेत्र (5) नोर्थ ऑफिस पाड़ा डोरण्डा (6) रेलवे स्टेशन, एयर पोर्ट इत्यादि क्षेत्रों में जलापूर्ति की जाती है। इस संबंध में कहना है कि होली का त्योहार दिनांक 07.03.2023 एवं 08.03.2023 को मनाया जाना है। होली रंगो का त्योहार है, रंग में पानी की भी आवश्यकता पड़ती है। इसलिए जन साधारण से निवेदन है कि पानी की अनावश्यक बार्बादी ना करे, जिसे की आने–वाले भीषण गर्मी में जल का संकट ना हो।

(1) हटिया शहरी जलापूर्ति से संबंधित टौल फ्री नं॰ – 18008891223

धन्यवाद।

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल,
हटिया योजना, राँची।

PR 291618 (Drinking Water and Sanitation) 22-23 (D)

## स्पोर्ट्स



अश्विन के पास अगले दो हफ्ते तक नंबर वन पर बरकरार रहने का सुनहरा मौका है। बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के दो मैच है। जबति तीसरा मैच इंदौर में खेला जा रहा है। चौथा मैच अहमदाबाद में होना है।

### बड़ी उपलब्धि : जेम्स एंडरसन को पीछे छोड़ा, टॉप-10 में तीन भारतीय

# अश्विन बने टेस्ट में दुनिया के नंबर एक गेंदबाज

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारतीय ऑफ स्पिनर आर अश्विन को दिल्ली टेस्ट में 6 विकेट लेने का फायदा मिला है। वह टेस्ट में गेंदबाजों की रैंकिंग में टॉप पर पहुंच गए हैं। वहीं टॉप पर मौजूद गेंदबाज जेम्स एंडरसन को न्यूजीलैंड से इंग्लैंड को दूसरे टेस्ट में मिली हार का खामियाजा भुगतना पड़ा है। सात महीने से क्रिकेट से दूर रहने वाले जसप्रीत बुमराह भी चौथे स्थान पर पहुंच गए हैं। बुधवार को आइसीसी ने टेस्ट रैंकिंग जारी की। अश्विन ने इंग्लैंड के गेंदबाज जेम्स एंडरसन को पीछे छोड़कर पहला स्थान हासिल किया है। अश्विन के 864 अंक हो गए हैं। जबकि एंडरसन 859 अंको के साथ दूसरे स्थान पर हैं और पैट कमिंस 858 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर हैं। अश्विन के अलावा जडेजा और जसप्रीत बुमराह को एक-एक पायदान का फायदा हुआ है। बुमराह पांचवें से चौथे स्थान पर पहुंच गए हैं, जबकि रविंद्र जडेजा भी नौवें से आठवें स्थान पर पहुंच गए हैं।



### दिल्ली टेस्ट में लिये थे छह विकेट

अश्विन पहली बार 2015 में टेस्ट में नंबर एक गेंदबाज बने थे। इसके बाद से वह लगातार पहले स्थान पर आते रहे हैं। 36 साल के अश्विन ने दिल्ली टेस्ट में 6 विकेट लिए थे। उन्होंने मार्नस लाबुशेन और स्टीव स्मिथ के अहम विकेट लेकर भारत की जीत में योगदान दिया था। इसके बाद उन्होंने एलेक्स कैरी को भी आउट किया था। दूसरी पारी में भी ऑस्ट्रेलिया के शुरूआती पांच में से तीन विकेट अश्विन ने लिए थे, जबकि जडेजा ने बाकी विकेट लेकर ऑस्ट्रेलिया को छोटे स्कोर पर समेट दिया था।

### आर अश्विन के पास अगले दो हफ्ते तक नंबर वन पर बने रहने का सुनहरा मौका

अश्विन के पास अगले दो हफ्ते तक नंबर वन पर बरकशर रहने का मौका है। बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के दो मैच हैं। तीसरा मैच इंदौर में खेला जा रहा है जबकि चौथा मैच अहमदाबाद में है। ऐसे में अश्विन दोनों टेस्ट में विकेट लेते हैं तो अगले दो हफ्ते टॉप पर रह सकते हैं। पिछले तीन हफ्ते में तीन अलग-अलग गेंदबाज पहले स्थान पर रहे हैं। अश्विन से पहले इंग्लैंड के गेंदबाज जेम्स एंडरसन पहले स्थान पर थे। वहीं एंडरसन से पहले ऑस्ट्रिलाई कप्तान पैट कमिंस पहले स्थान पर थे।

## बैडमिंटन खेल रहे युवक को आया हार्ट अटैक, मौत

**हैदराबाद।** बैडमिंटन खेलने के दौरान व्यक्ति की हार्ट अटैक से मौत हो गई। यह घटना मंगलवार शाम की है। हैदराबाद स्थित सिकंदराबाद के लालपेट में बैडमिंटन खेलने के दौरान ही एक व्यक्ति कोर्ट पर गिरते हैं और उनकी हार्ट अटैक से मौत हो जाती है। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जानकारी के मुताबिक 38 साल के श्याम यादव रोज की तरह ऑफिस से आने के बाद शाम साढ़े सात बजे बैडमिंटन खेलने के लिए गए थे। बैडमिंटन खेलने के दौरान ही उन्हें दिल का दौरा पड़ा और वह बेहोश हो गए। उसके बाद उसके साथी उसे इलाज के नजदीकी अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने श्याम को मृत घोषित कर दिया।

**कार्यालय, जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, कोडरमा**

**(अति अल्पकालिक निविदा)**
**इच्छा की अभिव्यक्ति (Expression of Interest)**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि कोडरमा जिला अन्तर्गत विभिन्न सरकारी विद्यालयों के लिए चलंत प्रयोगशाला का संचालन किया जाना है। उक्त के निमित इच्छूक चलंत प्रयोगशाला सेवा प्रदाता का चयन करने हेतु इच्छा की अभिव्यक्ति (Expression of Interest) आमंत्रित की जाती है। इच्छूक चलंत प्रयोगशाला सेवा प्रदाता को सूचीबद्ध जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, कोडरमा में किया जायेगा।

इच्छूक चलंत प्रयोगशाला सेवा प्रदाता अपनी इच्छा की अभिव्यक्ति (Expression of Interest) में तकनीकी बिड एवं वित्तीय बिड अलग–अलग लिफाफा में भरकर बन्द लिफाफा में उपायुक्त, कोडरमा को संबोधित करते हुए स्थान– जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, कोडरमा में (Expression of Interest) प्रकाशन की तिथि से दिनांक 10–03–2023 के अपराह्न 03.00 बजे तक जमा कर सकते है।

उक्त निविदा उपायुक्त, कोडरमा के सभाकक्ष में दिनांक 10–03–2023 को 04.00 बजे अपराहन में खोली जायेगी।

नोट– निविदादाता हेतु विस्तृत जानकारी जिले के वेवसाईट www.koderma.nic.in पर देखा जा सकता है।

उप विकास आयुक्त–सह–सचिव, DMFT, कोडरमा

PR 291566 (Rural Development)22-23*D

महत्वपूर्ण न्यूज

## झरिया के छायाकार इजहार आलम को मिला राष्ट्रीय पुरुस्कार, लगा बधाई देने वालों का तांता



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** जिले के ऐतिहासिक शहर झरिया के वरिष्ठ फोटो जॉर्नलिस्ट (छायाकार) मोहम्मद इजहार आलम को मंगलवार की शाम प्रेस कॉउंसिल ऑफ इंडिया की ओर से दिल्ली के कॉस्टीट्यूशन क्लब आफ इंडिया के डिप्टी स्पीकर हाल में काउंसिल की चेयर पर्सन जस्टिस रंजना प्रकाश देसाई की ओर से अवार्ड देकर सम्मानित किया गया। बताते चलें कि इजहार आलम पिछले तीन दशकों से पत्रकारिता से जुड़े हैं। इस दौरान उन्होंने देश के कई प्रमुख हिंदी, उर्दू, बांग्ला और अंग्रेजी अखबारों में अपनी सेवा दी है। अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने ज्यादातर आम जनता से जुड़ी समस्याओं को अपने कैमरे में कैद कर लोगों की आवाज सरकारी महकमे तक पहुंचाने की कोशिश की है। पिछले दिनों धनबाद के स्थानीय एक अखबार में छपी उनकी तस्वीर जल ही जीवन शीर्षक फोटो न्यूज को प्रेस कॉउंसिल ऑफ इंडिया के निर्णायकों ने नेशनल अवार्ड फार एक्सिलेंस इन जर्नलिज्म 2020 (फोटो जर्नलिज्म सिंगल न्यूज पिक्चर श्रेणी) के लिए चुना गया था। इजहार कहते हैं कि हम धनबाद कोयलांचल में रहते हैं, जहां गर्मी के दिनों में एक-एक बूंद पानी के लिए लोगों की सुबह से जद्दोजहद करते देखा जा सकता है। अपनी जरूरतें पूरी करने के लिए लोग कई किलोमीटर दूर से पानी लाते दिखते हैं। हमने यह तस्वीर खास परिस्थिति में बच्चों की पानी के प्रति ललक देखकर खींची थी। मकसद यही था कि लोग पानी का मोल समझें, उसे सहेजें, उसकी एक एक बूंद को अमृत समझें और उसे बर्बाद ना होने दें। इजहार आलम को यह सम्मान मिलना झरिया के लिए गर्व की बात है। वह अभी भी अपने कैमरे से ली तस्वीरों के माध्यम से झरिया की आग व भू-धंसान सहित आसपास के क्षेत्रों की अन्य समस्याओं को बखूबी उजागर कर दुनिया को रूबरू करा रहे हैं। इजहार को मिले इस उपलब्धि से धनबाद जिले के पत्रकार समाज में खुशी की लहर है। वहीं इजहार के परिवार सहित पुत्र शब्बीर हुसैन भी पिता की इस उपलब्धि से गदगद हैं। शब्बीर भी पेशे से फोटोजॉर्नलिस्ट हैं और फिलहाल एक राष्ट्रीय स्तर के अंग्रेजी अखबार और एक हिंदी प्रादेशिक अखबार में अपनी सेवा दे रहे हैं। शब्बीर ने पिता की पत्रकारिता जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि उन्होंने अपनी सारी उम्र क्षेत्र की जनसमस्याओं, समाज के दबे कुचले वर्ग, मजदूर वर्ग की जीवन शैली को बखूबी अपने तस्वीरों के माध्यम से सरकार और प्रशासनिक अमला को अवगत कराया है। शब्बीर का कहना है कि वे अपने पिता की तरह लोगों की आवाज बनने की कोशिश करेंगे।

## रवि महतो स्कूल के बच्चों को थाना प्रभारी ने दी यातायात नियमों की अहम जानकारी



**महुदा (आजाद सिपाही)।** थाना अंतर्गत प्लस टू हाई स्कूल रवि महतो स्कूल में बुधवार को सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान कार्यक्रम चलाया गया। धनबाद जिले के वरीय पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार के निर्देशानुसार यह अभियान महुदा थाना प्रभारी गंगासागर की ओर से चलाई गई। उन्होंने जागरूकता अभियान के तहत बच्चों को सड़क सुरक्षा के प्रति महत्वपूर्ण जानकारी एवं यातायात नियमों के बारे में बताया गया। उन्हें यातायात के समय बरती जाने वाली सावधानियों से भी अवगत कराया गया। छात्राओं से अपने सगे संबंधियों और मित्रों को भी यातायात संबंधित नियम अनुपालन करने के लिए प्रेरित करने को कहा गया। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं को सीट बेल्ट हेलमेट आदि की उपयोगिता बताई गई।

## प्रदेश कार्यसमिति को लेकर बोकारो के कार्यकर्ता उत्साहित

**बोकारो (आजाद सिपाही)।** बोकारो जिला भाजपा के अध्यक्ष विनोद महतो ने बताया कि प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में सभी जिलों के अध्यक्ष और महामंत्री शामिल होंगे। इसमें भाजयुमो एवं भाजपा के प्रदेश एवं राष्ट्रीय नेता का सानिध्य प्राप्त होगा कार्यसमिति की बैठक में जिले के पदाधिकारियों को अपनी बातों को प्रदेश और स्तरीय नेताओं के समक्ष रखने का मौका मिलेगा। राष्ट्रीय एवं प्रांतीय नेताओं की ओर से पार्टी की विचारधारा और केंद्र की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का दिशा निर्देश दिया जाएगा। युवा कार्यकर्ताओं में नई शक्ति का संचार होगा। युवा सक्रिय रूप से भाजपा को आगे बढ़ाने में अपना योगदान देंगे।

### बाइक खड़ी कर एक अन्य दुकानदार से पैसे लेने के दौरान हुई घटना

# बाइक की डिक्की से पांच लाख ले उड़े चोर

**थाने में मामला दर्ज कर पुलिस ने शुरू की जांच**

आजाद सिपाही संवाददाता

**नावाडीह/बेरमो।** नावाडीह प्रखंड अंतर्गत चिरुडीह अंबेडकर मोड़ के पास मंगलवार की रात मनोज ठाकुर की बाइक की डिक्की से 5 लाख रुपये चोरी हो गई। दिलीप ठाकुर होलसेल व्यापारी फुसरो शास्त्री नगर निवासी अजय गोयल के यहां काम करता है। क्षेत्र के खुदरा व्यापारियों से पैसा कलेक्ट कर बाइक से फुसरो लौट रहा था। चिरुडीह अंबेडकर मोड़ में पवन बर्नवाल की राशन दुकानदार से पैसा लेने के लिए बाइक सड़क किनारे खड़ा की और दुकान के भीतर चला गया। इसी बीच अपराधी बाइक की डिक्की से 5 लाख रुपए निकाल कर चंपत हो गए। दिलीप ठाकुर जब बाइक के पास पहुंचा तो देखा कि डिक्की खुली थी और उसमें रखा पैसा नदारत था। यह देख उनसे शोर मचाना शुरू कर दिया। इसके बाद आसपास के लोग जुट गए और पुलिस को इसकी सूचना दी। कुछ देर में ही थाना प्रभारी मनीष कुमार, एएसआई धीरेंद्र देव और अरविंद कुमार घटनास्थल पर पहुंचे और जांच शुरू कर दी। उधर, घटना की सूचना मिलते ही बीस सूत्री उपाध्यक्ष गनेश महतो, देवानंद महतो, कांग्रेस नेता इमरान अंसारी, भरत दास आदि भी मौके पर पहुंचे और पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपितों को गिरफ्तार करने की मांग की।



घटनास्थल पर मौजूद लोगों की भीड़।

## अंतरप्रांतीय साइबर क्राइम गिरोह के तीन शातिर गिरफ्तार

**धनबाद में साइबर पुलिस को मिली बड़ी सफलता**

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद।** धनबाद में साईबर थाने की पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने अंतरप्रांतीय साईबर अपराध गिरोह से जुड़े तीन साईबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से दो लैपटॉप,11 मोबाइल फोन, 22 सिम कार्ड और आधा दर्जन से अधिक एटीएम कार्ड बरामद हुआ है। यह लोग फिशिंग में एक्सपर्ट है। केवाईसी अपडेट करने, बिजली बिल काटने का डर दिखाकर, बैंक का लिंक भेज कर, ऑनलाइन शॉपिंग आदि माध्यमों से लोगों से ठगी कर उनका अकाउंट चंद मिनटों में खाली कर दिया करते थे। टुंडी और मनियादिह के रहने वाले इन साईबर अपराधियों ने कई साईबर क्राइम के बड़े घटनाओं को अंजाम दिया है। अब तक जब्त सिम से इन्होंने 30 से अधिक साईबर अपराध को अंजाम दिया है।

## हुड़दंगियों पर रहेगी विशेष नजर : थाना प्रभारी

**होली को लेकर महुदा थाना में शांति समिति की बैठक संपन्न**

आजाद सिपाही संवाददाता



**महुदा।** महुदा थाना परिसर में होली एवं शब-ए-बारात में शांति सद्भावना कायम रखने को लेकर शांति समिति की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता पुलिस निरीक्षक प्रभात कुमार सिंह किया। बैठक में पुलिस निरीक्षक और थाना प्रभारी गंगा सागर ओझा ने होली एवं शब-ए बारात में शांति-व्यवस्था बनाए रखने में एक-दूसरे को सहयोग करने की अपील की। कहा कि पुलिस किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है। वहीं होली को लेकर शराबियों, नशा कर वाहन चलाने, हुड़दंग करने और डीजे व अश्लील गानों पर प्रतिबंध लगाने की बात कही। थाना प्रभारी ने आमजनों से भी अपील की है वे शरारती तत्वों को चिन्हित कर थाने को सूचित करें ताकि पुलिस उनपर कार्रवाई कर सके। बैठक की समाप्ति के बाद रंग-गुलाल के साथ होली मिलन समारोह मनाया गया। इस मौके पर एएसआई मनोज लकड़ा, एएसआई मंजीत कुमार पासवान, एएसआई चिन्मयानंद भादुड़ी, एएसआई पतरस तिग्गा, भाजपा जिला उपाध्यक्ष धनेश्वर महतो, विधायक प्रतिनिधि शिबू महतो, मुखिया महेश पटवारी, पूर्व मुखिया परमेश्वर रवानी, अब्दुल समद अंसारी, परमेंद्र सिंह, बागड़ा पंचायत समिति अर्चना देवी थे।

## सड़क दुर्घटना में अधेड़ दंपति की मौत आक्रोशित ग्रामीणों ने किया सड़क जाम

आजाद सिपाही संवाददाता



**बलियापुर।** बलियापुर-गोविंदपुर मुख्य सड़क मार्ग पर बुधवार की शाम जगदीश के पास सड़क दुर्घटना में बाइक सवार दंपति की मौके पर ही मौत हो गई। उनकी पहचान गोशाला ओपी क्षेत्र के कांडरा निवासी धनंजय गोराई (45) और उसकी पत्नी पद्मा देवी (40) के रूप में हुई है। वहीं, घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने गति रोधक व्यवस्था किए जाने समेत अन्य मांगों को लेकर सड़क जाम कर दिया है। जानकारी के मुताबिक दोनों पति-पत्नी अपने किसी रिश्तेदार के यहां निरसा के दलदली से कीर्तन में शामिल होने के बाद बाइक से वापस घर लौट रहे थे। तभी जगदीश के पास तेज रफ्तार 18 पहिया वाहन ने धक्का मार दिया। घटना के बाद चालक मौके से फरार हो गया। खबर पकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं, सड़क जाम करने वाले जीप सदस्य संजय महतो, पूर्व मुखिया कन्हाई बनर्जी, विद्युत चक्रवर्ती आदि को समझा बुझा कर अवरोध समाप्त करवाया।

### बीएसएल में उड़ान टीम बिल्डिंग एवं लीडरशिप कार्यक्रम आयोजित

# महिला कर्मी अपने-अपने कार्यक्षेत्र में कर रही बेहतर प्रदर्शनः अमरेंदु

आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** संयंत्र में कार्यरत महिला कर्मियों के लिए बुधवार को बीएसएल के मानव संसाधन विकास केंद्र में लीडरशीप क्षमता विकसित कर अपने कार्यस्थल परं टीम वर्क में कार्य करने के गुण सिखाने के उद्देश्य से टीम बिल्डिंग एवं लीडरशिप कार्यक्रम उडान का आयोजन किया गया। जिसके उद्घाटन सत्र में निदेशक प्रभारी अमरेंदु प्रकाश मुख्य अतिथि रहे। इस अवसर पर अधिशासी निदेशक (कार्मिक एवं प्रशासन) राजन प्रसाद, मुख्य महाप्रबंधक (परियोजनाएं) अनिमा कुशवाहा, मुख्य महाप्रबंधक (मानव संसाधन विकास) मनीष जलोटा व अन्य वरीय अधिकारी सहित संयंत्र के विभिन्न विभागों से लगभग 130 महिला कर्मी उपस्थित थे। महिला कर्मियों को संबोधित करते हुए निदेशक प्रभारी अमरेन्दु प्रकाश ने संयंत्र की प्रगति में उनके योगदान की सराहना की। कहा कि विभिन्न विभागों में कार्यरत महिला कर्मी अपने-अपने कार्यक्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन कर रही हैं। उन्होंने महिला कर्मियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें उत्कृष्टता के मार्ग पर लगातार आगे बढ़ने का संदेश दिया। वहीं, अधिशासी निदेशक (कार्मिक एवं प्रशासन) राजन प्रसाद ने भी महिला कर्मियों के महती पर चर्चा करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी। मुख्य महाप्रबंधक (परियोजनाएं) कुशवाहा ने टीम बिल्डिंग एवं लीडरशिप कार्यक्रम की महत्ता पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के दूसरे सत्र में महिला कर्मियों के लिए महाप्रबंधक (मानव संसाधन विकास) नीता बा और वरीय प्रबंधक (मानव संसाधन विकास) अमित आनंद एवं उनकी टीम द्वारा ब्लाइंड फोल्ड, रिंग गेम, ट्रेजर हंट, मेक योर ओन सेल्फी स्टैंड और हाउ टू वर्क इन स्माल एंड बिग टीम जैसे खेल आयोजित किये गए, जिसमें सभी महिला कर्मियों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। वहीं, कार्यक्रम को सफल बनाने में सहायक प्रबंधक (मानव संसाधन विकास) अमित माजूमदार, ऋषिकेश रंजन, ए महादानी, एससी मुर्मू, नवनीत कुमार सिंह, श्री राजू रंजन, राजा सम्राट सिंह, रफिक अंसारी, अनीता कुमारी, कुमारी सीमा एवं निर्मला कुमारी आदि ने अहम भूमिका निभाई।



कर्मचारियों को संबोधित करते निदेशक प्रभारी अमरेंदु प्रकाश


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**लघु सिंचाई प्रमण्डल, गढ़वा**

**द्वितीय ई0 निविदा आमंत्रण सूचना**

द्वितीय ई0 निविदा संख्या– WRD/MIDIV GARHWA/ 21-F2/2022-23

पत्रांक –152 गढ़वा / दिनांक –27.02.2023

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | बानुटिकर तालाब का जीर्णोद्वार कार्य, प्रखण्ड– गढ़वा, जिला– गढ़वा |
| 2 | प्राक्कलित राशि | 73,16,261.74 / – (तिहत्तर लाख सोलह हजार दो सौ एकसठ रू0 चौहत्तर पैसा) मात्र |
| 3 | परिमाण विपत्र की राशि | 10,000.00 (दस हजार रू0) मात्र |
| 4 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 180 दिन |
| 5 | ई0 निविदा वेबसाईट पर प्रकाशित करने की तिथि | 09.03.2023 |
| 6 | ई0 निविदा प्राप्त करने की तिथि एवं समय | 23.03.2023 3:00 बजे अपराह्न तक |
| 7 | अग्रधन, B.O.Q और हार्डकॉपी जमा करने की तिथि एवं समय | 25.03.2023 1:00 बजे अपराह्न तक |
| 8 | ई0 निविदा खुलने की तिथि एवं समय | 25.03.2023 5:00 बजे अपराह्न |
| 9 | (क) निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता<br>(ख) निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का फोन नं0 | कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमण्डल, गढ़वा।<br>मो0– 9931162912, eemidgarh-cemr-jhr@nic.in |
| 10 | ई0 निविदा हार्ड कॉपी जमा करने का कार्यालय। | 1. कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमण्डल, गढ़वा।<br>2. अधीक्षण अभियंता, लघु सिंचाई अंचल, मेदिनीनगर।<br>3. कार्यलपालक अभियंता, लघु सिंचाई, रूपांकण प्रमण्डल, रांची। |
| 11 | ई0 प्रोक्योमेन्ट सेल एवं हेल्पलाईन संख्या | 0651–2214784 |

नोटः– केवल ई0 निविदा ही स्वीकार की जायेगी।
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट– jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।
प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है। वेबसाईट पर अपलोडेड राशि प्रभावी मानी जायेगी।

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमण्डल, गढ़वा

PR 291546 Irrigation(22-23)#D



**GOVERNMENT OF JHARKHAND**
**DEPARTMENT OF AGRICULTURE,**
**ANIMAL HUSBANDARY AND COOPERATIVE,**
**OFFICE OF ASSISTANT SEED TESTING OFFICER,**
**SEED TESTING LABORATORY, RANCHI, JHARKHAND**

**Very Short Re-Tender Notice for Invitation of Bids**

Sealed tender in prescribed Performa are invited in two way bid system- (1) Technical bid (2) Financial bid from manufacturers/authorized distributors/dealers/registered suppliers/reputed firms/government undertakings, separately for supply of **SEED GERMINATOR** to Seed Testing Laboratory, Ranchi, Jharkhand.

A Complete set of Tender Documents may be downloaded from website – www.atmaranchi.in & www.sameti.org

**Details are given below :-**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | **Tender Reference No.** | PR-290831 Agriculture, Animal Husbandry And Co-operative Department(22-23).D |
| 2. | **Name of Work** | Supply of Seed Germinator for Seed Testing Laboratory, Ranchi, Jharkhand. |
| 3. | **Tender Document Cost (Non- Refundable)** | Rs. 1000 |
| 4. | **Date of Publication of Tender Document on website** | 02.03.2023 |
| 5. | **Document Download Period Starts from** | 02.03.2023 |
| 6. | **Bid Submission Period** | 02.03.2023 to 10.03.2023 (1.00 PM ) |
| 7. | **Last date of submission of bid Tender Fee & EMD** | 10.03.2023 (1.00 PM ) |
| 8. | **Technical Bid Opening Date** | 10.03.2023 (2.00 PM ) |
| 9. | **Financial Bid Opening Date** | 10.03.2023 (4.00 PM) |
| 10. | **Place of Opening** | Office of Assistant Seed Testing Officer, Seed Testing Laboratory, Ranchi, Jharkhand. Krishi Bhawan Campus, Kanke Road, Ranchi Pin. No. - 834008, (Jharkhand) |
| 11. | **Name & Address of the Inviting Tender** | Office of Assistant Seed Testing Officer, Seed Testing Laboratory, Ranchi, Jharkhand. Krishi Bhawan Campus, Kanke Road, Ranchi Pin. No. - 834008, (Jharkhand) |

**Address for Communication, Place of Submission of Documents** Ashim Ranjan Ekka, Assistant Seed Testing Officer, Seed Testing Laboratory, Ranchi, Jharkhand.
Krishi Bhawan Campus, Kanke Road, Ranchi
Pin. No. - 834008, (Jharkhand) Contact No. 9113156250 (M)

**Assistant Seed Testing Officer,**
**Seed Testing Laboratory, Ranchi Jharkhand**

PR.NO.291582 Agriculture(22-23):D



**Office of the Chief Engineer**
**Central Design Organisation (CDO)**
**Drinking Water & Sanitation Department**
**Near Nepal House, Doranda Ranchi-834002**
**Email: dwsdcdo@gmail.com, website: dwsd.jharkhand.gov.in**

**RFP No- 01/CDO/Ranchi/Empanelment/2022-23 Dated: - 01.03.2023**

**Expression of Interest**

Inviting Expression of interest for empanelment of only indigenous manufacturers of Polypropylene Integrated Saddle with inbuilt Flow Control Valve to be included as recommended makes to be used in ongoing and forthcoming Water Supply Schemes funded by Jal Jeevan Mission / 15th Finance Funds / Funds from other sources in Jharkhand through Online bidding.

1. Date of uploading of EOI on http://jharkhandtenders.gov.in : 03.03.2023
2. Pre-Bid meeting at CDO, DW&SD,Jharkhand, Doranda, Ranchi-834002 : 10.03.2023 at 3.00 PM.
3. Last date & time of online submission : 18.03.2023 upto 06.00 PM
4. Time and last date & Place for submission of Hard Copy : 20.03.2023 Upto 3:00 PM, at CDO, DW&SD, Jharkhand, Doranda, Ranchi-834002. (Performance Guarantee & EOI application Fee should be submitted exclusively in physical form in sealed envelope)
5. Opening Date of Technical Bid : 20.03.2023 at 4.00 PM
6. EOI application Fee : Rs. 10,000/- only (non-refundable)
7. Helpline No. : +91 9504577191
8. EOI application Fee should be submitted in the shape of Bank DD in favour of **Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, Ranchi West** payable at **Ranchi**.
9. Performance Guarantee should be submitted in the shape of NSC / Bank FD (issued within Jharkhand) / Bank guarantee (from any Indian nationalized / scheduled bank) of Rs. 1,00,000/=( Rs One lakh only) pledged in favour of **Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, Ranchi West**. Performance Guarantee will be returned after the expiry of Five years, extendable as and when required from the date of empanelment and after satisfactory completion of work and routine maintenance after the order from Department based on recommendation of concerned Executive Engineers. Bank guarantee should be in standard format of concerned bank issuing it which must be legally valid for the prescribed period.
10. In the event date specified for receipt / opening declared a holiday, the due date for submission and opening, will be the following working day at the appointed time.
11. The Department reserves the right to cancel, revise or amend this notice or bid documents fully or partly prior to the last date notice for submission of offers or on any subsequent date
12. All legal disputes will be entertained within the jurisdiction of Jharkhand High Court, Ranchi.
13. Bid Documents / Any changes & Further details can be seen on website : http://jharkhandtenders.gov.in
14. All the documents must be submitted online in any pocket (cover) irrespective of specified pocket (cover). Hard copy of the same should be submitted at CDO office.

**Sd/-**
**(Sunil Kumar)**
**Executive Engineer (Quality Control),**
**CDO, DW&SD, Jharkhand, Ranchi**

**PR 291634 Drinking Water and Sanitation(22-23).D**

# सम शहर में शीर्ष मल्टी स्पेशियलिटी अस्पताल, पूर्व में तीसरा स्थान



## इनमें सुपर-स्पेशियलिटी परामर्श उपलब्ध

अस्पताल के नेफ्रोलॉजी, यूरोलॉजी, कार्डियोलॉजी, सीटीवीएस, क्लिनिकल हेमटोलॉजी, मेडिकल ऑन्कोलॉजी, सर्जिकल ऑन्कोलॉजी, हेमेटो ऑन्कोलॉजी, इम्यूनोलॉजी और रुमेटोलॉजी, बाल चिकित्सा सर्जरी, न्यूरोलॉजी, न्यूरोसर्जरी, गैस्ट्रो आंतों की सर्जरी, गैस्ट्रोएंटरोलॉजी और हेपेटोलॉजी प्लास्टिक और कॉस्मेटिक सर्जरी विभागों में न्यूनतम लागत पर सुपर-स्पेशियलिटी परामर्श उपलब्ध है।

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज और सम अस्पताल, शिक्षा 'ओ' अनुसंधान (सोआ) के चिकित्सा विज्ञान संकाय ने नवीनतम अखिल भारतीय मल्टी-स्पेशियलिटी में राजधानी शहर में शीर्ष मल्टी-स्पेशियलिटी अस्पतालों में अपना नंबर वन स्थान बनाये रखा है। टाइम्स ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित अस्पताल रैंकिंग सर्वेक्षण 2023 के दौरान 250 एमबीबीएस सीटों के साथ एक शिक्षण अस्पताल, आइएमएस और सम अस्पताल को भी सर्वेक्षण में पूर्वी क्षेत्र में तीसरे सर्वश्रेष्ठ मल्टी-स्पेशियलिटी अस्पताल का दर्जा दिया गया। मेडिकल कॉलेज, जिसमें सभी सुपर स्पेशियलिटी विभागों में एमसीएच और डीएम कार्यक्रमों के अलावा व्यापक विशिष्टताओं में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम हैं, उनको 2022 में राष्ट्रीय संस्थागत रैंकिंग फ्रेमवर्क (एनआइआरएफ) में देश में 18वें स्थान पर रखा गया था। भुवनेश्वर में शीर्ष उभरते अस्पतालों की श्रेणी में सम अल्टीमेट मेडिकेयर को ऐसे अस्पतालों में नंबर वन स्थान दिया गया है। 1600-बेड एनएबीएच मान्यता प्राप्त आइएमएस और सम अस्पताल बड़ी संख्या में अनुभवी डॉक्टरों और सुपर स्पेशियलिटी विशेषज्ञों के साथ अत्याधुनिक चिकित्सा देखभाल सेवायें प्रदान करता है। यह ओड़िशा का पहला अस्पताल है जिसने हड्डी रोग के मामलों के लिए बोन मैरो ट्रांसप्लांटेशन, लिवर ट्रांसप्लांटेशन और रोबोटिक सर्जरी जैसी अनूठी प्रक्रियाओं को सफलतापूर्वक पूरा किया है। अस्पताल में इलाज के लिए आने वाले लगभग 70 प्रतिशत मरीजों का राज्य प्रायोजित बीजू स्वास्थ्य कल्याण योजना (बीएसकेवाइ) के तहत मुफ्त इलाज किया जाता है।

# संबलपुर मंडल में आगामी अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर 'वॉकथॉन'




आजाद सिपाही संवाददाता

**संबलपुर।** पूर्व तट रेलवे, संबलपुर मंडल आगामी अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मद्देनजर 1 मार्च से 8 मार्च, 2023 तक अभियान चला रहा है क विशेष अभियान के दौरान विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। 1 मार्च 2023 को महिला सशक्तिकरण के संदेश को फैलाने के लिए रेलवे स्टेडियम से रेल नगर गेट तक 'वॉकथॉन' का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पूर्व तट रेलवे महिला कल्याण संगठन, संबलपुर की अध्यक्षा अंजनी सिंह ने रेलवे स्टेडियम से वॉकथॉन को झंडी दिखाकर रवाना किया कअपर मंडल रेल प्रबंधक, संबलपुर आनंद सिंह, महिला कल्याण संगठन, संबलपुर के सदस्य, रेलवे महिला कर्मचारी, अधिकारी और अन्य कर्मचारी भी इस वॉकथॉन में सक्रिय रूप से शामिल थे। इस सप्ताह के दौरान मनोरंजक कार्यक्रम, संगोष्ठी, कार्यशाला और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित करने की योजना है।

## वित्तीय वर्ष 2023 में एमसीएल ने 176 मिलियन टन कोयला प्रेषण लक्ष्य से अधिक किया

**संबलपुर (आजाद सिपाही)।** महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड ने वित्तीय वर्ष 2022-23 में उपभोक्ताओं को 176 मिलियन टन कोयला प्रेषण कर वार्षिक लक्ष्य हासिल कर लिया है। मंगलवार 28 फरवरी, 2023 को एमसीएल ने चालू वित्तीय वर्ष के लिए 176.11 मिलियन टन का कोयला प्रेषण दर्ज करके अपने वार्षिक लक्ष्य को पार कर लिया है, जो कि पिछले वित्तीय वर्ष 2021-22 की समान अवधि के मुकाबले में 10 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है। एमसीएल द्वारा भेजे गये कुल कोयले का 77 प्रतिशत से अधिक बिजली क्षेत्र को भेजा गया जो देश में ऊर्जा की बढ़ती मांग को पूरा करने में प्रमुख भूमिका निभा रहा है। वित्तीय वर्ष 2022-23 में एमसीएल की इस ऐतिहासिक प्रदर्शन एवं नयी उपलब्धि हसिल करने पर ओपी सिंह, अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक ने टीम एमसीएल को बधाई दी।









# नीट-2023 की तैयारी इस तरह करें: बिपिन सिंह



**रांची।** नीट 2023 की परीक्षा मई 07 को होने जा रही है। परीक्षा की तिथि करीब आने के साथ छात्रों में अपनी तैयारी को लेकर घबराहट बढ़ती जा रही है। उन्हें यह समझना मुश्किल हो रहा है कि अब अंतिम समय में तैयारी को अंतिम रूप कैसे दें। छात्रों की इस उलझी हुई कड़ी को सुलझाने के लिए हमने बात की पिछले 25 वर्षों से छात्रों को दिशा निर्देश दे रहे गोल इंस्टीट्यूट के फाउंडर एवं मैनेजिंग डायरेक्टर बिपीन सिंह से पेश है बातचीत के कुछ महत्वपूर्ण अंश

### पढ़ाई के दौरान टाइम मैनेजमेंट आवश्यक

अंतिम के समय में छात्रों को यह नहीं पता चलता कि किस समय कौन सा विषय पढ़ें। कभी कभी छात्र एक ही विषय की पढ़ाई पूरे दिन करते रहते हैं। ऐसे में समय प्रबंधन सही से नहीं हो पाने के वजह से छात्र सभी विषयों में सामंजस्य स्थापित नहीं कर पाते। अभी के समय में छात्रों के पास एक लिखित प्लान होना चाहिए जिसमें फिजिक्स, केमीस्ट्री और बॉयोलॉजी तीनों विषयों के लिए अलग-अलग समय निर्धारित हो। प्रत्येक दिन तीनों विषय पढ़ना आवश्यक है।

### बायोलॉजी के रीविजन पर सबसे ज्यादा समय दें छात्र

नीट में 50% प्रश्न बायोलॉजी से आते हैं, और इसके ज्यादातर प्रश्न मेमोरी बेस्ड होते हैं एवं एनसीइआरटी से पूछे जाते हैं। इसलिए अंतिम के समय में बायोलॉजी पर ज्यादातर समय देते हुए एनसीईआरटी को रिवाइज करें एवं एनसीइआरटी बेस्ड प्रश्नों से अभ्यास करें। कुछ महत्वपूर्ण याद रखने योग्य प्वाइंट्स को नोटबुक में नोट कर उसका नियमित रीविजन करें ।

### केमिस्ट्री में ऑरगेनिक एवं इनऑरगेनिक पार्ट पर ज्यादा समय दें

पिछले कुछ वर्षों से नीट में फिजिकल, ऑरगेनिक एवं इनऑरगेनिक तीनों पार्ट से लगभग बराबर प्रश्न पूछे जा रहे हैं। ऐसे में छात्रों के लिए यह ज्यादा जरूरी है कि इनऑरगेनिक एवं ऑरगेनिक के पार्ट का रिविजन ज्यादा करें ताकि मेमोरी बेस्ड पार्ट से संबंधित प्रश्नों में गलती होने की संभावना कम हो। ऑरगेनिक एवं इनऑरगेनिक के लिए छात्रों में एनसीइआरटी से ही रीविजन करना चाहिए क्योंकि ज्यादातर प्रश्न इसी पुस्तक से पूछा जाता है। छात्र अपने शिक्षक द्वारा लिखवाए गए नोट्स का भी उपयोग कर सकते हैं।

### फिजिक्स में फॉर्मूला रिवीजन एवं प्रश्नों का अभ्यास आवश्यक

अंतिम के समय में फिजिक्स के महत्वपूर्ण फॉरमूला को रीविजन के साथ-साथ महत्वपूर्ण प्रश्नों का अभ्यास आवश्यक है। नीट के पुराने रिकार्ड के अनुसार मॉडर्न, करेंट, मैगनेट, लाइट, हीट एवं थर्मोर्डायनेमिक्स जैसे चैप्टर्स से सबसे ज्यादा प्रश्न पूछे जाते हैं इसलिए इन चैप्टर्स पर अंतिम समय में अवश्य ध्यान रखें।

### नीट एवं एआइपीएमटी में पिछले 10 वर्षों में पूछे गये प्रश्नों से करें अभ्यास

अपने स्पीड एवं एक्युरेसी को बढ़ाने के लिए और साथ ही पिछले वर्षों के कॉम्पीटीशन में पूछे गए प्रश्नों का कॉन्सेप्ट सिखने के लिए प्रत्येक दिन समय निर्धारित कर नीट में पूछे गए 1 पेपर को सॉल्व करें। साथ में जो प्रश्नों को बनाने में कठीनाई हो उसे डिस्कशन के मदद से या शिक्षक से मदद लेकर सॉल्व करें एवं महत्वपूर्ण बिंदुओं का नोट्स तैयार करें।

किसी रिजल्ट ऑरिएण्टेड इन्स्टीट्यूट के निगरानी में टेस्ट के माध्यम से अपने तैयारी की जांच करें।

अपने किए गए तैयारी का असेस्मेंट बहुत आवश्यक है ताकि उसके द्वारा समय रहते अपने कमियों को जान कर उसे कम करने की कोशिश करें। इसलिए जो इन्स्टीट्यूट कई वर्षों के एक्सपीरियंस के साथ नीट के पैटर्न से बिल्कुल मिलता-जुलता टेस्ट लेता हो वहाँ टेस्ट के माध्यम से खुद को इम्प्रूव करने को कोशिश करें

### आत्मविश्वास एवं धैर्य के साथ प्रगति पथ पर आगे बढ़ें

जिस तरह हमारे शरीर को खाने से ऊर्जा मिलता है उसी तरह हमारे मस्तिष्क को अच्छे विचारों से उर्जा मिलता है, इसलिए अपने सोच को हमेशा पॉजिटिव बनाये रखें। आत्मविश्वास के साथ अपने बनाए गए प्लान पर अमल करें एवं साथ ही अच्छा रिजल्ट लाने के लिए धैर्य रखें। अपने दिमाग को शांत रखने के लिए योगाभ्यास करें, संतुलित आहार लें एवं अच्छे लोगों के संपर्क में रहें। आत्मविश्वास एवं धैर्य के साथ किये गये सतत प्रयास से सफलता अवश्य मिलेगी। हमारी शुभकामानायें आप सभी छात्रों के साथ है।


















# सोआ उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित

**भुवनेश्वर।** भीर्णक्षम के लिए स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए शिक्षा और अनुसंधान (सोआ) को ' तृतीय बीआरएम आशा' पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह सम्मान सोआ और उसके द्वारा संचालित चिकित्सा विज्ञान संस्थान और सम अस्पताल को संयुक्त रूप से दिया गया है। सोआ की ओर से लोकसंपर्क अधिकारी शुभदर्शिनी मिश्र ने सम्मान ग्रहण किया। पिछले साल अप्रैल में एजुकेशन एंड रिसर्च (सोआ) के कैंपस 4 में स्पेशल ओलंपिक भारत की ओर से देश के 126 अलग-अलग जगहों पर करीब 7500 भीर्णक्षम बच्चों ने एक मिनट के लिए जॉगिंग कर गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में नाम दर्ज कराया। इस कार्यक्रम में करीब 500 बच्चों ने भाग लिया। आयोजन अधिकारियों ने सोआ के इस सहयोग के लिए सम्मानित और धन्यवाद व्यक्त किया। इसी तरह आइएमएस एंड सम हॉस्पिटल की फिजियोथेरेपी विभाग के मुख्य की डॉक्टर स्थित प्रज्ञा दलबेहेरा को भी स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में योगदान के लिए विशेष रूप से सम्मानित किया गया। अन्य लोगों में भुवनेश्वर उत्तर के विधायक सुशांत कुमार राउत और बीएमसी की मेयर सुलोचना दास मौजूद रहीं और उनको सम्मानित किया। इस के साथ प्रकाश रथ ओएलएस के सीइओ और बीआरएम आशा के संपादक, संस्थापक डॉ. कस्तूरी महापात्र, अध्यक्ष डॉ. अजीत महांती, संपादक डॉ. प्रताप रथ और उपाध्यक्ष प्रदिप्त रथ उपस्थित थे। भीर्णक्षम बच्चों ने बीआरएम आशा के सम्मान में ओपन लर्निंग सिस्टम्स के वार्षिक उत्सव के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया।






## किसी भी संग्रहालय का प्रवेश शुल्क 10 रुपये से अधिक नहीं होगा: सीएम

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** ओड़िशा कला की भूमि, हमारी कला, संस्कृति ने पूरे विश्व में ओड़िशा की एक अलग पहचान बनायी है। हमारी इस ऐतिह संरक्षण और प्रचार प्रसार के लिए संग्रहालयों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभायी है। ताकि जनता, विशेषकर युवा समाज, छात्र समाज और पर्यटक हमारी कला और संस्कृति से भली भांति परिचित हो सकें, मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने निर्देश दिया है कि प्रदेश में किसी भी संग्रहालय का प्रवेश शुल्क 10 रुपये से अधिक नहीं होना चाहिए। साथ ही मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया है कि छात्रों, शिल्पकारों और बुनकरों के लिए संग्रहालय में प्रवेश के लिए कोई शुल्क नहीं लिया जायेगा। मुख्यमंत्री ने हमारे राज्य में संग्रहालयों को और अधिक लोकप्रिय बनाने के लिए कदम उठाने के भी निर्देश दिए हैं और पर्यटकों को उनके दर्शन करने का मौका मिल सके। गौरतलब है कि भुवनेश्वर में राज्य संग्रहालय के साथ-साथ कला भूमि, आदिवासी संस्कृति और अनुसंधान संग्रहालय, कटक में समुद्री संग्रहालय और विभिन्न जिलों में कई संग्रहालय हैं। मुख्यमंत्री के इस फैसले से उन्हें लोकप्रिय बनाने और पर्यटकों को आकर्षित करने में मदद मिलने की उम्मीद है।







आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**